*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
11 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 322

आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

जी-20 शिखर सम्मेलन से दुनिया में बजा मोदी का डंका

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डलीय
रोजगार मेला
(ऑफर लेटर वितरण)

लगभग **11,850** युवाओं को मिलेगा ऑफर लेटर

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी
माननीय सांसद, कोडरमा लोकसभा
सह शिक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार

श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास,
ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण
एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड

श्रीमती बेबी देवी
माननीय मंत्री, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग,
झारखण्ड

सम्मानित अतिथि

माननीय सांसदगण एवं माननीय विधायकगण
उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, झारखण्ड

दिनांक: 11 सितंबर, 2023 | समय: अपराह्न 1 बजे
स्थान: विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

P. R. 306557 (Labour Employment and Traning) 23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,000 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 11 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in

जी-20 शिखर सम्मेलन से दुनिया में बजा मोदी का डंका

■ यादगार आयोजन बन गया पीएम मोदी का बड़ा 'मास्टर स्ट्रोक'

■ साझा घोषणा पत्र जारी कर भारत ने दिखायी कूटनीतिक ताकत

■ न चीन हुआ दुखी और न रूस परेशान, हर कोई हो गया संतुष्ट

भारत की अध्यक्षता में एक साल से चल रहा जी-20 सम्मेलन रविवार को साझा नयी दिल्ली घोषणा पत्र जारी करने के साथ संपन्न हो गया। इस शिखर सम्मेलन के फलाफल की विवेचना आनेवाले दिनों में होती रहेगी, लेकिन इस भव्य कूटनीतिक आयोजन की सबसे बड़ी कामयाबी यह रही कि इसने दुनिया में भारत के सामर्थ्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति का डंका बजा दिया। शिखर सम्मेलन में सभी सदस्य देशों द्वारा नयी दिल्ली घोषणा पत्र पर सहमत होना भारत की बहुत बड़ी कामयाबी है। पीएम मोदी ने शिखर सम्मेलन के पहले दिन दूसरे सत्र में यह एलान किया, उनके चेहरे पर गर्व, संतोष और विजय का भाव था। यह साझा घोषणा पत्र इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच संयुक्त घोषणा पत्र पर आम सहमति बनाना मेजबान भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक परीक्षा थी, जिसमें वह पास हुआ। 24 घंटे पहले तक जो असंभव दिख रहा था, उसे भारत की कूटनीति ने संभव बना दिया। एक तरफ अमेरिका और यूरोपीय देश, तो दूसरी तरफ रूस और चीन। एक की जिद यह कि साझा घोषणा पत्र में यूक्रेन युद्ध के लिए रूस की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा हो, तो दूसरे की जिद यह कि युद्ध का जिक्र ही न हो। यह घोषणा पत्र न सिर्फ भारत की कूटनीतिक जीत है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए घरेलू राजनीति के लिहाज से भी बहुत बड़ी कामयाबी है। इतना ही नहीं, पीएम मोदी ने शिखर सम्मेलन के शानदार आयोजन से दुनिया के सामने भारत के सामर्थ्य का काबिले-तारीफ प्रदर्शन कर बताया है कि नये भारत में क्या हो रहा है। जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन के उद्देश्यों के अलावा इसकी कूटनीतिक सफलता के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।

आजाद सिपाही विशेष

राकेश सिंह

नयी दिल्ली में आजाद भारत का सबसे बड़ा कूटनीतिक आयोजन, यानी जी-20 शिखर सम्मेलन पूरी दुनिया में भारत के सामर्थ्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति का डंका बजाते हुए संपन्न हो गया। करीब सालभर चली ऋ्जी-20 की बैठकों में यह संदेह लगातार बना रहा कि जब शिखर सम्मेलन होगा, तो क्या अंतिम घोषणा पत्र यानी डिक्लेरेशन को सभी सदस्य देशों की मंजूरी मिल पायेगी। जब चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दिल्ली पहुंचने में असमर्थता जतायी, तो वह संदेह और अधिक पुख्ता हो गया। यहां तक कि शिखर सम्मेलन के दौरान भी यह सवाल हवा में तैरता रहा। लेकिन शिखर सम्मेलन के पहले ही दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मास्टर स्ट्रोक लगा दिया। घोषणा पत्र पर सभी देशों की सहमति बन गयी। न चीन दुखी हुआ, न रूस परेशान हुआ। भारत ने जी-20 के सभी देशों को खुश कर दिया। इतना ही नहीं, जी-20 के पिछले वर्ष हुए सम्मेलन में अफ्रीकी संघ ने इस समूह में शामिल करने का आग्रह किया था। दिल्ली में सभी सदस्य देशों की मौजूदगी में पीएम मोदी ने अफ्रीकी संघ को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाने की घोषणा कर दी। सभी सदस्य देशों ने इसका स्वागत किया।

पहले ही दिन मोदी की घोषणा

शिखर सम्मेलन के पहले ही दिन दूसरे सत्र की शुरुआत में पीएम मोदी ने विदेशी मेहमानों को संबोधित करते हुए कहा, नयी दिल्ली जी-20 घोषणा पत्र पर सहमति बनी है। इसके बाद मोदी ने कहा, मैं चाहता हूं कि इस घोषणा पत्र को अंगीकृत कर लिया जाये। कुछ ही देर बाद मोदी ने घोषणा कर दी कि दिल्ली घोषणा पत्र को मंजूर कर लिया गया है। भारत की अध्यक्षता में हो रहे शिखर सम्मेलन में यह एक बड़ी जीत थी।

साझा घोषणा पत्र क्यों है अहम

किसी भी अंतरराष्ट्रीय संगठन के शिखर सम्मेलन में सभी सदस्य देशों की तरफ से साझा घोषणा पत्र या साझा बयान जारी करना बहुत ही सामान्य बात होती है। इतना सामान्य, जैसे कोई रस्म हो। फिर नयी दिल्ली जी-20 घोषणा पत्र में क्या खास था और यह भारत की बड़ी सफलता क्यों है। इस सवाल का जवाब है रूस-यूक्रेन युद्ध पर सदस्य देशों के बीच गहरी खाई। पिछले साल इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन हुआ था और यूक्रेन युद्ध के बावजूद सभी सदस्य देश संयुक्त घोषणा पत्र पर सहमत हुए थे। लेकिन उसके बाद परिस्थितियां बदलीं। इस साल भारत को जी-20 की मेजबानी मिली, लेकिन इसकी बैठकों पर रूस-यूक्रेन युद्ध का साया मंडराता रहा। जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक हो या वित्त मंत्रियों की, संयुक्त बयान के बिना खत्म हुई। रूस और चीन ने यूक्रेन युद्ध, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा के मुद्दों पर अड़ियल रवैया अपनाया, जिससे मंत्रियों की पिछली बैठकों में साझा बयानों पर सहमति नहीं बन पायी थी।

क्या थी घोषणा पत्र में अड़चन

नयी दिल्ली शिखर सम्मेलन शुरू होने से पहले तक संयुक्त घोषणा पत्र मुमकिन नहीं दिख रहा था। इस पर सहमति नहीं बन पा रही थी कि यूक्रेन युद्ध का जिक्र किस तरह किया जाये। इसके मसौदे में भू-राजनीतिक परिस्थिति का खंड खाली पड़ा हुआ था। यूरोपीय देश यूक्रेन पर हमले के लिए रूस की निंदा में कड़े से कड़े शब्द के इस्तेमाल पर अड़े थे। दूसरी तरफ रूस और चीन घोषणा पत्र में युद्ध के जिक्र तक के खिलाफ थे। लेकिन भारतीय कूटनीति ने इस राजनयिक खेल में पासा पलट दिया। भारतीय टीम ने घोषणा पत्र के मसौदे के उस पैराग्राफ में बदलाव किया, जिसमें यूक्रेन युद्ध का जिक्र था। संशोधित मसौदा सभी जी-20 नेताओं को भेजा गया और आखिरकार इस पर सहमति बन गयी।

क्या है घोषणा पत्र में

भारत की कूटनीति ने दोस्त रूस की भी लाज रख ली। साझा घोषणा पत्र में यूक्रेन युद्ध का जिक्र जरूर है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं, बल्कि 'यूक्रेन में युद्ध' के तौर पर। इसमें पिछले साल के बाली घोषणा पत्र की भाषा के मुकाबले इसका सुर बहुत ही नरम है। नयी दिल्ली घोषणा पत्र में कहीं भी रूसी आक्रमण का सीधा जिक्र नहीं है, बल्कि यह कहा गया कि सभी देश धमकी या ताकत के इस्तेमाल से बचेंगे।

चीन को भी अप्रत्यक्ष तौर से दे दिया संदेश

पीएम मोदी ने जब घोषणा पत्र स्वीकार होने की बात कही, तो उसकी झलक दस्तावेज में भी दिखाई पड़ी। घोषणा पत्र के नौवें पैराग्राफ में लिखा है, हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि जी-20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच है। यह समूह भू-राजनीतिक और सुरक्षा मुद्दों को हल करने का मंच नहीं है। हालांकि हम स्वीकार करते हैं कि इन मुद्दों का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण परिणाम हो सकता है। भारत ने यह बात कह कर चीन और रूस, दोनों को संदेश दे दिया। हालांकि चीन का कहीं नाम नहीं लिया।

रूस-यूक्रेन के लिए भी कह दी ये बात

इसके बाद 13वें पैराग्राफ में लिखा, हम सभी देशों से क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को, अंतरराष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक बनाये रखने की अपील करते हैं। मानवीय कानून, शांति और स्थिरता की रक्षा करने वाली बहुपक्षीय प्रणाली सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों को बनाये रखने का आह्वान करते हैं। विभिन्न देशों के मध्य संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान और संकटों के हल के लिए प्रयास करने के साथ ही कूटनीति और संवाद महत्वपूर्ण हैं। हम वैश्विक अर्थव्यवस्था पर युद्ध के प्रतिकूल प्रभाव को संबोधित करने के अपने प्रयास में एकजुट होंगे। यूक्रेन में व्यापक एवं न्यायसंगत और टिकाऊ शांति का समर्थन करने वाली सभी प्रासंगिक और रचनात्मक पहलों का स्वागत करेंगे। बशर्ते, ये सभी पहल संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सभी उद्देश्यों और सिद्धांतों को कायम रखें। एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य की भावना से राष्ट्रों के बीच शांतिपूर्ण, मैत्रीपूर्ण और अच्छे पड़ोसी संबंधों को बढ़ावा देना होगा।

और मोदी ने अपनी गारंटी पूरी की

पीएम मोदी ने जी-20 सम्मेलन के पहले सत्र में कहा था कि 21वीं सदी दुनिया को नयी दिशा देने का समय है। पहले सत्र के बाद जब घोषणा पत्र पर सहमति बनी, तो पीएम मोदी ने अपनी एक गारंटी पूरी करने की घोषणा भी कर दी। पिछले साल इंडोनेशिया में हुए सम्मेलन में अफ्रीकन यूनियन ने पीएम मोदी से आग्रह किया था कि उसे भी समूह का सदस्य बनाया जाये। इस पर पीएम मोदी ने उन्हें गारंटी दी थी कि वह अफ्रीकन यूनियन को जी-20 का सदस्य बनवायेंगे। बैठक के पहले सत्र में नाइजीरिया के राष्ट्रपति ने स्थायी सदस्य बनने पर अफ्रीकन यूनियन को बधाई दी। कूटनीति के जानकारों का कहना है कि यही मोदी का मास्टर स्ट्रोक है। पहले रूस और चीन को नाराज नहीं होने दिया और दूसरा अफ्रीकन यूनियन को जी-20 में शामिल कर चीन के दबदबे को नियंत्रण में रखने का अप्रत्यक्ष संदेश दे दिया।

2024 में पीएम मोदी के लिए बूस्टर होगी यह कूटनीतिक जीत

नयी दिल्ली घोषणा पत्र न सिर्फ भारत की कूटनीतिक जीत है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए घरेलू राजनीति के लिहाज से भी बहुत बड़ी कामयाबी है। जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 के चुनाव में भी भुनाने की कोशिश करेंगे। अगर साझा घोषणा पत्र जारी नहीं होता, तो शिखर सम्मेलन की कामयाबी पर एक बड़ा दाग लग जाता। विपक्ष को हमले का मौका मिल जाता, लेकिन नयी दिल्ली घोषणा पत्र ने जी-20 पर विपक्ष की आलोचनाओं को भी भोथरा बना दिया है।

पांच हजार शिक्षकों को सम्मानित कर पासवा ने कीर्तिमान बनाया

शिक्षित समाज के निर्माण के लिए शिक्षकों का सम्मान आवश्यक: रवींद्रनाथ महतो

विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, डीएवी के पूर्व निदेशक एलआर सैनी के हाथों मिला सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। शिक्षक दिवस के अवसर पर पासवा के तत्वावधान में 11वां राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार, मोराबादी रांची में किया गया। इस अवसर पर राज्य के लगभग पांच हजार शिक्षकों को सम्मानित किया गया, यह अपने आपमें रिकार्ड है। राज्य में शिक्षकों के लिए आयोजित राज्य के सबसे बड़े शिक्षक सम्मान समारोह में झारखंड के विभिन्न हिस्सों से आये लगभग पांच हजार से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया गया। प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन पासवा द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, राज्य के वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा, डीएवी मैनेजिंग कमेटी के पूर्व निदेशक एलआर सैनी, पासवा के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे, राष्ट्रपति पुरस्कार अवार्ड से सम्मानित सुश्री फलक फातिमा, पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज कुमार, संजय प्रसाद, महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा, राशिद अंसारी, अल्ताफ अंसारी सहित पासवा के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धासुमन अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर दो सौ प्रिंसिपल और डायरेक्टर को भी सम्मानित किया गया तथा झारखंड के विभिन्न जिलों से आये 5000 से अधिक निजी विद्यालयों के शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए मोमेंटो, सर्टिफिकेट औरअंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों का सम्मान होना चाहिए, समाज जो आगे बढ़ रहा है या बढ़ता है, उसमें शिक्षकों का योगदान होता है। अच्छे शिक्षकों की शिक्षा की वजह से ही बेहतर और शिक्षित समाज का निर्माण होता है, शिक्षक तो बड़े-बड़े काम किये हैं, साम्राज्य की स्थापना की है, देश का पहला साम्राज्य शिक्षक चाणक्य के कारण ही बना था। भगवान बुद्ध को भी शिक्षक कहा जायेगा। उन्होंने कहा कि पासवा की ऐसा पहल की सराहना होनी चाहिए और प्रतिवर्ष शिक्षकों को सम्मान मिलना चाहिए ।

शिक्षक ही हैं आदर्श समाज के शिल्पकार: डॉ रामेश्वर उरांव

झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने इस अवसर पर व्यक्ति के जीवन में शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज कोई भी व्यक्ति समाज के जिस पद पर भी पहुंचा है निश्चित रूप से उसमें उन शिक्षकों का ही योगदान है, जिन्होंने उन्हें गढ़ा है। अपने विद्यार्थी जीवन के संस्मरण को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि वह खुद अपने प्राइमरी कक्षा से उच्च कक्षा तक की पढ़ाई में शिक्षकों के योगदान को नहीं भूल सकते और प्रत्येक व्यक्ति के जीवन काल में जो भी शिक्षक गण आये हैं ,उनका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों के कर्तव्यों को भी समझाते हुए कहा कि प्रत्येक शिक्षक की यह जिम्मेवारी है कि वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन इस तरह से करे कि समाज के लिए आदर्श नागरिक बन सके, तभी देश प्रगति कर सकता है। उन्होंने प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन की प्रशंसा की।

सुदृढ़ शिक्षा में निजी स्कूलों के शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण: आलोक दुबे

पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि 2011 से ही पासवा द्वारा शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। आज का यह कार्यक्रम निश्चित रूप से ऐतिहासिक है और झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान करेगा। उन्होंने निजी विद्यालयों को आरटीई की कठिन शर्तों से हो रही परेशानियां पर विचार व्यक्त करते हुए स्पष्ट तौर पर कहा कि निजी विद्यालय झारखंड में ग्रामीण शिक्षण व्यवस्था की रीढ़ हैं, यह बहुत ही सीमित संसाधन में शिक्षा प्रदान करते हैं, इन पर कठिन शर्तों की बजाय इनका उत्साह वर्धन आवश्यक है।

बच्चों को मोबाइल से दूर और पुस्तकों से जोड़ने की आवश्यकता : अजीत सिन्हा

रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा ने छात्रों में रीडिंग हैबिट पर बल देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बदलती परिस्थिति में बच्चों को किताब से जोड़ने की आवश्यकता है। किंतु वर्तमान स्थिति में शिक्षा में मोबाइल फोन का इस्तेमाल एक बड़ी चुनौती है। इसका व्यापक असर बच्चों में हो रहा है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट से कई जानकारियां हमें मिल रही हैं, इसका सदुपयोग भी हो रहा है, लेकिन अभिभावकों को हमेशा ही बच्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता है और बिना काम के उनके हाथों में मोबाइल नहीं दिया जाना चाहिए। समारोह को संबोधित करनेवालों में डीएवी मैनेजिंग कमेटी के निदेशक एलआर सैनी, सुश्री फलक फातिमा, डॉ सुषमा केरकेट्टा, मोहम्मद रशीद अंसारी आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम का संचालन पासवा वोलेंटियर्स मनीष पाठक, प्रियम सिन्हा एवं नंदिनी चन्द्रा ने किया।

www.epaper.azadsipahi.in

11 सितंबर, 2023
भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 322

दिल्ली में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और पीएम मोदी के साथ सीएम हेमंत सोरेन।

मोदी की गारंटी से खुला भारत के 'महाशक्ति' बनने का रास्ता

प्रधानमंत्री ने ब्राजील को जी-20 की अध्यक्षता सौंपी, बधाई दी

- नरेंद्र मोदी ने कहा, स्वस्ति अस्तु विश्वस्य
- लूला डा सिल्वा बोले, भुखमरी के खिलाफ लड़ेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। जी-20 शिखर सम्मेलन के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 की अध्यक्षता ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा को सौंप दी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन के समापन का एलान किया। ब्राजील अगले साल होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा। प्रधानमंत्री ने संस्कृत भाषा में कहा, 'स्वस्ति अस्तु विश्वस्य'! यानी संपूर्ण विश्व में आशा और शांति का संचार हो।

शिखर सम्मेलन में मौजूद विश्व की पांच महाशक्तियों के बीच जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपनी एक गारंटी पूरी करने को कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की एक बड़ी जीत बताया जा रहा है। मोदी की एक गारंटी ने भारत के महाशक्ति बनने का रास्ता खोल दिया है। सम्मेलन के आखिरी सत्र के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया बदल रही है, इसके साथ दुनिया के संस्थानों को भी बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अभी तक उतने ही सदस्य हैं, जितने इसकी स्थापना के वक्त थे। स्थायी देशों की संख्या बढ़नी चाहिए। इसके बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा ने कहा कि गरीब देशों की कर्ज की समस्या पर ध्यान देना होगा। दुनिया को भुखमरी खत्म करने की कोशिश बढ़ानी होगी।

लूला डा सिल्वा को अध्यक्षता सौंपते वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दो दिनों में आप सभी ने अनेक बातें यहां रखी हैं। सुझाव दिये हैं। बहुत सारे प्रस्ताव रखे हैं। हमारी यह जिम्मेदारी है कि जो सुझाव आये हैं, उनको भी एक बार फिर देखा जाये कि उनकी प्रगति में गति कैसे लायी जा सकती है। मेरा प्रस्ताव है कि हम नवंबर के अंत में जी-20 शिखर सम्मेलन का एक आभासी सत्र और रखें। उस सत्र में हम इस शिखर सम्मेलन के दौरान तय विषयों की समीक्षा कर सकते हैं।

अध्यक्षता मिलने के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि आज महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते वक्त मैं काफी भावुक हो गया था। सब जानते हैं कि मेरे राजनीतिक जीवन में महात्मा गांधी का कितना महत्व है। उन्होंने कहा कि ब्राजील की प्रेसिडेंसी की तीन प्राथमिकताएं होंगी। पहली सामाजिक न्याय और भुखमरी के खिलाफ लड़ाई, दूसरी सतत विकास और तीसरा दुनिया के संस्थानों में बदलाव।

नयी दिल्ली में रविवार को ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा को जी-20 की अध्यक्षता सौंपते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

'क्वाड' की बैठक हुई, तो फिर सजेगा भारत का वैश्विक मंच

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन रविवार को बेशक वियतनाम के लिए रवाना हो गये, अब भारत को उनके अगले साल जनवरी में आने का इंतजार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाइडन को जनवरी 2024 में भारत आने का न्यौता दिया है। जो बाइडन ने सहृदयता के साथ इसे स्वीकार कर लिया है। भारत की कोशिश है कि जनवरी 2024 में क्वाड के दो अन्य सदस्य देश जापान और आस्ट्रेलिया भी भारत आयें, जो बाइडन गणतंत्र दिवस के मेहमान बनें और भारत में गणतंत्र दिवस के आसपास क्वाड की बैठक हो। यह नयी दिल्ली की एक बड़ी कूटनीतिक कोशिश है। चीन इस फोरम को नापसंद करता आया है। वह इसे अपने विरुद्ध इन देशों की गोलबंदी मानता है। कूटनीतिक गलियारे में माना जाता है कि भारत और अमेरिका के रिश्ते पर चीन की नजर रहती है। चीन इसे अमेरिका के साथ जारी व्यापार युद्ध की प्रतिद्वंद्विता के रूप में देखता है। एशिया में चीन के बाद भारत के पास ही हर मोर्चे पर दूसरे नंबर की क्षमता है। हालांकि अमेरिका, चीन और भारत के रिश्ते में आपसी विश्वास का संकट भी है। विदेश मंत्रालय के कई पूर्व राजनयिक इस विश्वास के संकट की संभावना से इनकार नहीं करते। एक पूर्व विदेश सचिव कहते हैं कि इस समय अमेरिका और चीन का लक्ष्य अलग-अलग है। इसका असर दोनों देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। दोनों बड़े देश अपनी-अपनी गोलबंदी में जुटे हैं। चीन की सऊदी अरब समेत कई देशों से करीबी बढ़ रही है। यह अमेरिका को पसंद नहीं आ रहा है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की तरह ही चीन के भी बाजार और अर्थव्यवस्था पर भारी दबाव है। वहां बेरोजगारी और घरेलू समस्या बढ़ रही है। और इन सभी का एक बड़ा कारण अमेरिका और चीन की आपसी दूरी है। लेकिन यदि दोनों देशों में पहले की तरह आपसी रिश्ते फिर पटरी पर आ गये, तो फिर भू-राजनीतिक परिस्थिति बदल जायेगी।

जनवरी 2024 में आयेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन

पीएम ने कूटनीतिक मोर्चे पर जीता बड़ा दांव

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। जी-20 शिखर सम्मेलन में मौजूद विश्व की पांच महाशक्तियों के बीच जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक गारंटी के माध्यम से अब भारत दुनिया को साधने के करीब पहुंच गया है। अफ्रीकन यूनियन (एयू) को जी-20 की सदस्यता दिलाना आसान नहीं था, लेकिन भारत की अध्यक्षता में पांचों महाशक्तियों, अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस की मौजूदगी में पीएम मोदी ने जब अफ्रीकन यूनियन को जी-20 की सदस्यता देने की घोषणा की, तो इसे कूटनीतिक मोर्चे पर एक बड़ा कदम माना गया। इस कूटनीतिक जीत का फायदा आने वाले समय में भारत को मिल सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद में भारत के लिए स्थायी सदस्यता की दावेदारी अब और ज्यादा मजबूत हो जायेगी।

दरअसल, शनिवार को जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन जब 'नयी दिल्ली घोषणा पत्र' के स्वीकार होने की घोषणा हुई, तो विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने 'मोदी की गारंटी' का खुलासा किया था। उनसे सवाल पूछा गया था कि अफ्रीकन यूनियन को जी-20 में शामिल करने के दौरान किस तरह की दिक्कतें सामने आयी थीं। डॉ जयशंकर का कहना था कि गत वर्ष इंडोनेशिया में हुए सम्मेलन में अफ्रीकन यूनियन ने पीएम मोदी से आग्रह किया था कि उसे भी समूह का सदस्य बनाया जाये। इस पर पीएम मोदी ने उन्हें गारंटी दी थी कि वह अफ्रीकन यूनियन को जी-20 का सदस्य बनवायेंगे। अब पीएम मोदी ने वह गारंटी पूरी कर दी है। जानकारों का कहना है कि अफ्रीकन यूनियन को जी-20 की स्थायी सदस्यता दिलाना आसान नहीं था। इस बाबत रूस और चीन का रुख कुछ अलग था। चीन को जी-20 का विस्तार पसंद नहीं था। वजह इससे ग्लोबल साउथ में उसका कद प्रभावित होता है। करीब एक दशक से चीन का फोकस ऐसे देशों पर रहा है, जो अमेरिका, ब्रिटेन या भारत के ज्यादा करीब नहीं हैं। ऐसे देशों को चीन उन समूहों का सदस्य बनवाने की कोशिश कर रहा है, जो उसके प्रभाव में हैं। भारत ने यहीं पर कूटनीतिक दांव चला और अफ्रीकी यूनियन को जी-20 का सदस्य बनवा दिया। चीन का प्रयास था कि वह अफ्रीकी संघ के देशों में भारी निवेश के माध्यम से अपने आर्थिक लक्ष्यों की पूर्ति करे। अब चीन उन देशों का शोषण करने की साजिश में सफल नहीं हो सकेगा। अफ्रीकी यूनियन के 55 देशों के प्राकृतिक संसाधन चीन के प्रभाव में आने से बच जायेंगे।

न्यूज रील्स

ब्रिटिश पीएम सुनक ने पत्नी अक्षता के साथ अक्षरधाम मंदिर देखा

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक अपनी पत्नी अक्षता मूर्ति के साथ रविवार को दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर पहुंचे। स्वामीनारायण मंदिर के मुख्य पुजारी ने दोनों का स्वागत किया और फिर उन्हें मुख्य मंदिर में ले जाकर पूजा करवायी। ऋषि और उनकी पत्नी 45 मिनट मंदिर में रहे। उन्होंने मुख्य मंदिर के पीछे स्थित एक और मंदिर में जलाभिषेक किया। उनकी सुरक्षा को लेकर मंदिर के अंदर और बाहर कड़े इंतजाम किये गये थे। सुनक रविवार देर शाम ब्रिटेन के लिये रवाना हो गये ।

भारत की अध्यक्षता में जी-20 बना जी-21

नयी दिल्ली। नौ सितंबर को दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफ्रीकन यूनियन के जी-20 में शामिल होने की घोषणा की। इसके साथ ही 26 साल पहले 1997 में बना जी-20 अब जी-21 बन गया है। अफ्रीकन यूनियन वह संगठन है, जो 1963 में अफ्रीकी देशों को आजादी दिलाने के लिए बनाया गया था। 2002 में लीबिया के तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी ने इस संगठन का स्वरूप बदला। अफ्रीकी देशों को एकजुट कर पश्चिमी देशों को चुनौती दी। अब भारत ने जी-20 में शामिल उन्हीं पश्चिमी देशों को एकजुट कर दुनिया के सबसे ताकतवर आर्थिक संगठन में अफ्रीकन यूनियन को शामिल कराया है।

जो बाइडेन ने पीएम मोदी का किया शुक्रिया

नयी दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ट्वीट किया किया कि भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी महात्मा गांधी के ट्रस्टीशिप के सिद्धांत में निहित है। ट्रस्टीशिप जो हमारे देशों के बीच साझा की जाती है। आज हमें यहां लाने के लिए धन्यवाद प्रधानमंत्री मोदी।

सीतारमण की चीन के वित्त मंत्री के साथ हुई बैठक

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को चीन के अपने समकक्ष लियू कुन से मुलाकात कर जी-20 से जुड़े मुद्दों पर विचार साझा किये। दोनों नेताओं में यह बैठक जी-20 शिखर सम्मेलन के अंतिम दिन अलग से हुई। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेने का निर्णय लिया था। चीन का प्रतिनिधित्व प्रधानमंत्री ली कियांग ने किया था।

जी 20: विदेशी मेहमानों ने कोणार्क चक्र से नालंदा तक का दर्शन किया

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाइडन और सुनक को इसके बारे में बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। भारत की अध्यक्षता में जी-20 शिखर सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। भारत की ओर से जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लेकर विदेशी मेहमानों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी। जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए भारत की दुनिया में खूब चर्चा हो रही है। इस चर्चा में भारत की मेजबानी और आयोजन में भव्यता की भी चर्चा है। भारत मंडपम में ओड़िशा के 13वीं सदी के कोणार्क मंदिर से लेकर बिहार के प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय आकर्षण का केंद्र रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को इसके बारे में बताया।

दरअसल, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार रात भारत मंडपम स्थल पर विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों और अन्य विश्व नेताओं और उनके जीवन साथियों के लिए एक औपचारिक रात्रिभोज में मेहमानों का स्वागत किया। जहां यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल-प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की प्रतिकृति प्रमुखता से नजर आयी। नालंदा विश्वविद्यालय दुनिया के सबसे प्राचीन विश्वविद्यालयों में से एक है। वहीं, शाम के स्वागत समारोह की पृष्ठभूमि में नालंदा था, तो सुबह में भारत का कोणार्क चक्र फोकस में रहा। प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में शिखर सम्मेलन की शुरुआत से पहले जी-20 नेताओं का अभिवादन किया, तो पृष्ठभूमि में ओड़िशा के कोणार्क सूर्य मंदिर की एक सुंदर छवि दिखी। 13वीं शताब्दी में निर्मित कोणार्क का सूर्य मंदिर यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है। इसका निर्माण राजा नरसिम्हा देव प्रथम के शासनकाल में किया गया था. 24 कड़ियों वाला कोणार्क चक्र भी भारत के राष्ट्रीय ध्वज में समाहित है और यह भारत की प्राचीन ज्ञान, उन्नत सभ्यता और वास्तुशिल्प उत्कृष्टता का प्रतीक है।

व्यापक बहस के बाद ही नये कानून लागू हों: दिनेश

कोडरमा (आजाद सिपाही)। दलित शोषण मुक्ति मंच झारखड के राज्य महासचिव दिनेश रविदास ने केंद्र सरकार से मांग किया है कि देश में वर्तमान तीनों फौजदारी कानूनी विधेयक पर व्यापक बहस के उपरांत ही लागू किया जाये न कि सरकार अपने हित में गैरकानूनी रुप से लागू कर दे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तीन फौजदारी कानून इंडिया पीनल कोड, कोड आंफ क्रिमिनल प्रोसीजर तथा इंडियन एवीडेंस एक्ट है। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020 मे एक गठित कमिटि के सिफारिशों के आधार पर इन तीनो नियमों, कानूनों को क्रमश: भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय सुरक्षा कानूनों के नाम से बदलना चाह रही है। महत्वपूर्ण अपराधिक कानूनों में बिना राज्य सरकारों, राजनीतिक पार्टियों, न्यायविदों तथा जनता से व्यापक परामर्श-बहस किये बिना ही केंद्र सरकार इसे जल्दीबाजी में बदलने की मंशा बना रही है जो किसी भी दृष्टिकोण से उचित प्रतीत नहीं होता है।

आजाद सिपाही इंपैक्ट : इचाक से नगवां वाया साड़म-चंदवारा पथ का जल्द होगा कायाकल्प

8.94 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

दीपक सिंह

जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैये का खामियाजा भुगत रहे आधा दर्जन गांव के हजारों लोग

इचाक टू नगवां वाया साड़म- चंदवारा पथ जर्जर, गड्ढों में हुआ तब्दील

दीपक सिंह

हजारीबाग। इचाक टू नगवां भाया साडम- चंदवारा पथ का जल्द ही कायाकल्प होगा। 8 करोड़ 94 लाख की लागत से विशेष मरम्मती कार्य होगा। जल्द ही सड़क निर्माण के लिए टेंडर होगा, इसकी स्वीकृति भी मिल गई है। आजाद सिपाही अखबार इस सड़क के निर्माण को लेकर कई बार लेख के द्वारा विभाग और जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराने का काम किया है। सड़क बनने से से भूसाइ, साडम, चंदवारा, टेप्सा, पारटांड और धरमू के हजारों लोग लाभांवित होंगे। इस पथ की लंबाइ 6 किलोमीटर से अधिक है। इस सड़क के निर्माण के लिए ग्रामीण सड़क निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले लगातार प्रयासरत थे। इस सड़क का निर्माण लगभग 11 वर्ष पूर्व आरइओ विभाग से हुआ था। इसके बाद इस सड़क की ओर विभाग ने कभी ध्यान नहीं दिया। यह सड़क सदर प्रखंड के नगवां और इचाक प्रखंड के बोंगा, बरियठ, हदारी पंचायत को आपस में जोड़ती है। साथ ही यह पथ बरकट्ठा विधान सभा और सदर विधानसभा को भी आपस में जोड़ती है। सड़क निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष शंकर सिंह, सचिव दीपक सिंह, उपाध्यक्ष पूर्व मुखिया संतोष प्रसाद मेहता, कांग्रेस नेता कुमार संतोष सिंह, कोषाध्यक्ष विनय मेहता, संजय कुमार मेहता उर्फ गांधी, आलोक सिंह, मनोज सिंह, महेंद्र मेहता, योगेंद्र मेहता समेत दर्जनों ग्रामीणों का प्रतिनिधि मंडल झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगिर आलम, सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव और जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता से मिल ज्ञापन सौंप सड़क बनवाने की मांग कर चुका है। इसको लेकर कई बार आंदोलन भी किया गया था। सड़क निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया की इस सड़क पर आवागमन खतरे से खाली नहीं था। पूरी सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। सड़क निर्माण को लेकर संघर्ष समिति लगातार प्रयासरत रहा है। सड़क बनने से हजारों लोग को फायदा होगा।

'मेरा माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत मिट्टी संग्रह

इचाक (आजाद सिपाही)। मेरा माटी मेरा देश मिट्टी संग्रह अभियान के तहत दरिया गांव में हर घर से मिट्टी लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर मेहता उपस्थित हुए। मेहता ने कहा की इचाक वीरों की भूमि है, यहां से कई स्वतंत्रता सेनानियो ने देश की आजादी के लिए लड़ा। उन वीरों को नमन करने का दिन है। कार्यक्रम में हजारीबाग भाजपा के जिला मंत्री सह इचाक पूर्वी के प्रभारी नंदलाल मेहता, बद्री मेहता, बीरबल मेहता, सुरेश मेहता, बलदेव मेहता, जगदीश मेहता, अशोक मेहता, दामोदर मेहता, संजय मेहता, हरिहर मेहता, भेखलाल मेहता, बद्री मेहता, चत्रधारी मेहता, राजेंद्र मिश्र, धारी राम, चंद्र राम, बैजनाथ मिश्र, सतीश मेहता, रोहित मेहता, रोशन कुमार, बिपिन कुमार, रियाश कुमार, अर्जुन मेहता, शेखर कुमार, दुवेरका मेहता, मनोज मेहता, बंसी मेहता, बंगाली मेहता समेत कई लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने सुनील साव

केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पेटो पंचायत के चट्टी पेटो स्थित दुर्गा मंडप के प्रांगण में ग्रामीणों की एक बैठक आगामी दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर रविवार को आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता सेवा नृवित शिक्षक महावीर साहु,संचालन छोटन साहु व प्रीतम साहु संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य रूप से अकल साहु, सेवा नृवित शिक्षक तुलसी साहु, महावीर साहु, उपमुखिया लक्ष्मण साहु, मुखिया प्रतिनिधि गुरुदयाल साव, पंसस अरविंद साहु, किशोर साहु अतिथि के रूप में शामिल हुये। इसमें अध्यक्ष सुनील साहु उर्फ द्वारिका साहु, सचिव राजेश कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष प्रकाश साहु, तीन उपाध्यक्ष केदार साहु, बिनोद राम, राजू साव, तीन सह सचिव में कार्तिक कुमार, नितेश कुमार, सुनील हार्डवेयर, तीन मुख्य संरक्षक में चितरंजन साहु, अमित गुप्ता, शत्रुध्न कुमार का चयन किया गया। वही संचालन कर रहे नेता प्रीतम साहु ने बताया की 2008 ई, दुर्गा मां का भव्य प्रतिमा स्थापित कर पूजा समारोह बनाया जाता रहा है। इसमें जिला प्रशासन, प्रखंड प्रशासन, ग्रामीण जनता का अपार सहयोग पूजा के दौरान प्राप्त होता आया है। इस मौके पर देवनारायण साहू, उमेश प्रसाद, नकुल साहू, रामचंद्र साहू, संजय कुमार, दीपक कुमार, मनोज कुमार, विनेश यादव, परमेश्वर साहू, भोला प्रसाद साहू, मनोहर साव, अरुण साव, कालेश्वर साव, आदित्य साव, विजय कुमार, सुनीता देवी, कौशल्या देवी, पार्वती देवी, अनीता देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

कोडरमा के नये एसपी अनुदीप सिंह ने किया पदभार ग्रहण

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के नए पुलिस अधीक्षक के रूप में झारखंड कैडर के आईपीएस अनुदीप सिंह ने रविवार को पदभार ग्रहण कर लिया। एसपी कुमार गौरव से कोडरमा के 24वें एसपी के रूप में अनुदीप सिंह ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि पुलिस तत्परता और इमानदारी से कार्य करेगी। व्यवसाय करने वाले लोग निर्भीक होकर अपना कार्य करें। किसी भी तरह की कोई समस्या हो तो सीधे हमसे संपर्क कर अपनी समस्या रख सकते हैं। जिले में बढ़ते जमीन विवाद के मामले पर एसपी अनुदीप सिंह ने कहा कि जिले की वस्तुस्थिति को समझने के बाद एक रणनीति तैयार कर वरीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में इस पर कार्य करते हुए जमीन से संबंधित विवादों को कम किया जायेगा। एसपी ने बताया कि इससे पहले वे एसडीपीओ तोरपा, डीएसपी सीआइडी, डीएसपी एसटीएफ झारखंड जगुआर के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। बता दे कि आइपीएस अनुदीप सिंह अभी सीनियर डीएसपी एसआइरबी खूंटी में तैनात थे। एसपी के रूप में उनकी पहली पदस्थापना कोडरमा में हुई है।

जयनगर में कटहाडीह-अकतो नदी पुल की नहीं हुई मरम्मत, हो सकता है बड़ा हादसा

बिनोद कुमार बर्णवाल

जयनगर। प्रखंड कटहाडीह अकतो नदी पर बने पुल काफी जर्जर हो गया है। उक्त पुल पर बना रैलिंग ध्वस्त हो गया है। यहां तक कि उक्त पुल का पिलर कभी भी ध्वस्त हो सकता है। बता दें कि नदी से पूर्व में अवैध बालू का उठाव होने के कारण पुल का पीलर बारिश में ऊपर हो गया। इसी वजह से पिलर करीब 2 मीटर जमीन में से ऊपर हो गया। समय रहते पुल की मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले दिनों में कभी भी पुल ध्वस्त हो सकता है। इस पुल से सैकड़ों छोटी बड़ी वाहन के साथ-साथ भारी वाहन भी चलते रहता है तथा पदाधिकारियों का आना जाना भी लगा रहता है। उसके बाद भी इस पुल को देखने वाला कोई पदाधिकारी नहीं है। यह पुल मरकच्चो, जयनगर, झुमरी तिलैया का मुख्य मार्ग है। जयनगर प्रखंड, मरकच्चो प्रखंड के करीब दर्जनों गांवों के सैकड़ो ग्रामीण आवागमन करते रहते हैं। ग्रामीणों को अंदेशा सता रहा है कि पुल कभी भी ध्वस्त हो सकता है और ऐसा हुआ तो करीब एक दर्जन से ज्यादा गांव टापू में तब्दील हो जायेगा। ग्रामीणों ने इस पुल और रैलिंग को समय रहते मरम्मत कराने के साथ-साथ प्रशासन से वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की भी मांग की है। झारखंड सरकार एवं विभाग समय रहते मरम्मत नहीं कराया तो विभाग को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ेगा।

शहीद महेंद्र प्रताप सिंह का मना शहादत दिवस

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। इंटर महाविद्यालय परिसर में भारतीय जनता पार्टी पश्चिमि मंडल के कार्यकर्ताओं ने बैठक कर झारखंड आंदोलनकारी शहीद महेंद्र प्रताप सिंह शहादत दिवस दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। बैठक में वक्ताओं ने महेंद्र प्रसाद सिंह के विचारों को रखते हुए कहा कि आज भी शहीद के परिजनों को झारखंड सरकार सम्मान नहीं दे रही है। उनके आश्रितों को नौकरी नहीं मिल रहा है। झारखंड आंदोलन में विष्णुगढ़ प्रखंड से दर्जनों लोगों ने शहादत दिया है। आंदोलनकारियों को भी किसी प्रकार का कोई सम्मान नहीं मिल रहा है। बैठक में मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, उपाध्यक्ष महादेव मंडल, महामंत्री गुरु प्रसाद साव जिला युवा उपाध्यक्ष हीरामन महतो, सुखदेव मंडल, हेमलाल साव, रामचंद्र यादव मुखिया, गुलाब शंकर महतो, सुरेश मंडल, महेंद्र महतो, दिनेश मंडल, कन्हाई यादव, द्वारिका महतो, अशोक मंडल समेत कई लोग उपस्थित थे।

प्राथमिकी अभियुक्त को भेजा जेल

जयनगर (आजाद सिपाही)। जयनगर थाना कांड संख्या 182/23 के प्राथमिकी अभियुक्त शेख सफीक पिता स्व. शेख हमीद उर्फ हमिद खान उम्र लगभग 35 वर्ष ग्राम बनासो थाना बिष्णुगढ़ जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

फोन नहीं उठाते हैं बिजली विभाग के अभियंता

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। विद्युत विभाग के सांसद प्रतिनिधि शंभू कुमार सिंह ने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को आवेदन देकर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता व कनीय अभियंता के द्वारा फोन नही उठाने का आरोप लगाया है। दिये गये आवेदन में सिंह ने कहा है कि सहायक अभियंता डोमचांच व कनीय अभियंता मरकच्चो के द्वारा जब से योगदान दिया गया है तब से उन लोगों के द्वारा जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों का फोन नहीं उठाया जाता है। उन्होंने कहा है कि 9 सितंबर को बिजली बाधित रहने पर कई बार इन लोगों को मोबाइल पर संपर्क साधने का प्रयास किया गया पर इन दोनों के द्वारा फोन नहीं उठाया गया और ना ही किसी प्रकार की सूचना देने का काम किया गया। उन्होंने कहा इसके बाद 9 सितम्बर की रात्रि लगभग 10 बजे कार्यपालक अभियंता को फोन लगाकर बात किया गया तो उनके पहल पर 9 सितम्बर की देर रात्रि 11 बजे बिजली बहाल की गयी। दोनों के लापरवाही के कारण यहां के लाइनमैन और ऑपरेटर भी भारी लापरवाह हो गये हैं। वहीं सहायक अभियंता संदीप कुमार ने कहा कि मुझ पर लगाया गया आरोप बेबुनियाद है।

मनायी गयी आदर्श+2 उच्च विद्यालय के संस्थापक निदेशक मोती महतो की 13वीं पुण्यतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता

जयनगर। प्रखंड के आदर्श + 2 उच्च विद्यालय मधवाटांड के संस्थापक निदेशक स्व. मोती महतो की 13 वीं पुण्यतिथि विद्यालय में श्रद्धांजलि समारोह के रुप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्व. मोती महतो और उनकी धर्मपत्नी स्व. लोकनी देवी की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात रेशमा कुमारी, सुनिता कुमारी, वीणा कुमारी आदि छात्राओं ने इतनी शक्ति हमें देना दाता गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कॉर्डिनेटर महेन्द्र कुमार ने किया। श्रद्धांजलि समारोह को कोडरमा जिला परिषद की उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जयनगर पूर्वी जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, जयनगर मध्य जिला परिषद प्रतिनिधि देवनारायण यादव, मरकच्चो जिला परिषद प्रतिनिधि मंटु कुमार तिवारी, मुखिया गणपत यादव, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, समाजसेवी अरमान खान, पूर्व शिक्षक जागेश्वर यादव विद्यालय के प्राचार्य पुनीत यादव, शिक्षक रवींद्र कुमार रवि आदि ने संबोधित किया। पुण्यतिथि के अवसर पर स्व मोती महतो मेमोरियल एकदिवसीय नॉकआउट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में वाई. बी. सी. कोडरमा, एस. बी. सी. क्लब झुमरी तिलैया, आजाद एकेडमी कोडरमा, झारखंड पब्लिक स्कूल कोडरमा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय रूपयडीह, आदर्श +2 उच्च विद्यालय मधवाटांड की बालक और बालिका की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में एस. बी. एस. क्लब तिलैया की टीम बालक एवम बालिका वर्ग में क्रमशः बालिका वर्ग में आदर्श + 2 उच्च विद्यालय को एवम बालक वर्ग में वाईबीसी कोडरमा को हराकर खिताब अपने अपने नाम कर लिया। मौके पर उपप्राचार्य अर्जुन चन्द्र यादव, गोपाल कुमार यादव, महेन्द्र कुमार पांडेय, नरेश सिंह, मुकेश राणा, सीताराम यादव, दीपक कुमार, शाहिद हुसैन, पप्पु कुमार, सनोज कुमार, इस्तयाक अंसारी पंकज कुमार, रिंकी देवी, रामचंद्र यादव, लक्ष्मण चन्द्र यादव, जन्नत परवीन, मिथिलेश पांडेय, पम्मी राय के साथ अन्य कर्मी मौजूद थे।

ब्रह्म विद्या विहंगम योग आध्यात्मिक संस्था ने निकाली शोभायात्रा

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। ब्रह्म विद्या विहंगम योग के आध्यात्मिक सूर्य सत गुरुदेव जी महाराज के आदेश अनुसार पूरा विश्व में शोभायात्रा निकाला गया है। यह स्वर स्वर्वेद यात्रा 25 देश में निकल गया। इसी आलोक में बड़कागांव प्रखंड स्तरीय यात्रा निकल गया। इसी कार्यक्रम के तहत 17 एवं 18 सितंबर को बनारस में महामंदिर धाम का उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जाना है। उद्घाटन समारोह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कर कमल द्वारा की जाएगी। यहां विश्व का सबसे बड़ा ध्यान केंद्र है। एक साथ 20,000 आदमी बैठकर ध्यान कर सकते हैं। इस विश्व आयुर्वेद यात्रा में हजारीबाग जिला के संयोजक पंकज मिश्राजेड जिला के पत्रिका प्रभारी भोला प्रसाद दांगी, केरेडारी प्रखंड के उपाध्यक्ष माही माधुरी देवी, प्रखंड के संयोजक जीवन माली, बड़कागांव प्रखंड के संयोजक जगलाल साहू, किन्नू साहू, कालेश्वर प्रसाद, मोहन साहू, भुवनेश्वर राणा, नवल किशोर सिंह, रामकुमार राणा, महेंद्र प्रसाद सत्य गुरु अन्य सदस्य भारी संख्या में शामिल थे।

सिद्धार्थ कुमार नीट 2023 में सफल

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम कादोडीह निवासी सिद्धार्थ कुमार पिता मनोज कुमार ने नीट 2023 में सफलता पायी है। सिद्धार्थ कुमार ने ऑल इंडिया रैंक 4781 और झारखंड राज्य में 13वां रैंक प्राप्त किया है। सिद्धार्थ कुमार का चयन एमबीबीएस पढ़ाई हेतु रांची स्थित रिम्स कॉलेज में हुआ है। सिद्धार्थ के पिता मनोज कुमार अनुमंडल पदाधिकारी हैं तथा माता एक गृहिणी है। सिद्धार्थ के दादा बद्री राम सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी हैं। उन्होंने बताया कि सिद्धार्थ बचपन से ही होनहार था। उन्होंने माध्यमिक तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय कोडरमा से तथा इंटरमीडिएट की पढ़ाई कोटा राजस्थान से प्राप्त की। उनकी इस सफलता पर पूरे गांव में उल्लास और खुशी का माहौल है। उनकी सफलता पर कार्तिक प्रसाद वर्मा, अर्जुन महतो, राजेश सिंह, डुगन महतो, त्रिवेणी राम, सुशील राम, अशोक राम, राजेश पासवान, जितेंद्र सिंह, शंकर पासवान, बलदेव महतो, तुलसी महतो, शशि पासवान, सचिन पासवान, गोविंद महतो, मनोहर वर्मा, कैलाश राणा, पोखराज साव, रामदेव रविदास और अन्य ग्रामीणों ने शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

उम विद्यालय में मध्याह्न भोजन में मांड़-भात देने का मामला

ग्रामीणों ने विद्यालय प्रबंधन पर लगाया मिड डे मील की राशि के गबन का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

बड़कागांव। बड़कागांव प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय तलसवार में शनिवार को कक्षा 1 से लेकर 8 तक के छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन में खिचड़ी के जगह माड-भात देने का मामला प्रकाश में आया है।यह देख स्थानीय ग्रामीण, मुखिया व पंसस हरकत में आयी और घोर विरोध की। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जवाहर प्रसाद को मोबाइल से सूचना देकर करवाई की मांग की गयी। इस विद्यालय में कल नामांकित बच्चों की संख्या 189 है। शनिवार को 135 बच्चों की उपस्थिति हुई थी।

क्या कहना है मुखिया का: तलसवार पंचायत की मुखिया गीता देवी का कहना है कि तलसवार मध्य विद्यालय में बच्चों के लिए बनाये गये मध्याह्न भोजन में माड़ - भात का फोटो वायरल हो रहा था, जब मैं वहां गई तो वहां माड़ भात ही पायी।

इसकी सूचना मैं जिले के अधिकारियों दी। मुखिया ने आगे बताई कि अगर प्रधानाध्यापक परीक्षा में व्यस्त थे तो, दूसरे शिक्षक से भोजन के बारे में देखरेख करवा सकते थे।मैं प्रधानाध्यापक और प्रबंधन समिति के अध्ययक्ष, संयोजिका पर कार्रवाई करने की मांग की हूं।

प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बनाई टीम: सूचना उपरांत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी जवाहर प्रसाद ने एक जांच टीम गठन कर प्रहलाद गुप्ता तथा शंभूदास को भेजा गया।

बाद में दाल के साथ खिचड़ी बनाकर बच्चों को खिलाई गई: जांच टीम

जांच टीम के सदस्य पम प्रहलाद गुप्ता और शंभू शरण दास स्कूल में जाकर जांच पड़ताल किया। भीम के सदस्यों ने भी माड़ भात पायी। जांच टीम ने बताया कि बाद में दाल के साथ खिचड़ी बनाकर बच्चों को खिलाया गया।

ग्रामीणों ने किया कानूनी कार्रवाई करने की मांग: वहीं ग्रामीण व स्थानीय जनप्रतिनिधि विद्यालय प्रधानाध्यापक तुलेश्वर कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष घनश्याम साव व संयोजिका अनीता देवी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष घनश्याम साव तथा संयोजिका अनीता देवी के द्वारा मिली भगत करके बच्चों का मध्यान भोजन हमेशा चंपत कर लेती है। हमेशा विद्यालय में छात्र-छात्राओं के द्वारा मध्यान भोजन सही नहीं मिलने को लेकर अभिभावक की बैठक में कई बार मामला उठता रहा। ग्रामीणों ने आगे कहा कि अगर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा कर्रवाई नहीं किया जाता है तो मजबूरन में विद्यालय पर तालाबंदी किया जायेगा। इस संबंध में मुखिया तथा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार साव ने अपनी नाराजगी जाहिर की है। तथा विभाग से कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

क्या कहना है प्रधानाध्यापक का: विद्यालय प्रधानाध्यापक तुलेश्वर कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मध्यान भोजन विद्यालय अध्यक्ष घनश्याम साव संयोजिका अनीता देवी के द्वारा संचालित किया जाता है रही बात भोजन को लेकर तो मैं हमेशा मध्यान भोजन को जांच करता रहता हूं। लेकिन शनिवार को बच्चों का परीक्षा होने के कारण मैं मध्यान भोजन को जांच नहीं कर सका। जब इसकी जानकारी मिली तो मैं माड भात के जगह बच्चों को खिचड़ी खाना बनवाकर देने का काम किया।

राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष बनी गीता देवी

सतगावां (आजाद सिपाही)। प्रखंड कलीडीह स्थित गुलाम बाबू के गोदाम में राजद महिला प्रकोष्ठ प्रखंड इकाई की बैठक की गयी जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सूरज सिंह यादव तथा संचालन उपेंद्र यादव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कोडरमा अमरजीत कौर, कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष मरियम परवीन, चरणजीत सिंह उपस्थित हुए। बैठक में महिला प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष गीता देवी पचमौह, उपाध्यक्ष शीला देवी राउतडीह, सचिव गीता देवी कनीकेंद को मनोनीत किया गया। वहीं मनोनीत की गयी महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने बताया कि पार्टी के सिद्धांतों पर चलकर लोगों को पार्टी के प्रति लोंगो जागरूक करने का काम करेंगे। मौके पर मोहम्मद गुलाम रसूल, मोहम्मद इरशाद आलम, डॉक्टर सरयू यादव, दिवाकर प्रसाद यादव, विक्रम यादव, रामविलास चौरसिया, खिरोधर विश्वकर्मा, अशोक राजवंशी, दिलीप राजवंशी आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रसोइया के साथ शोषण बर्दाश्त नहीं: सोनिया

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। साहू धर्मशाला में झारखंड राज्य विद्यालय मध्यान भोजन, रसोईया संघ एटक कोडरमा की बैठक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमिला देवी ने किया। इस बैठक में उपस्थित जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने रसोइया को एकजुट होने और लड़ाइ लड़ने को कहा। जिप सदस्य महादेव राम ने बताया कि महंगाई के दौर में सबसे गरीब मजदूर रसोइया है जो 66 रुपया में दिन-दिन भर काम करती है। एटक अध्यक्ष विनोद पासवान ने बोला कि कोडरमा जिले में सभी मजदूरों को एकजुट करके लड़ाइ लड़ेंगे और मजदूरों को हक अधिकार दिलायेंगे। किसान नेता उदय द्विवेदी ने कहा कि कोडरमा जिला में मजदूर किसान के साथ बहुत शोषण किया जा रहा है जैसे दिहाड़ी मजदूर निर्माण मजदूर के साथ श्रम विभाग बहुत अनदेखी किया जा रहा है। सेविका संघ की जिला अध्यक्ष सरिता रानी ने कहा कि जितना कामकाजी महिला है सभी के साथ शोषण किया जा रहा है। अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी ने कहा कि आज हम लोग बैठक किए हैं। वहीं 16 सितंबर को समाहरणालय कोडरमा में विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिसमें आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका मिड डे मील, रसोइया सहिया दीदी, माईका मजदूर डीवीसी पावर प्लांट मजदूर दिहाड़ी और निर्माण मजदूर मनरेगा मजदूर शामिल होंगे। सोनिया देवी ने कहा कि कोडरमा जिले में अभ्रक नगरी के नाम से जाना जाता है लेकिन सबसे ज्यादा अन्याय अभ्रक मजदूरों के साथ किया जाता है। बैठक में एटक उपाध्यक्ष अमर परमार, बसमतिया देवी, तुलावती देवी, धनेश्वरी देवी, गुड़िया देवी, पार्वती देवी, उर्मिला देवी सीता देवी, कांति, सोनी कुमारी, मुन्ना देवी, सुनीता देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

श्री कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। संस्कार भारती हजारीबाग इकाई के तत्वाधान में रविवार को नगर भवन के प्रांगण में श्रीकृष्ण बालरूप सज्जा प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ की गयी। जिन्होंने कहा की आज हमारी भारतीय सभ्यता संस्कृति और परंपराओं की चर्चा पूरा विश्व कर रहा है। इसे पुष्पित और पल्लवित करने की जिम्मेवारी हम सभी की है। विषय प्रवेश संस्कार भारती झारखंड प्रान्त के मंत्री संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा की गयी। इस प्रतियोगिता में 0-3 वर्ष और 3-6 वर्ष तक दो वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता में कुल 164 प्रतिभागियों ने श्रीकृष्ण बालरूप में भाग लिए। 0-3 आयु वर्ग में प्रथम वत्सल सिंह, द्वितीय अव्यन बास्का, तृतीय तीर्थ अग्रवाल एवं सांत्वना संयुक्त रूप से निमरत होरा, निवेश शर्मा को दिया गया। 3 से 6 वर्ष तक में प्रथम नेहा गुप्ता, द्वितीय आर्या श्री, तृतीय अनन्या खेमका, सांत्वना पुरस्कार में संयुक्त रूप से श्रेयांस राय,आरूष वर्मा,विश्वम सिंह, अमरदीप प्रसाद को पुरस्कृत किया गया। सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार वत्सल सिंह को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षिका शोभा सहाय, प्रांतीय मंत्री संजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष कुमार केशव, जिला मंत्री विनीत जैन, जिला सह मंत्री राजीव झा, राकेश रंजन, वीणा अखौरी, रंजना शर्मा, शोभा सिन्हा, रेखा झा, रवि प्रकाश पाठक, चित्रकला प्रमुख संजय कुमार, प्रेम राणा, किशोर सिन्हा, दयानंद दास, मंजू जैन, रंजीत वर्मा, अमरकांत राय, मनोज पाण्डेय विजय कुमार और अमित कुमार की मुख्य भूमिका रही। मंच संचालन संजय कुमार तिवारी के द्वारा किया गया।

एसडीपीओ शंभू सिंह को भावभीनी विदाई

टंडवा (आजाद सिपाही)। निवर्तमान एसडीपीओ शंभू सिंह के पदोन्नति के बाद स्थानांतरण पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन एसडीपीओ कार्यालय परिसर में किया गया। इस सम्मान समारोह का संचालन पत्रकार सह जेजेए जिला महासचिव विनय कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर टंडवा प्रखंड के सभी वर्ग ने एसडीपीओ शंभू सिंह को उपहार के रूप में भेंट कर समान्नित किया गया। बताया गया की पदोन्नति के बाद विशेष शाखा रांची के पुलिस अधीक्षक शंभु सिंह बनाये गये है। इसमें सम्मानित करने में थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अरबिंद सिंह, जनप्रतिनिधियों ने दी भाव पूर्ण विदाई दी। इस मौके पर बरुण सिंह, रुदेश नायक, मुखिया सुनीता देवी, मुखिया सबिदा खातुन, पुलिस अधिकारी रंजीत रौशन, पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्तिथ थे।

गरसुला पैक्स में अनेकों त्रुटियों को लेकर ग्रामीण किसानों ने की बैठक

उरीमारी (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरसुला पंचायत के गरसुला नोडल पैक्स में अनेकों त्रुटियां को लेकर रविवार को गरसुला पंचायत सचिवालय में पूर्व मुखिया छक्कन बेदिया के अध्यक्षता में ग्रामीण किसानों की बैठक हुई। बैठक के दौरान पैक्स के अधिनस्थ किसानों का नाम की जांच की गयी। जिसमें कुछ ऐसे किसानों का नाम अंकित है जो गरसुला पंचायत के किसान प्रतीत नहीं होता है। इस प्रकार अनेकों त्रुटियां हैं जिसे दूर करने की नितांत आवश्यकता है। पैक्स की समस्याओं का समाधान को लेकर गरसुला पंचायत के पूर्व मुखिया और वर्तमान मुखिया के द्वारा सार्थक कदम उठाया जायेगा। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि आवश्यकता पड़ने पर मुखिया के देख रेख में एक कमेटी का गठन कर पैक्स से जुड़े अनेकों समस्याओं का निष्पादन करने का काम किया जायेगा। वहीं बैठक में कमेटी गठन करने को लेकर अगली बैठक 20 सितंबर को तय किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मुखिया छक्कन बेदिया, कैलाश महतो, राजकुमार सिंह, जगेश्वर गोप, बिरसा मांझी, देवनाथ महतो, नंदकिशोर मुंडा, पवन कुमार, चटरु बेदिया, गिरजा सिंह, राजेश बेदिया, रविन्द्र कुमार यादव, ओमप्रकाश मुंडा, बीरेंद्र मुंडा, डब्लू बेदिया, सागर कुमार, पिंटू मुंडा, संजय, अभिषेक मुंडा, विकास कुमार, प्रवीण कुमार बेदिया, मनोज उरांव, बालेश्वर बेदिया, लालबहादुर मांझी, बच्चू बेदिया सहित किसान मौजूद थे।

जिप सदस्य दयामंति देवी ने डीसी को दिया आवेदन

कुजू (आजाद सिपाही)। मांडू जिला परिषद सदस्य दयामन्ति देवी ने क्षेत्र भाग संख्या तीन में आवश्यक योजनाओं को डीएमएफटी फंड से स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में डीसी को आवेदन दिया है। आवेदन में हेसागड़ा पंचायत एनएच 33 रोड से रमेश मुंडा की आवास तक और 20 माइल से तोयरा गांव तक, बड़काचुंबा के काली महतो के घर से कुसुमडीह तक और योगेंद्र रजक के घर से अमडेलवा टोला प्रदीप महतो के घर तक, सरकारी तालाब कुजू के चारों तरफ, कुजू कुंदरिया में धनेश्वर मरांडी के घर से स्कूल तक पीसीसी पथ निर्माण करने, ओरला पंचायत भवन के समीप उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण, ओरला, डटमा, कारीमाटी व बड़का चुंबा उचरिंगा में छठ तालाब में सीढ़ी निर्माण और सुंदरीकरण, बसरिया टोला व ओरला शिव मंदिर समीप जलमीनार निर्माण, ओरला में श्मशान घाट के पास शेड व शव गृह निर्माण करने, बुमरी पंचायत के कजंगी सरकारी हाई स्कूल में शौचालय निर्माण, नव प्राथमिक विद्यालय ठाकुरगोड़ा, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय उचरिंगा और जोबला आदिवासी टोला स्थित सरकारी मध्य विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण, मुरपा चिट्टी नाला में पुल निर्माण, तोपा बस्ती मदरसा से फकरे आलम के घर तक व तोपा चौक सेनापति होटल से तोपा हाई स्कूल तक नाली निर्माण करने की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि डीडीसी एवं मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद को सौंपा है।

कराटे ग्रेडिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डू फेडरेशन ऑफ इंडिया झारखंड भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में एक दिवसीय कराटे ग्रेडिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में सेंसाई कंचन दास ने कराटेकारो को काता, कुमिते, फाइट, बेसिक, जुडो सहित अन्य तकनीक की जानकारी दी। इस अवसर पर कंचन दास ने बताया कि कराटे खाली हाथ आत्मरक्षा काा सबसे बेहतर गुर है। शिविर में सृष्टि कुजूर, आस्था सिंह, मयंक कुमार, मिहिर पासवान, स्मृति मुंडा, जालवी, आलिया खान, चित्रलेखा, सिमरण टोप्पो, यामिनी कुजूर, रेयांश राज, मो नववीन, मानसी, मो अनिश, अजिज, विकास सहित दर्जनों कराटेकार शामिल थे।

राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय सेवा मंच समाजसेवी संस्था ने प्रत्येक रविवार की भांति इस बार भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन पतल बेचने वाले महिला पुरुष और बच्चों के बीच जन सहयोग से भोजन के रूप में पाव भाजी का वितरण किया। मौके पर मैच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि सबों के सहयोग से पिछले 8 वर्षों से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा जो आगे भी जरूर रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों के सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। भोजन वितरण में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, प्रो रामानुज सिंह, रिंकू वर्णवाल, रंजीत यादव, डॉ जयश्री मेहता, रंजीत यादव, राकेश शर्मा, लालू उरांव, विरेन्द्र पांडेय, जयप्रकाश पांडेय, दिलीप गंझू, लखन राम, सुकरा करमाली सहित अन्य लोग शामिल थे।

ओरला जलमीनार में पाइप की चोरी

कुजू (आजाद सिपाही)। नयामोड़-गिद्दी हीरक सड़क मार्ग के किनारे ओरला जंगल में निर्मित जलमीनार से चोरों ने बीती रात्रि में पेयाजलापूर्ति हेतु लगे कीमती पाइप की चोरी कर ली। पाइप चोरी के बाद हर घर नल जल योजना अभियान के तहत ओरला, झरना टोला, डटमा, सिमराटांड़ समेत निकटवर्ती गांवो में पेयजलापूर्ति सेवा ठप पड़ गई। साथ ही, जलमीनार के पानी भंडारण पाइप की चोरी होने को लेकर नीलेश कुमार कंस्ट्रक्शन कंपनी के कार्यरत कर्मी जितेंद्र मुंडा व सौरभ कुमार ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि रविवार की सुबह सात बजे जितेंद्र मुंडा जब गांवों में जलापूर्ति के लिए वल्व खोलने गया तो देखा कि जलमीनार में पानी चढ़ाने के लिए लगाया गया रेजिंग का 150 एमएम का आठ मीटर व वॉशआऊट का 9 मीटर पाइप को गायब है। वहीं, जलमीनार के आसपास वाहन खड़ा करने के चिह्न भी पाये गये हैं। कंस्ट्रक्शन कंपनी के अनुसार चोरी गये पाइप की कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रही है।

विधानसभा की सरकारी उपक्रम समिति के सभापति की रामगढ़ डीसी संग बैठक

नयी 108 एंबुलेंस और उसके आधुनिक उपकरणों को रखें दुरुस्त: सरयू राय

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। झारखंड विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति सरयू राय ने जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त चंदन कुमार सहित जिले के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा सभापति सरयू राय का पौधा देकर स्वागत किया गया। मौके पर झारखंड खनिज विकास निगम संबंधित कार्यों की राय ने समीक्षा किया। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी से जिले में संचालित बालू घाटों की जानकारी ली। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जिले में चिन्हित बालू घाटों, जिला सर्वे रिपोर्ट के संबंध जानकारी दी गयी। साथ ही उनके द्वारा अवैध रूप से हो रहे बालू के उठाओं पर की जा रही कार्रवाई की भी जानकारी दी गयी। झारखंड पुलिस हाउसिंग निगम के तहत जिले की आवश्यकताओं के मद्देनजर पुलिस संबंधित भवनों के निर्माण के प्रस्ताव की जानकारी ली गयी। पर्यटन विकास निगम के तहत जिला योजना पदाधिकारी द्वारा जिले में संचालित ए कैटिगरी व अन्य पर्यटन स्थलों के संचालन की जानकारी दी गयी। औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम के तहत सभापति के द्वारा जिले में संचालित औद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी ली गयी।

झारक्राफ्ट को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करे: झारक्राफ्ट के तहत हो रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभापति ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों को मिल रहे लाभ, झारक्राफ्ट के तहत संचालित दुकानों आदि की जानकारी ली। वहीं उन्होंने झारक्राफ्ट को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उत्पाद कॉरपोरेशन की समीक्षा के क्रम में सभापति को लक्ष्य के विरुद्ध इस वित्तीय वर्ष प्राप्ति की जानकारी दी गयी। मौके पर उन्होंने जिले में नियमानुसार तरीके से शराब दुकानों के संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। खाद्य आपूर्ति निगम की समीक्षा के क्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा डोर टू डोर सप्लाई योजना, पीएचएच कार्ड, अंत्योदय और ग्रीन राशन कार्ड की जानकारी दी गयी।

संचालित गोदाम और वर्तमान स्थिति की ली जानकारी: वही सभापति के द्वारा जिले में संचालित गोदाम और उनके वर्तमान स्थिति की भी जानकारी ली गयी। अल्पसंख्यक वित्त निगम की समीक्षा के क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी के द्वारा सभापति को अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना और अन्य योजनाओं के तहत लाभुक को लाभ देने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गयी। ऊर्जा विभाग की समीक्षा के क्रम में सभापति के द्वारा विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जिले में बिछाई जा रहे ट्रांसमिशन लाइन, पतरातू प्रखंड अंतर्गत निर्माणाधीन पीवीयूएनेल प्लांट के तहत इवेक्युएशन प्लान की भी जानकारी ली गयी। भवन निर्माण निगम की समीक्षा के क्रम में सभापति को निगम द्वारा निमार्णाधीन मॉड्यूलर ओटी, ड्राइविंग ट्रै,क पतरातू प्रखंड अंतर्गत प्रीफैबरीकेटेड अस्पताल आदि की जानकारी दी गयी।

स्वास्थ्य सुविधा की ली जानकारी: झारखंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य आधारभूत संरचना निगम की समीक्षा के क्रम में सभापति द्वारा दवाओं की आपूर्ति एवं दवाओं की एक्सपायरी होने की स्थिति में उनके निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी ली गयी। साथ ही उनके द्वारा नए 108 एंबुलेंस के संचालन एवं उनमें उपलब्ध आधुनिक उपकरणों की भी जानकारी ली गयी।

दुर्गा पूजा समिति की बैठक में फिर अध्यक्ष बने रविंद्र

भव्यता और आकर्षक ढंग से आप सभी के सहयोग मनाई जायेगी दुर्गा पूजा: रविंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रांची रोड स्थित दुर्गा मंडप के समीप रविवार को श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रांची रोड मरार सेवटा की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता समाज सेवी खोगेंद्र साहू ने किया। इस दौरान बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर के निर्णय लिए गये। साथ ही बैठक में 2022 कि समिति के पदाधिकारियों को पुनः 2023 के लिए सर्व समिति से चुना गया। बेटा को संबोधित करते हुए रविंद्र साहू ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मां दुर्गा की पूजा अर्चना रांची रोड में धूमधाम से मनायी जायेगी। कहा कि भव्यता और आकर्षक ढंग से रांची रोड मरार सेवटा को सजाया जायेगा, जिसमे आप सभी की सहभागिता जरूरी है।

समिति में ये थे उपस्तिथ अध्यक्ष रविंद्र साहू, सचिव अजय यादव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील कुमार साहू, उपाध्यक्ष आशीष दास, संजय मंडल, राकेश यादव, संजीव राय, सुनील साहू, उपसचिव मोनू महतो, संजीव राय, बबलू सिंह, अविनाश उपाध्याय, प्रधान संरक्षक वार्ड पार्षद शंकर मिश्रा, संरक्षक खोगेंद्र साहू, बलजीत सिंह बेदी, सीपी संतन, जमुना साहू, दिगंबर साहू, मनोज साहू, उमेश साहू, अनिल कुमार गुप्ता, दिनेश साहू, मुकेश साहू, उपकोषाध्यक्ष सोनू शाह, संदीप कुमार व मीडिया प्रभारी किंकर कुमार, अनुपम शिवनंदन सिंह को बनाया गया।

पंडाल प्रभारी और विसर्जन प्रभारी को भी बनायें गये

बैठक में सर्वसम्मति से पंडाल प्रभारी हरपाल सिंह बेदी, डब्लू शर्मा, रूपेश साहू, सरवन कुमार, अंबर शर्मा, कौशल कुमार एवं विसर्जन प्रभारी भीम साहू, जयपाल साहू, संदीप प्रसाद, लखन प्रसाद, अशोक साहू को बनाया गया।

बैठक में ये थे उपस्थित

नानू सरदार, जीतू कुमार, बीरबल साहू, अंकित सिन्हा, रवि सिंह, सौरभ सिंह, प्रकाश गुप्ता, समीर कुमार, आनंद कुमार आदि उपस्थित थे।

धर्मांतरण कराने आये धर्म प्रचारकों को पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ा

बिना अनुमंडल पदाधिकारी के कोई भी कार्यक्रम ना करें

आजाद सिपाही संवाददाता

हंटरगंज/चतरा। प्रखंड के एकतारा गांव में रविवार को गरीब, अशिक्षित लोगों को बहला फुसलाकर हिन्दू धर्म से इसाइ धर्म में धर्मांतरण कराने आये लोगों का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन धर्म प्रचारक द्वारा स्थानीय लोगों को इसाई धर्म अपनाने के लिए विभिन्न तरह के प्रलोभन दिये जाते हैं। कुछ लोगों को आर्थिक रूप से मदद भी किया जाता है। जिससे लोग इनके प्रलोभन से प्रभावित होकर हिंदू धर्म को छोड़ रहे है और इसाई धर्म अपना रहे हैं। इससे हिन्दू संगठनों में आक्रोश भी देखा जा रहा है। इस मामला को तुल पकड़ता देख कुछ स्थानीय लोगों ने स्थानीय थाना को सूचित किया। स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले में हस्तक्षेप करते हुए धर्मांतरण कराने आये धर्म प्रचारकों को कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि किसी भी गांव में कार्यक्रम आयोजित करने से पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी से आदेश लेकर बैठक करें, और किसी को जबरन धर्मांतरण करने के लिए विवश नहीं करें ।ऐसा करते हैं तो आपके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर हिंदू संगठन के काफी संख्या में लोग मौजूद है।

श्री कृष्ण विद्या मंदिर की वाइस प्रिंसिपल को इनरव्हील क्लब ने किया सम्मानित

शिक्षक नैतिकता, ज्ञान और साहस के साथ छात्रों का करते हैं मार्गदर्शन: मेघा

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। इनरव्हील क्लब के तत्वाधान में रविवार को शिक्षक दिवस को लेकर श्री कृष्ण विद्या मंदिर के वाइस प्रेसिडेंट सपना चक्रवती को सम्मानित किया गया। मौके पर इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष मेघा बगड़िया ने कहा कि इनरव्हील क्लब प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिक्षकों के महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने के लिए उनका सम्मान करते आ रही है और आगे भी करते रहेगी उन्होंने कहा कि हमारे समाज के उत्कृष्टता का प्रमुख है शिक्षक। शिक्षक नैतिकता, ज्ञान और साहस के साथ छात्रों का मार्गदर्शन देते आ रहे हैं और उनके भविष्य को उज्जवल बनाते हैं। बताते चले की सपना चक्रवती पिछले 23 वर्षों से श्री कृष्ण विद्या मंदिर में सीनियर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को इतिहास, भूगोल और नागरिक शास्त्र की शिक्षा देते आ रही है।

सचिन नीरू साहनी, कोषाध्यक्ष नमिता सर्राफ, जसविंदर कौर, पिंकी गांधी, मधु अग्रवाल, मीरा बगड़िया, मनवीर कौर, रंजू अग्रवाल, रंजू अरोड़ा, विजय एंगर, नम्रता जैन, पिंकी पोद्दार, हिना कोटेचा, राजेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र कालरा, परमजीत कौर, ममता अग्रवाल, प्रियंका जैन, सुमन सोनी आदि उपस्थित थी।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

कुजू (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के छोटानागपुर पेट्रोलियम एजेंसी ट्रांसपोर्ट नगर, कुजू के पास शनिवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गयी। घटना की सूचना पेट्रोल पंप कर्मियों द्वारा कुजू पुलिस को दिया गया। पुलिस घटनास्थल पहुंचकर युवक के क्षत-विक्षत शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया। बताया जाता है कि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक का शरीर पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। समाचार लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है।

विद्युत विभाग का रांचीरोड में ऊर्जा मेला आज

कुजू (आजाद सिपाही)। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुजू द्वारा आगामी 11 सितंबर को विद्युत शक्ति उपकेंद्र बीआरएल, रांचीरोड में ऊर्जा मेला का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सहायक विद्युत अभियंता बीरेंद्र उरांव ने बताया कि पूर्वाह्न 11 से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित ऊर्जा मेला में विद्युत संबंधित सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से मेले में शामिल होने का आग्रह किया है।

भाकपा माले कुरसे पंचायत कमेटी की बैठक

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भाकपा माले कुरसे पंचायत कमेटी की रविवार को बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सुरेंद्र मुंडा और संचालन बिहारी मुंडा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि जिला कमेटी सदस्य सरयू मुंडा और देवानंद गोप उपस्थित थे। मौके पर सरयू मुंडा ने कहा कि पुरे जिले में जिला प्रशासन पूरी तरह बेलगाम हो गई है। जिला पुलिस प्रशासन की मिली भगत से कोयले, बालू की बेतहाशा चोरी हो रही है। लूट, हत्या, अपराध चरम पर है। उन्होने कहा कि पिछले दो सितंबर को माले के रामगढ़ जिला कमेटी सदस्य जयबीर हांसदा के साथ घाटों थाना प्रभारी ने दुर्व्यवहार किया। इसकी शिकायत के बाद भी जिला के पुलिस कप्तान ने कोई साकारात्मक पहल नहीं किया। ओपी प्रभारी को निलंबित करने की मांग को लेकर 11 सितंबर को माले कार्यकर्ता रामगढ में प्रतिवाद मार्च निकालेंगा। मौके पर मनोज मांझी, दसाराम मांझी, रंजीत मुंडा, मनोज मुंडा, नरेश गंझु, अजय सोरेन, राजदेव मुंडा, अजित महतो, शंकर महतो, अमित मुंडा, सुरेश मुंडा, विजय मुंडा, रति मुंडा, मुंशी मांझी, अशोक मुंडा, महादेव मांझी, ब्रह्मदेव मुर्मू, सनी मुर्मू, तिलक मुंडा, गणेश मुंडा, कपिल मुंडा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

सत्संग में आने से ही आत्मज्ञान होता है: संत रामपाल जी

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। ना जाने कितने असंख्य युग के बीत जाने पर भी हमें उस अनमोल रहस्य का पता नहीं चल पाया था, जो प्रत्येक मानव के लिए जरूरी था। आखिर मनुष्य इस काल के जाल में कैसे उलझा। ये संपूर्ण भेद इस धरती पर आकर सही-सही बताते हैं। रविवार को कबीरपंथी संत रामपाल महाराज ने सत्संग में उपस्थित लोगों को सृष्टि के रचना का रहस्य के बारे में बताते हुए कहा कि हमारे वेदों व श्रीमदभगवतगीता कबीर सागर में सृष्टि रचना का संपूर्ण रहस्य कबीर साहब ने बताया है। क्योंकि आदि से ही इस संसार की रचना कबीर साहब ने ही की है। इसका प्रमाण भी हमारे शास्त्रों में मिलता है। कबीर साहिब ने अपनी वाणी में कहा है कि हम ही अलख -अल्लाह हैं। कुतुब गोश और पीर। गरीबदास खालिक धनी हमारा नाम कबीर। इस सत्संग में सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस मौके पर संत रामपाल महाराज द्वारा रचित ग्रंथ जीने की राह, गीता तेरा ज्ञान अमृत तथा गरिमा गीता की नामक जैसे मानव जीवन के लिए उपयोगी पुस्तकों को बांटा गया। स्थानीय सेवादार टुनटुन दास ने बताया कि जीने की राह पुस्तक बहुत ही मोटिवेशनल पुस्तक है, जो हमारे भारतीय समाज को दृष्टिगत लिखी गई है। वर्तमान की युवा पीढ़ी को यह पुस्तक अवश्य पढ़नी चाहिए। इस दौरान कई लोगों ने दीक्षा भी ग्रहण की और समस्त प्रकार की बुराइयों से आजीवन बचने का दृढ़ संकल्प भी लिया।

'मेरी माटी-मेरा देश' कार्यक्रम के तहत पांडेयपुरा पंचायत से किया मिट्टी संग्रह

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पांडेयपुरा में आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत रविवार को एक मुट्ठी चावल और मिट्टी का संग्रह किया गया। ज्ञात हो कि भारत के स्वतंत्रता, एकता, अखंडता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नायकों के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा गांव में मौजूद तालाबों के संरक्षण के लिए उसके किनारे देश और कर्तव्य के लिए अपनी जान देने वाले शहीदों का स्मारक बनाया जायेगा। इसका समापन दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होगा जहां देश भर की पंचायत से लायी गयी मिट्टी से अमृत वाटिका लगाई जायेगी। मौके पर पांडेयपुरा के भाजपा मंडल अध्यक्ष संतन सिंह, पवन प्रसाद, सत्येन्द्र सिंह, जगनारायण भारती, संतोष साह, युगल पांडे, मुन्ना सिंह, मोनू कुमार, सनोज कुमार, नरसिंह सिंह मंडल सदस्य आदि उपस्थित थे।

प्रखंड स्तरीय आकांक्षी कार्यक्रम का अयोजन

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। रीवर साइड स्तिथ बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में प्रखंड स्तरीय आकांक्षी कार्यक्रम के तहत जन प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया सत्यवंती देवी ने किया। बैठक में नीति आयोग का कार्य देख रहे पिरामल फाउंडेशन के सीनियर प्रोग्राम लीड प्रवीण कुमार, प्रोग्राम लीडर मिथुन भंडारी, कल्याणी प्रकाश राऊत ने स्वास्थ्य विभाग के इंडिकेटर के तहत प्रसव पूर्व पूर्ण जांच, संस्थागत प्रसव, बच्चे का वजन 2500 ग्राम से कम ना हो, टीवी के मरीजों को चिन्हित कर उचित इलाज और हाइपरटेंशन और शुगर की मरीज का निरंतर संपर्क का सलाह दिया। इस अवसर पर मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से नवजात शिशुओ एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और संस्थागत प्रशव को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित करना है। टीकाकरण और पोषण आहार के माध्यम से कुपोषण से बच्चों और एनीमिया से महिलाओं को बचाना है। अधिक से अधिक सरकारी अस्पतालों में प्रसव सुनिश्चित करने हेतु गर्भवती महिलाओं का निबंधन आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा कराया जाना है। जिससे जन्म के समय मृत्यु दर को कम किया जा सके। उन्होंने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय छोड़ने वाले बच्चों पर रोक लगाने के लिए परिजनों से मिलकर समस्याओं का निराकरण करना है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, उप मुखिया प्रशांत कुमार, जल सहिया छुवि देवी, प्रधानाध्यापक रवीश कुमार, शकुंतला देवी, दयामुनी मुर्मू, अनीता देवी, रेणुका देवी, नीतू सिन्हा, वीणा देवी, विनय कुमार, अध्यक्ष शेरोफिना एक्का, रंजू सिंह, मंजू देवी, तिलोतमा तिवारी, एलिजाबेथ डोडराय, किरण सिंह, प्रेमी सलोमी तिर्की, आतोषी मुखर्जी, शकुंतला देवी, मीरा देवी, संजीदा खातून, सीमा कुमारी, रुपाली कुमारी, मो इम्तियाज हुसैन, स्मृता देवी, उर्मिला देवी, सुजाता देवी, कौशल्या देवी, विप्लव कुमार, रविकांत सिंह, भगवान दास करमाली आदि मौजूद थें।

डायबिटीज की चुनौती

देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या को लेकर आये ताजा आंकड़े निश्चित रूप से चौंकाने वाले हैं, लेकिन इन्हें चेतावनी के रूप में भी देखा जाना चाहिए। जाने-मानी स्वास्थ्य पत्रिका 'लांसेट' में प्रकाशित भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के ताजा अध्ययन के मुताबिक, देश में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 10 करोड़ से ऊपर हो गयी है। हैरानी की बात यह है कि पिछले चार साल के अंदर इसमें 44 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जो बात इन आंकड़ों को ज्यादा गंभीर बनाती है, वह यह भी है कि प्री-डायबिटीज मामलों की संख्या भी कम नहीं है। ताजा सर्वे के मुताबिक अगर देश की 11.4 फीसदी आबादी डायबिटीज से पीड़ित है, तो 15.3 फीसदी लोग प्री-डायबिटीज श्रेणी में हैं। प्री-डायबिटीज श्रेणी में उन लोगों को रखा जाता है, जिनका ब्लड शुगर लेवल सामान्य से ज्यादा होता है, लेकिन इतना ऊपर नहीं होता कि टाइप-2 डायबिटीज की श्रेणी में शामिल किया जा सके। ये ऐसे लोग होते हैं, जिनके डायबिटिक होने का अंदेशा रहता है। प्री-डायबिटीज का कोई मामला डायबिटीज में शामिल होगा या नहीं और होगा, तो कितने समय में, इसे लेकर निश्चित तौर पर कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन विशेषज्ञ आम तौर पर मानते हैं कि ऐसे एक तिहाई मामले डायबिटीज में तब्दील हो जाते हैं।

खासकर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां हर एक डायबिटिक व्यक्ति पर प्री-डायबिटीज के क्रमशः चार और तीन मामले बताये जा रहे हैं। इन हालात में खास तौर पर किडनी मरीजों की संख्या में इजाफा होने जैसी स्थितियों के लिए तैयार रहने की जरूरत है।

दूसरे एक तिहाई मामले प्री-डायबिटीज श्रेणी में ही बने रहते हैं, जबकि आखिरी एक तिहाई जीवन शैली में बदलाव और ऐसे अन्य उपायों से बेहतर होकर नॉर्मल स्थिति में लौट जाते हैं। अगर प्री-डायबिटीज के एक तिहाई मामले भी डायबिटीज में परिवर्तित हुए, तो स्वास्थ्य के मोर्चे पर अगले कुछ वर्षों में गंभीर चुनौती पैदा हो सकती है। खासकर उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में, जहां हर एक डायबिटिक व्यक्ति पर प्री-डायबिटीज के क्रमशः चार और तीन मामले बताये जा रहे हैं। इन हालात में खास तौर पर किडनी मरीजों की संख्या में इजाफा होने जैसी स्थितियों के लिए तैयार रहने की जरूरत है। ऐसे कई मरीजों को डायलिसिस की जरूरत पड़ती है। न केवल ऐसी मशीनें कम हैं और ज्यादातर शहरी केंद्रों तक सीमित हैं, बल्कि उनका बेहद खर्चीला होना भी उन्हें ज्यादातर किडनी मरीजों की पहुंच से दूर कर देता है। गैर-सरकारी संगठनों और अन्य सेवाभावी संस्थाओं की ओर से जहां-तहां ऐसी सेवाएं मुफ्त या कम कीमत पर उपलब्ध करायी जा रही हैं, लेकिन यह अव्यवस्थित, अनियमित और अपर्याप्त हैं। हाल में केरल सरकार की ओर से जरूर राज्य में किडनी मरीज को मुफ्त डायलिसिस सेवा उपलब्ध कराने की एक योजना शुरू की गयी है, जिसके तहत हर जिले के कम से कम एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र में इसे शुरू करने की बात है। यह पहल सराहनीय तो है ही, अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय भी है।

अभिमत
आजाद सिपाही

भारतीय राष्ट्रत्व के प्रवाह की गति निहारने में रामायण और महाभारत युग ही पर्याप्त फलदायी हैं। इस युग में आसेतु हिमाचल की संकल्पना का विकास, देश की अखिलता की पहचान, राष्ट्र-राज्य विभेद, सांस्कृतिक राष्ट्रीय व्यवहार का प्रारंभ नजर आता है। रामायण काल में राष्ट्रत्व का प्रवाह अबाधित बहता रहा। राष्ट्र-राज्य कल्पना का युगोचित विकास हुआ। हिमालय से दक्षिण सागर तक एक देश के भाव का उत्क्रमण होने लगा और व्यवहार में उसका प्रतिफल दिखने लगा।

एकात्म और वैश्विक है भारत का जीवन दर्शन

सुखदेव वशिष्ठ

भारत में जीवन आदि काल से अविरल प्रवाह के समान बह रहा है। हमारे वेदकालीन पूर्वजों ने मानव को समजत्व से समाजत्व की ओर संस्कारित करने के उद्देश्य से ही गुणों के आधार पर मानवी व्यवस्था की कल्पना की। वे हमारी तरह गृहस्थ, पर ऋषि-महाऋषि थे। वे जानते थे कि कर्म से ही कार्य सफल होता है। अतः उन्होने दीक्षा ली और अखंड तप किया, जिसके फलस्वरूप उन को बल, ओज और राष्ट्र का दर्शन हुआ। मनुष्य का समूह प्रबुद्ध बनने की महती व्यवस्था का अभंग घटक बना, अर्थात राष्ट्र बन गया। जनपद जब सामूहिक गुणान्वित और सुसंस्कृत होता है, तो राष्ट्र बन जाता है। इस प्रकार वेदकाल में भारत में राष्ट्र नामक जन जीवन का उदय भावनात्मक था। राष्ट्र के आठ स्तंभ हैं, सत्य, बृहत, ऋतम, उग्रम, दीक्षा, तप, ब्रह्म और यज्ञ।

भारत का अर्थ है ,भा अर्थात प्रकाश में रमना। वास्तव में राष्ट्र का भी अर्थ वही है। राष्ट्र भी नर को प्रकाश की ओर ले जाने वाला साधन ही है। राष्ट्र और राष्ट्र के जन-जन का पारस्परिक रिश्ता माता-पुत्र का है। वेद कालोत्पन्न भारत राष्ट्र यूरोप के नेशन से बिल्कुल भिन्न है। राष्ट्र शांति और जय है, जबकि पश्चिमी नेशन हिंसाजन्य है। ऋषियों की तपोदीक्षा से राष्ट्र उगा। राष्ट्र राज्य से कई शताब्दी ज्येष्ठ है। वेदकाल के उपरांत महाभारत काल के पूर्व उपनिषद काल में भी दंड-दांडिक आदि ठोस रूप में अस्तित्व में न होते हुए भी समाज की संघटित व्यवस्था थी। वेदकाल में उपजा राष्ट्रत्व सहस्त्रों वर्षों के बाद लोक अनुभवों और लोक व्यवहार के कारण परिमार्जित होता गया और उसमें राजत्व जुड़ता गया।

अंग्रेजों ने भी हमारे राष्ट्र जीवन को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया।

भारतीय राष्ट्रत्व के प्रवाह की गति निहारने में रामायण और महाभारत युग ही पर्याप्त फलदायी हैं। इस युग में आसेतु हिमाचल की संकल्पना का विकास, देश की अखिलता की पहचान, राष्ट्र-राज्य विभेद, सांस्कृतिक राष्ट्रीय व्यवहार का प्रारंभ नजर आता है। रामायण काल में राष्ट्रत्व का प्रवाह अबाधित बहता रहा। राष्ट्र-राज्य कल्पना का युगोचित विकास हुआ। हिमालय से दक्षिण सागर तक एक देश के भाव का उत्क्रमण होने लगा और व्यवहार में उसका प्रतिफल दिखने लगा।

रामायण से महाभारत तक के सहस्त्राब्द में राष्ट्र ने राजा और राज्य का परिधान अपनाया। इस बीच गणराज्य का प्रयोग भी हुआ। तीर्थ यात्रा की प्रथा भी चल पड़ी। सर्वप्रथम भारत का नामोल्लेख हुआ। सम्राट की संकल्पना उदित हुई। लेकिन इस के लिए देशबांधवों को एक बूंद का रक्तपात नहीं करना पड़ा।

तीसरे सहस्त्राब्द की संध्या में भारतीय राष्ट्रत्व को अनुभवों के प्रति विधियों के बलबूते पर चाणक्य ने परिपुष्ट किया। ईश्वरीय कृपा से उन्हें योग्य सहयोगी मिला इसी मणिकांचलन योग का सुफल है- श्री विजय, विभूति की प्राप्ति। चंद्रगुप्त मौर्या की तीसरी पीढ़ी के सम्राट अशोक हुए। कलिंग में घोर वीभत्स दृश्य से उनका हृदय द्रवित हुआ और वह बुद्ध मार्ग के अनुगामी बने। उन्होंने राजधानी पाटलिपुत्र में अशोक स्तंभ स्थापित किया, जिसके मुकुट स्थान पर 'सत्यमेव जयते' मुद्रित किया गया था। भारत के राष्ट्रत्व के विकास में यह अशोक मुद्रा बहुत महत्वपूर्ण है। 37वीं सदी में अरब स्थान में इस्लामी पंथ का जन्म हुआ। इस्लामी झंडे के नीचे मुसलमानी सेना पश्चिम की दिशा में निकली और देखते-देखते युरोप में स्पेन में इसाइयत को उखाड़ कर इस्लामियत की स्थापना की। दूसरी वाहिनी पूर्व की ओर हिंदुस्थान की तरफ निकली। खैबर खाड़ी पार कर भारत में प्रवेश कर गुजरात पर आक्रमण किया। तब से एक हजार वर्ष तक अरब, तुर्क, ईरानी, पठान, मुगल आदि द्वारा आक्रमण जारी रहा, लेकिन सभी गंगा के किनारे आ कर डूब गये।

इस युग में स्मरणीय है दक्षिण में विजय नगर की स्थापना तथा समर्थ रामदास जी और गुरु गोविंद सिंह जी का शुभोदय। इनके द्वारा जागृत समाज ने आगामी दिनों में महाराजा रणजीत सिंह का साम्राज्य स्थापित किया। उसी प्रकार छत्रपति शिवाजी के अनुगामियों ने अटक से कटक तक का साम्राज्य स्थापित किया। उस लंबे पराधीन कालखंड में समस्त भारतीय जन समूह में अंत में धर्म जीतने की आस्था दृढ़ हुई।

इसके बाद आये कंपनी काल में अंग्रेजों द्वारा यहां मंत्र विप्लव का बीज बोया गया। उन्होंने कहा कि वह ईश्वर की योजना से आये हैं। भारतीयों के मन में न्यूनगंड का भाव अंकुरित होने लगा। राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के अगले वर्ष यु. 4960 में हिंदुस्तान की कॉलोनी का प्रशासन अंग्रेजी पार्लियामेंट के अधीन हो गया और वायसरॉय सर्वे-सर्वा बन गये।

द्वितीय महायुद्ध के बाद के वातावरण, कॉलोनियल खेमों का बलक्षय, कॉलोनी जनों का जागरण आदि के कारण भारत को यु 5049 अगस्त 15 को आजादी मिली। तब देश भर के सभी स्वयंसेवकों की एक आंख में संतोष का, तो दूसरी आंख में संताप का आंसू था।

वर्तमान वैज्ञानिक युग में भारत के दर्शन की तरफ विश्व के प्रज्ञावान आकृष्ट हो रहे हैं। वातावरण अनुकूल है, विज्ञान अनुकूल है। अमर राष्ट्रत्व का अनंत प्रवाह आगे गतिमान है। रावण के काल से अब तक समय-समय पर अधर्म ने अपनी विनाशकारी शक्तियों से यहां शासन किया है। तत्पश्चात अंग्रेजों ने भी हमारे राष्ट्र जीवन को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया। किंतु इन भयंकर संकट-वेलाओं का सामना कर हमारा समाज आज भी जीवित है।

तमिलनाडु प्रोग्रेसिव राइटर्स एसोसिएशन ने दो अगस्त को चेन्नई में एक सम्मेलन आयोजित किया था, जिसका नाम रखा गया था- सनातनम (सनातन धर्म) उन्मूलन सम्मेलन! इस सम्मेलन को उदयनिधि स्टालिन ने भी संबोधित किया था।

क्या बोले उदयनिधि स्टालिन?

जानकारी के मुताबिक, उदयनिधि ने कहा, सनातन धर्म को खत्म करने के लिए आयोजित इस सम्मेलन में मुझे बोलने का मौका देने के लिए मैं आयोजकों को धन्यवाद देता हूं। मैं सम्मेलन को 'सनातन धर्म का विरोध' करने के बजाय 'सनातन धर्म का उन्मूलन' कहने के लिए आयोजकों को बधाई देता हूं। उन्होंने आगे कहा, कुछ चीजें हैं, जिन्हें हमें खत्म करना है और हम सिर्फ विरोध नहीं कर सकते। मच्छर, डेंगू, कोरोना और मलेरिया ऐसी चीजें हैं, जिनका हम विरोध नहीं कर सकते। हमें उन्हें खत्म करना है। सनातनम भी ऐसा ही है। सनातनम का विरोध नहीं, बल्कि उन्मूलन करना हमारा पहला काम है। स्टालिन का बयान उसमें बौद्धिक क्षमता का अभाव ही दिखाता है।

भारतीयों का जीवन एक अविरल प्रवाह के समान बह रहा है। इसके मार्ग में अनेक बाधाएं आयीं, लायी गयीं। उन बाधाओं को पार करते हुए यह प्रवाह सतत आगे बढ़ता ही रहा। आध्यात्मिक आधार ही भारतीय जीवन और जीवन दृष्टि की विशेषता है। इसलिए वह एकात्म, सर्वांगीण, सर्वसमावेशी और वैश्विक है।

जमशेदपुर की खबरें

बागबेड़ा जलापूर्ति योजना का शिलान्यास से पूर्व कार्य शुरू, स्थानीय लोगों में हर्ष

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। बागबेड़ा जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट का कार्य शिलान्यास से पूर्व ही शुरू कर दिया गया। रविवार को कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगो में हर्ष है। मौके पर आरटीआई कार्यकर्ता विनय सिंह ने बताया 27 अप्रैल से माननीय न्यायालय के आदेश पर फिल्टर प्लांट का कार्य चालू किया गया था। कार्यपालक अभियंता के द्वारा लिखित दी गई। लेकिन काम चालू होने के बाद बीते कई दिनों से कार्य बंद रहा। जबकि 15 महीने के अंदर काम को पूरा करना है। जिसमे 4 महीना बीत चुका है। वही सुबोध झा ने कहा रविवार से काम में तेजी लाया गया। विभाग के अधिकारी ठेकेदार सभी लोग उपस्थित रहे। उन्होंने कहा बागबेड़ा महानगर विकास समिति का उद्देश्य है बागबेड़ा की 1140 घरों के 20 हजार जनता को स्वच्छ पानी मिले। इसको लेकर समिति के द्वारा जल आंदोलन किया गया था। झारखंड हाईकोर्ट में जनहित में याचिका दायर व डीसी कोर्ट में मामला दर्ज कर योजना के लिए एक करोड़ 88 लाख की स्वीकृति हुई। काम चालू होने से जनता में खुशी है।

मुखी समाज कल्याण समिति के तीन पद के लिए चुनाव में 13 प्रत्याशी

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। धतकीडीह हरिजन बस्ती कार्यालय में मुखी समाज कल्याण समिति का चुनाव शांति पुण्य कराया गया। रविवार को समाज कल्याण समिति के चुनाव में समाज के लगभग 16 हजार भोटर अपना मत का प्रयोग करेंगे। चुनाव में कुल 13 प्रत्यासी जीत के लिए चुनाव मैदान में डटे है। जिसमे 7 मुखिया,3 कोषाध्यक्ष और 3 महामंत्री पद के दावेदार है। सभी अपने किस्मत अजमा रहे है। मौके पर मेडिकल बस्ती से मुखिया प्रत्यासी गोबिंदा मुखी ने बताया बहुत हर्ष की बात है मुखी समाज कल्याण समिति के चुनाव 6 वर्ष के बाद शांतिपूर्ण हो रहा है। उन्होंने बताया चुनाव में कुल 13 प्रत्याशी है। लगभग 16 हजार मतदाताओं ने मुखिया पद, महामंत्री और कोषाध्यक्ष के लिए अपने मत का प्रयोग करेंगे। गोबिंदा मुखी ने कहा एक उज्जवल समाज के निर्माण में मतदाताओं के द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। ताकि समाज के सभी बच्चों को रोजगार मिले, शिक्षा मिले, स्वास्थ्य लाभ मिले, साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिले इस ही उद्देश्य के साथ सभी का उज्जल भविष्य की कामना करते हैं। रविवार को चुनाव के दौरान लंबी कतार में मतदाताओं का भीड़ उमर पड़ी। सभी शांति पूर्वक मतदान कर देर शाम तक परिणाम के इन्तेजार में लगे रहे।

राजनगर के डुमरडीहा में ट्रक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलटा, चालक फरार

राजनगर (आजाद सिपाही)। सरायकेला खरसावां जिले के राजनगर थाना क्षेत्र स्थित डुमरडीहा में शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गयी। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया। बताया जा रहा कोयला लोड ट्रक पलटने से सड़क के चारों ओर बिखर गया। इधर स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

'अब्दुल हमीद अमर रहे' के नारों से गूंजा कालीमाटी,नमन परिवार ने दी श्रद्धांजलि

परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद जैसे वीर हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत : काले

इस तरह के आयोजन से लोगों के अंदर देश प्रेम का जज्बा भरता है : महेंद्र पाल सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के शहादत दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। रविवार को शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था नमन परिवार के द्वारा कालीमाटी रोड स्थित कार्यालय में संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ो लोग शामिल रहे। मौके पर कई गणमान्यों लोग, शहर के महिलाएं व युवाओं ने शामिल होकर वीर अब्दुल हमीद की कुबार्नी को याद करते हुए नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा अब्दुल हमीद जैसे वीर हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं। धन्य है वो मां जिसने ऐसे वीर शहीद को जन्म दिया। काले ने कहा आजादी से लेकर अब तक शायद ही ऐसी कोई लड़ाई हो जिसमे देश के वीर जवानों ने अपनी शहादत से देश का मस्तक ऊंचा न किया हो। भविष्य में हम सभी के साथ खासकर देश के नौवजवानों को जात-पात, धर्म-मजहब से ऊपर उठकर देशहित में सोचना चाहिए। तभी हमारा देश आगे बढ़ सकेगा। मौके पर महेंद्र पाल सिंह ने कहा भारत देश विविधताओं में एकता के लिए जाना जाता है। हमें एकजुट रह कर देश की सेवा में अपने को समर्पित करना चाहिए। सिंह ने कहा इस तरह के आयोजन से लोगों के अंदर देश प्रेम का जज्बा भरते हैं। ऐसे आयोजन निरंतर होने चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ी देश के लिए कुर्बानियां देने वाले शहीदों के बारे में जान सके। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान नमन संस्था के संरक्षक अमरजीत सिंह काले को इस तरह के आयोजन के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के राजीव कुमार,युपी संघ के रामकेवल मिश्रा, नमन सदस्य महेश मिश्रा, मॉर्निंग वॉक ग्रुप शशिबीर राणा व अन्य ने अपने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन धनुधर त्रिपाठी व धन्यवाद ज्ञापन पप्पू राव ने किया। मौके पर इंद्रजीत सिंह, वरुण, बी सिंह, राजू, लता, ममता सिंह, पुतुल, मिनी, डी मनी, लखबी कौर, ममता साहा, सविता देवी, सीता देवी, सीमा, पूनम सहित सैकड़ो देश प्रेमियों ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में जुडको के कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

विभागीय पदाधिकारी व संवेदकों को लंबित कार्यों को ससमय पूर्ण करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। सरायकेला खरसावां जिले के डीसी रविशंकर शुक्ला ने आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में जुड़को द्वारा किए जा रही सिवरेज ड्रेनेज योजना, पेयजल आपूर्ति योजना व सरकारी भूमि के अनापत्ति प्रमाण पत्र की समीक्षा की। बैठक में डीसी के साथ जिला वन प्रमण्डल पदाधिकारी आदित्य नारायण, अपर उपायुक्त, अंचल अधिकारी गम्हरिया व कार्यरत एजेंसी के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

मौके पर डीसी ने आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में सीवरेज व पेयजल आपूर्ति कार्यों की प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही क्रमवार समीक्षा करते हुए कार्यरत एजेंसी व संबंधित पदाधिकारियों को आपसी तालमेल स्थापित कर ससमय कार्य को पूर्ण करने के निदेश दिए। ताकि दुर्गा पूजा से पुर्व प्रभावित क्षेत्रो में सिवरेज व पेयजलापूर्ति के लंबित कार्यों को पूरा किया जा सकें।

नाला जाम व साफ-सफाई की समस्या, पूर्व मुख्यमंत्री ने किया क्षेत्र का दौरा

जल्द युद्ध स्तर पर हो साफ-सफाई : रघुवर

आजाद सिपाह संवाददाता

जमशेदपुर। मनिफिट आदर्श नगर समेत आसपास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बदहाल है। रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास क्षेत्र का दौरा किया। मौके पर स्थानीय लोगों ने नालियों का गंदा पानी लोगों के घर में घुसने से हो रही परेशानियों से अवगत कराया। लोगों की समस्या की जानकारी मिलते ही भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह रघुवर दास ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। स्थानीय लोगों ने बताया नाला जाम होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है। रात की नींद हराम हो गई है।बीमारियों का भय बना हुआ है। रघुवर दास ने सम्बंधित अधिकारियों से बात कर इसके निदान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही क्षेत्र में युद्ध स्तर पर साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ होगा।

झामुमो जिला संपर्क कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। झामुमो जिला समिति पुर्वी सिंहभूम की ओर से साकची जिला सम्पर्क कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विधायक सह केन्द्रीय महासचिव स्वारगीय दुर्गा सोरेन का 53 वॉ जन्म जयंती व 1965 में भारत पाकिस्तान के लड़ाई में भारत देश के शहीद जवान परमवीर चक्र से सम्मानित वीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस पर झामुमो नेताओं ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 11 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in

झामुमो युवा मोर्चा का गढ़वा और डंडा प्रखंड कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

देश का भविष्य युवाओं के हाथ में, समय रहते नहीं चेते तो जीनी पड़ेगी गुलामी की जिंदगी : मंत्री मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। शहर के नवादा मोड़ स्थित उत्सव गार्डेन में रविवार को झामुमो युवा मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर तथा स्व. दुर्गा सोरेन और वीर शहीद अब्दुल हमीद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज जिस जोश और उत्साह के साथ कार्यकर्ता पहुंचे हैं इससे उन्हें गर्व है। मंत्री ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के हाथ में है। यदि युवा समय रहते नहीं चेते तो गुलामी की जिंदगी जीनी पड़ेगी। सभी को वार्ड पार्षद से लेकर सांसद तक अपना सेवक चुनना होगा, तभी आपको अपना हक और अधिकार मिलेगा। मंत्री ने कहा कि विकट परिस्थितियों में भी जब राज्य का काफी तेजी से विकास होने लगा, तब केंद्र ने हर हथकंडा अपना कर राज्य सरकार को अस्थिर और प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। यदि हमारे युवा मुख्यमंत्री को प्रताड़ित किया जाएगा तो हम ईंट से ईंट बजा देंगे। उन्होंने कहा कि वह राजनीति व्यापार के लिए नहीं करते हैं, बल्कि जन सेवा के लिए करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधता में एकता का देश है। कुछ लोग हमें जाति, धर्म उच्च, नीच में बांटकर कटुता पैदा कर सत्ता में काबिज रहना चाहते हैं। हम ऐसे मुट्ठी भर चंद लोगों की साजिश को कभी कामयाब नहीं होने देंगे। आज हम सभी संकल्प लें कि किसी भी हाल में मुट्ठी भर लोगों को हम लोकतंत्र एवं संविधान से खिलवाड़ करने में कामयाब नहीं होने देंगे। केंद्र में बैठी सरकार को जनता से कोई लेना-देना नहीं है। पूरे देश का 40% रॉयल्टी झारखंड से जाता है। झारखंड देश का सबसे अमीर राज्य है, फिर भी यहां के लोग काफी गरीब हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे गढ़वा को कोई खैरात नहीं दे रहे हैं। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि हेमंत सरकार ने 1932 के खतियान का स्थानीय नीति लागू किया भाजपा ने उसे राज्यपाल से वापस कर दिया। सरकार ने नियोजन नीति बनायी, 26 हजार से अधिक शिक्षकों की बहाली निकली इसे भी भाजपा ने कोर्ट से रद्द कर दिया। भाजपा सिर्फ राज्य के विकास की पहिया को रोकने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि जनता ने जब से उन्हें सेवा का मौका दिया है तब से वे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने में लगे हुए हैं। मौके पर झामुमो युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह छोटू आदि लोगों ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, अनिता दत्त, जिप उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, भवनाथपुर जिप सदस्य रंजनी शर्मा, नवीन तिवारी, आशुतोष, शरीफ अंसारी, प्रियम, करीब अंसारी, फुजैल अहमद सहित काफी संख्या में गढ़वा और डंडा प्रखंड के झामुमो युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ ओंकारनाथ शर्मा का निधन

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। केतार के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ ओंकारनाथ शर्मा(75 वर्ष) का निधन हृदय गति रुक जाने से हो गयी। उनके निधन से पूरे अनुमंडल क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। बड़ी संख्या में लोग शोक संवेदना व्यक्त कर रहे है। ओंकार नाथ शर्मा कई वर्षों से केतार में रहकर चिकित्सा कार्य के साथ समाजसेवा करते थे अपने कार्यो से वे लोगों के दिल मे जगह बना ली थी। मूलतः वे नगर उंटारी थाना क्षेत्र के अहिरपुवा गांव के रहने वाले थे।ओंकार नाथ शर्मा प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ निसिथ नीरव व डॉ निशंक निश्रम के पिता थे। केतार स्थित घर मे दिल का दौरा पड़ने के बाद आनन-फानन में उन्हें मेदिनीनगर स्थित नारायण अस्पताल ले जाया गया था। इलाज के दौरान शनिवार रात 2 बजे करीब उन्होंने दम तोड़ दिया। शव रविवार सुबह केतार स्थित घर पहुंचा। जहां श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लग गया। उधर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, झामुमो के अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, राधेश्याम जायसवाल, डॉ संतोष कुमार सहित अन्य लोगो ने शोक व्यक्त किया है।

सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। शहर में सिटी हॉस्पिटल के समीप हुए सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। घटना में चैनपुर थाना क्षेत्र निवासी प्रेमचंद शर्मा की मौत हो गयी। जबकि घायलों में हलिवंता गांव निवासी चंदू पासवान और नितेश कुमार का नाम शामिल है। मृतक प्रेमचंद महदेइया में निमार्णाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भवन में मजदूरी का कार्य करता था। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रेमचंद बस स्टैंड से म्हदेइया की ओर जा रहा था इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक बाइक से उसकी टक्कर हो गयी। इसी दौरान बस स्टैंड की ओर जा रहे एक अन्य बाइक भी दुर्घनाग्रस्त बाइक से टकरा गयी। जिसपर चंदू और नितेश सवार थे। तीनो घायलों को स्थानीय लोग और पुलिस बल के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां प्रेमचंद को मृत घोषित कर दिया गया। वही दो अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। एसआई राहुल कुमार सहित अन्य पुलिस के जवान अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी लिया।

भव्य व शांतिमय दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बैठक

रमना (आजाद सिपाही)। डंडई मार्ग पर स्थित चुन्दी ग्राम के लोगों ने 18 वाँ दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर श्री दुर्गा पूजा समिति की बैठक देवीधाम परिसर में किया। बैठक में पूर्व की भाति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा आयोजन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर गत वर्ष का आय-व्यय का लेखाजोखा प्रस्तुत करते हुए इस वर्ष भी भव्य पंडाल, लाईट और सजावट का वजट तैयार किया गया। बैठक के अंत में पूजा कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संतोष साह को अध्यक्ष, रमेश साह व शंभू यादव को उपाध्यक्ष, विनोद प्रजापति को सचिव, विशुनदेव प्रजापति को उप सचिव और गुलाबचन्द्र साह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि संरक्षक के तौर पर कालीचरण साह को बनाया गया है। मौके पर प्रमोद कुमार सिंह, एस कुमार प्रजापति, नागेंद्र साह, राकेश विश्वकर्मा, बैजनाथ साह, हरि नारायण साह, एस कुमार प्रजापति, ब्रह्मदेव प्रजापति, नागेश्वर सिंह, लालू राम साहित कई लोगों उपस्थित थे।

भैंसा के पटकने से 18 वर्षीय बबीता कुमारी की मौत

बिशुनपुरा (आजाद सिपाही)। घरेलू भैंसा के पटकने से 18 वर्षीय बबीता कुमारी की मौत हो गयी है। विशुनपुरा प्रखंड के बलुआखाड़ निवासी ब्रह्मदेव यादव की पुत्री थी। समाचार के मुताबिक मृतक बबीता कुमारी प्रत्येक दिन की तरह अपने भैंस चराने गयी थी। इसी बीच भैंसा को खेती खाते देख डंडा लेकर हांकने गयी। इसी दौरान भैंसा ने उसपर हमला बोल दिया और बुरी तरह घायल कर दिया। परिजनों ने घायल अवस्था में घर लाया जहां उसकी मौत हो गयी। मृतक टेन प्लस टू विद्यालय पिपरीकला में 12वीं की छात्रा थी। उसकी इस तरह मौत होने से पूरा परिवार समेत ग्रामीण भी सकते में हैं।

हेमंत सरकार में योजनाओं को धरातल पर लाना बालू के अंदर से तेल निकालने के बराबर: विधायक भानुप्रताप

आजाद सिपाही संवाददाता

सगमा। भ्रष्टाचार में लिप्त हेमंत सोरेन सरकार में योजनाओं को धरातल पर लाना बालू के अंदर से तेल निकालने के बराबर है।

उक्त बातें विधायक भानूप्रताप शाही ने प्रखंड के चैनपुर गांव में सड़क शिलान्यास के बाद सभा को संबोधित करते हुए कही। बताते चलें कि रविवार के दिन विधायक भानूप्रताप शाही के कर कमलों द्वारा मकरी चौराहा पर 3 करोड़ 84 लाख रुपये की लागत से मकरी चैनपुर होते हुए उत्तर प्रदेश सिमा तक लगभग चार किलोमीटर सड़क निर्माण का शिलान्यास गांव के बुजुर्ग राम वृक्ष ठाकुर जी सदस्य अंजू यादव मुखिया इंद्रजीत कुषवाहा के साथ विधायक ने पूजा पाठ के बाद नारियल फोड़ कर किया। शिलान्यास के बाद चैनपुर गांव स्थित मध्यविद्यालय के समीप विशाल शिलान्यास सभा का आयोजन किया गया। उक्त सभा को संबोधित करते हुए विधायक साही ने हेमन्त सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झामुमो व कांग्रेस गठबंधन की सरकार पूरीतरह भस्टाचार में लिप्त है। स्थिति यह है कि प्रखंड अंचल जिला से लेकर राज्यस्तर तक लूट मचा हुआ है।

इस सरकार में बिना रिश्वत दिये कोई काम नही हो रहा है।

जनता सब देख व समझ रही है प्रदेश की जनता आने वाले समय मे सबक सिखाने के लिए तैयार है उन्होंने कहा कि सगमा प्रखंड का जन्म मेरे कार्यकाल में हुआ था इसे सजाने व सवारने की जिम्मेवारी भी हमारी है। अपनी पार्टी की सरकार नहीं होते हुए भी भवनाथपुर विधानसभा झारखण्ड का इकलौता छेत्र जहां सड़को का जाल बिछाया जा रहा है।

सभा को संबोधित करने वालो में मुख्यरूप से भगत दयानंद यादव पूर्व जीप सदस्य नन्दगोपाल यादव भाजपा के वरिष्ट नेता राजेश जयसवाल सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रसाद यादव बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुषवाहा विनोद कुमार राम इंद्रमणि जयसवाल का नाम शामिल है।

पेशका में एआइएमआइएम के कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह में डॉ एमएन खान ने कहा

गढ़वा के पूर्व व वर्तमान जन प्रतिनिधियों ने जनता को ठगा

बलराम शर्मा

मेराल। प्रखंड के पेशका उच्च विद्यालय के प्रांगण में रविवार को एएमआईएम का कार्यकर्ता सम्मेलन सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पेशका, दुलदुल्वा, चामा, करकोमा, तीसरटेटूका आदि गांव से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। सम्मेलन में दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया जिन्हें अंग वस्त्र तथा फूल माला देखकर पार्टी में स्वागत किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए एएमआईएम के गढ़वा विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ एम एन खान ने कहा कि यह पार्टी धर्म संप्रदाय जात-पात से ऊपर उठकर गरीब वंचित, शोषित तथा पिछड़ों के हक एवं अधिकार दिलाने वाली पार्टी है। उन्होंने गढ़वा के पूर्व व वर्तमान जनप्रतिनिधि पर जनता को ठगने तथा अपनी तिजोरी भरने का आरोप लगाते हुए कहा कि सभी ने अपने कार्यकाल के दौरान जनता को गुमराह कर ठगने का काम किया है। विधानसभा क्षेत्र के विकास तथा गरीबों और जरूरतमंदों की समस्याओं से इन्हें कोई लेना देना नहीं रहा। वर्तमान मंत्री श्री ठाकुर पर कटाक्ष करते हुए डॉ खान ने कहा कि उनके तानाशाही रवैया के कारण आम आदमी उन तक पहुंच भी नहीं पाते इनके कार्यकाल में आम जनता को राशन, किरासन भी नहीं मिल पा रहा है। पेसका के लोगों को प्रखंड मुख्यालय पहुंचने के लिए 30 से 35 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। आज भ्रष्टाचार चरम पर है। डॉ एम एन खान ने लोगों से मतदान करने से पूर्व सोच समझकर अपने हक और हित में काम करने वाले प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने लोगों से अपने लिए आशीर्वाद मांगते हुए सेवा का अवसर प्रदान करने के लिए आग्रह की। कार्यक्रम को अब्दुल रहमान, इफ्तेखार खान, अब्दुल शकूर, मुजाहिम अंसारी, सत्येंद्र कुमार रजक, ईबरार अंसारी, फारूक अंसारी, जहांगीर अंसारी, अवध किशोर मेहता, गुलबहार, सैफुल्लाह, कुदूस अंसारी, इबरान अंसारी, फारूक अंसारी आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए पार्टी नेताओं को जनता के असली रहनुमा बताते हुए पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन इमरान खान ने किया।

चिनियां में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। रविवार को चिनियां प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी धाम के मैदान में भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनाक्रोश सभा का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थकों का हुजूम उमड़ा। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, भाजपा नेता जवाहर पासवान, प्रभात भुईया सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। इसके पूर्व भाजपा कार्यकताओं ने पूर्व विधायक का भव्य स्वागत किया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने कहा कि चिनियां की सभा में मौजूद लोगों में से कोई भी व्यक्ति अगर वर्तमान विधायक का पैतृक गांव का नाम बता देगा, तो उसे वह सात लाख रूपए नगद से पुरस्कृत करेंगे। लेकिन सभा में मौजूद एक भी व्यक्ति वर्तमान विधायक सह मंत्री के पैतृक गांव का नाम नहीं बता सका। उन्होंने कहा कि मंत्री भ्रष्टाचार की सभी हदे को पार कर चुके है। मंत्री के काले कारनामें से क्षेत्र की जनता वाकिफ हो चुकी है। मंत्री अगर बगैर पुलिस प्रोटेक्शन के गांव की ओर जाएंगे, तो ग्रामीण उन्हें गांव में घुसने तक नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि चिनियां में आदिम जनजाति परिवार के जमीन पर कब्जा कर झामुमो का कार्यालय बनाया जा रहा है। चिनियां के अयुब मंसूरी हत्याकांड का जांच सीबीआई से कराने में आखिर मंत्री क्यों आनाकानी कर रहे है। उन्होंने कहा कि बाहरी व्यक्ति कभी भी गढ़वा का विकास नही कर सकता है। उन्होंने सभी से 15 सिंतबर को गढ़वा में आयोजित बाबूलाल मरांडी के कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की। कार्यक्रम को पूर्व सांसद ब्रजमोहन, जिला प्रभारी अमित कुमार सिंह, भाजपा नेता प्रभात भुईया, जवाहर पासवान, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शिवलाल सिंह ने किया। जबकि संचालन राजेश यादव ने किया। मौके पर जिला महामंत्री संतोष दुबे, मंगलमूर्ति तिवारी, विवेकानंद तिवारी, रितेश चौबे, पूर्व मुखिया सरीता देवी, ताहिर अंसारी, मुंशी यादव, चंद्रिका सिंह, लालमुनि सिंह, मनिजर भुईया सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे।

राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का मंत्री ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। रामासाहू स्कूल के स्टेडियम में गढ़वा जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विधिवत रूप से शुभारंभ किया ।

मौके पर उपायुक्त गढ़वा-सह-संरक्षक आयोजन समिति गढ़वा जिला फुटबॉल संघ शेखर जमुआर, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा-सह-अध्यक्ष आयोजन समिति गढ़वा जिला फुटबॉल संघ राज महेश्वरम, महासचिव झारखंड फुटबॉल संघ रांची गुलाम रब्बानी, महासचिव झारखंड ओलंपिक संघ रांची डॉ मधुकांत पाठक समेत अन्य पदाधिकारी संग संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागतगान गाया गया और बैंड की प्रस्तुति दी गयी। साथ हीं जैप 10 की महिला बटालियन रांची के द्वारा भी बेंड प्रस्तुति दी गयी। शुभारंभ कार्यक्रम में छोटू सिंह खरवार आदिवासी महिला मांदर समूह द्वारा नृत्य प्रस्तुतिकरण दिया गया। जिसे मौके पर काफी संख्या में दर्शकों ने खूब सराहा। वहीं आकाश में ट्राई रंग के गुब्बारे भी उड़ाये गये और आतिशबाजी भी की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारखंड फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजई करते हुए कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों को एक अलग पहचान दिलाने को लेकर लगातार कार्य कर रही है और यह हमारा सौभाग्य है कि राज्य स्तरीय इस फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन गढ़वा जिला द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त शेखर जमुआर समेत झारखंड फुटबॉल संघ के महासचिव गुलाम रब्बानी, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा सह अध्यक्ष आयोजन समिति गढ़वा जिला फुटबॉल संघ राज महेश्वरम, जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों फुटबॉल एसोसिएशन के सदस्यों, मीडिया बंधुओं समेत अन्य संबंधित का इस टूनार्मेंट के सफल आयोजन करने को लेकर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रामासाहू स्टेडियम का यह मैदान काफी खूबसूरत मैदान है जहां झारखंड फुटबॉल संघ के द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है इससे गढ़वा जिले में एक नया अध्याय जुड़ रहा है, जो आने वाले समय मेंराज्य हीं नहीं देश के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनायेगी।

महिला की संदिग्ध मौत, चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवादाता

कांडी। थाना क्षेत्र अंतर्गत खरौंधा गांव में एक महिला की संदिग्ध मौत के मामले में चार व्यक्तियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी के पश्चात पुलिस ने मामले का अनुसंधान शुरू कर दिया है। कांडी थाना क्षेत्र के पंचायत एवं गांव खरौंधा निवासी सह सिमडेगा में झारखंड पुलिस में बतौर सहायक अवर निरीक्षक पदस्थापित अरविंद कुमार के आईटीबीपी के जवान पुत्र रवि रंजन पासवान की पत्नी गुंजन कुमारी की मौत मामले में मायके वालों ने कांडी थाना में दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। ज्ञात हो कि शुक्रवार को गुंजन कुमारी को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की ससुराल वालों द्वारा मायके वालों को जानकारी दी गई थी। गुंजन को लेकर ससुराल के लोग सदर अस्पताल गढ़वा पहुंचे थे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। इस संबंध में मृतका की मां उर्मिला देवी पति मिथिलेश पासवान ने कांडी थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। जिसके आधार पर कांडी थाना कांड संख्या 59/23 के तहत एफआईआर कर लिया गया है। इसमें मृतका के पति रवि रंजन पासवान सास प्रमिला देवी, भैंसुर निरंजन पासवान और ससुर अरविंद कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है। इस संबंध में कांडी थाना के एसआई स्वामी रंजन ओझा से मिली जानकारी के अनुसार चारों नामजद आरोपियों के विरुद्ध सूचक उर्मिला देवी के द्वारा दहेज की वजह से हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। मृतका की मां उर्मिला देवी ने बताया कि 4 सितंबर को उसका दामाद रवि रंजन पासवान नौकरी पर से उसके घर अघोर आश्रम मेदिनी नगर आया था। उसके बाद पत्नी गुंजन कुमारी को अपने घर ले जाने के लिए दबाव बनाने लगा। जबकि हिंदू रीति रिवाज में भादों महीने में विदाई करने की मनाही है। बावजूद इसके उन्होंने कोई रोक-टोक नहीं किया। 8 सितंबर की सुबह उन्होंने बेटी की विदाई कर दी। वह उसी दिन दोपहर में घर सकुशल पहुंच गये।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 11 सितंबर, 2023
www.azadsipahi.in

नगर भवन में लव-कुश जयंती समारोह का भव्य आयोजन, आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा

आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से सशक्त होने की जरूरत

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। रविवार को स्थानीय नगर भवन में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा लोहरदगा के द्वारा लव कुश जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश कुमार महतो, पांकी विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा झारखंड प्रदेश अभय कुमार महतो थे। कार्यक्रम की शुरूआत लव कुश बंदना से शुरू की गयी। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लव-कुश समाज के बच्चों द्वारा स्वागत गान और कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। जिसकी सराहना उपस्थित अतिथियों ने किया। इस मौके पर पूर्व डिप्टी सीएम सह सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने समाज के लोगो को आर्थिक सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से सशक्त होने की बात कही। आपकी राजनीतिक, शैक्षणिक, आर्थिक सक्रियता की जरूरत है। प्रतिस्पर्धा के दौर में हमारे समाज के लोग आज आगे बढ़ रहे हैं। समाज के लोगो को राजनीतिक भागीदारी निभाना चाहिए। सामाजिक, आर्थिक के साथ राजनीतिक चिंतन की जरूरत है।

पांकी विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि मेहनती और ईमानदार कुशवाहा समाज का वर्तमान में अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। सभी को एकसूत्र में बंधने का काम है। ऐसा कार्यक्रम होना चाहिए और इसका सन्देश पूरे राज्य में जायेगा। झारखंड में लवकुश की संख्या 28 प्रतिशत है। झारखंड की राजनीति में अलग नया मोड़ लायेगा। जिस प्रकार बिहार की तर्ज पर झारखंड में लवकुश की अलग पहचान बनेगा। लव कुश जयंती समारोह के दौरान बीएस कॉलेज के पास से भगवान लव कुश की भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गयी। यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरा। तत्पश्चात नगर भवन पहुंचकर सभा में तब्दील हो गया। लव कुश जयंती के मौके पर समाज की ओर से मैट्रिक इंटर की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर रौशन लाल चौधरी, ललिता मेहता, ओम महतो, सीताराम महतो, राजेश महतो, नंदलाल महतो, संतोष महतो, कमलेश महतो, परमानंद महतो, महेंद्र महतो, ललित महतो, विक्की महतो, पंकज महतो, महेश कुमार सिंह, हर्ष नाथ महतो, कृष्णा महतो, चंद्र महतो, राजेंद्र महतो, रामा महतो, गौतम लेनिन, संजय कुमार समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

नक्सलवाद का खात्मा, महिला सुरक्षा और लॉ एंड ऑर्डर होगी पहली प्राथमिकता : एसपी

- आईपीएस अधिकारी हारिश बीन जमां बने लोहरदगा के 32 वें पुलिस अधीक्षक
- जिले को भयमुक्त बनाकर विकास को गति देने में पुलिस भागीदारी निभाएगी : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। लोहरदगा जिले के 32 वें पुलिस अधीक्षक के रूप में हारिश बीन जमां ने रविवार की शाम पदभार ग्रहण कर लिया। श्री हारिश 2107 बैच के आईपीएस अधिकारी है। वे इससे पूर्व ट्रैफिक एसपी रांची के पद पर थे। मौके पर निवर्तमान एसपी आर रामकुमार से नये एसपी हारिश बीन जमां ने जिले के भौगोलिक, आपराधिक व नक्सली गतिविधियो की जानकारी लिया। अति उग्रवाद प्रभावित जोबांग, बगड़ू, सेरेंगदाग थाना व पेशरार क्षेत्र की स्थिति व सुरक्षा की रणनीति को जाना। जिले की अपराधिक व उग्रवादी गतिविधियों को नियंत्रित करने के कार्यो की जानकारी लिया। लोहरदगा पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी कार्यो की भी जानकारी लिया। इस दौरान पत्रकारो से औपचारिक बात करते हुए पुलिस अधीक्षक हारीश बीन जमां ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा संचालित पूर्व के सकारात्मक कार्य को गति देकर और बेहतर ढ़ंग से संचालित किया जायेगा। कहा कि मैं बतौर एसपी लोहरदगा जिले से शुरूआत कर रहा हूँ। वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश के अनुसार जिले की बेहतरी के लिए कार्य करेंगे। आर रामकुमार सर के नक्शे कदम पर चलने का प्रयास रहेगा। वही निर्वतमान एसपी आर रामकुमार ने लोहरदगा में बिताये हुए समय को अपना बेहतर अनुभव बताया। कहा कि बतौर एसपी लोहरदगा मेरा पहला जिला था। इस जिला में मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। यहाँ के न्यायाधीश, उपायुक्त, पुलिस टीम व नागरिक समन्वय स्थापित कर जिले के विकास को आगे बढ़ाने का कार्य किये।

आंतरिक सुरक्षा अकादमी के निदेशक ने सीआरपीएफ कमांडेंट राहुल कुमार को सम्मानित किया

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। दिनांक 4 से 9 सितंबर 2023 को आंतरिक सुरक्षा अकादमी माउंट आबू में चलने वाले वीआईपी सिक्योरिटी कोर्स सीरियल नंबर वन में लोहरदगा में तैनात 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार द्वारा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आंतरिक सुरक्षा अकादमी के निदेशक/ महानिरीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कोर्स में देश भर से 22 अधिकारियों ने भाग लिया था, यह कोर्स केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों को वीआईपी सिक्योरिटी ड्यूटी के लिए तैयार करना तथा उन्हें उसके खास चीजों से रूबरू कराने के लिए बनाया गया था ताकि अति विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। आंतरिक सुरक्षा अकादमी, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की वह प्रशिक्षण संस्थान है जो कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों को ट्रेनिंग देने के अलावा अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तथा सिविल पुलिस के अधिकारियों को भी ट्रेनिंग देने का कार्य करती है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राहुल कुमार कमांडेंट 158 बटालियन को सम्मानित किया गया है। इस सम्मान से लोहरदगा में तैनात 158 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने लोहरदगा का नाम भी रोशन किया।

अमडीहा में वार्षिक बालक बालिका वर्ग फुटबॉल टूनामेंट की हुई शुरुआत

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। रविवार को प्रखंड के अमडीहा बाजार खेल मैदान में वार्षिक बालक पालिका वर्ग के फुटबॉल टूनार्मेंट की शुरूआत नवयुवक संघ फुटबॉल क्लब के द्वारा की गयी। जहां टूनार्मेंट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर के साथ यूथ कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू और मुखिया विपिन बहादुर सिंह ने शिरकत की। उद्घाटन समारोह का पहला मैच पलामू के बसरिया और मनिका के उचुआ के बीच खेला गया। मौके पर आयोजन समिति के राजेंद्र सिंह शंकर सिंह, विकेश राम श्याम सुंदर सिंह, संतोष कुमार सिंह, मंटू सिंह, अभिषेक, हरीश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, सोनू पासवान समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

जमीरा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने शितमोहन मुंडा, चंद्र किशोर गिरी उपाध्यक्ष

चंदवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी सामुदायिक भवन परिसर में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो नेता शितमोहन मुंडा ने की जबकि बैठक का संचालन राजेंद्र महतो कर रहे थे। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया।पूजा के सफल संचालन हेतु दुर्गा मंडल कमिटी का पुनर्गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष शितमोहन मुंडा, कोषाध्यक्ष चंद्रकिशोर गिरी को चुना गया है। ब्रह्मदेव प्रजापति को कार्यकारी अध्यक्ष मणिलाल यादव को सचिव के पद पर चुना गया है। इसके अलावा पांच उपाध्यक्ष,पांच उप सचिव और मुख्य संरक्षक के पद पर 14 लोगों का चयन किया गया है। बैठक में डब्लु प्रजापति, धीरज प्रजापति, किशुन उंराव, बबलू प्रजापति, रघुनंदन प्रजापति, रवींद्र यादव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

बालूमाथ में अंतर जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर 18 सदस्यीय टीम की घोषणा

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ गढ़वा में 11 सितंबर से आयोजित अंतर जिला फुटबॉल टूनार्मेंट खेलने के लिए लातेहार जिला टीम घोषित की गयी है। अंतर जिला स्तरीय फुटबॉल टूनार्मेंट को लेकर अपनी 18 सदस्यीय टीम की घोषणा कोच राजकिशोर पासवान ने लातेहार फुटबॉल एसोसिएशन के सेक्रेटरी अनवर खान की मौजूदगी में कई गई।अनवर खान तथा कोच राजकिशोर पासवान तथा लातेहार फुटबाल एसोशिएशन के उपाध्यक्ष प्रेम गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया कि लातेहार टीम का पहला मैच 11 सितंबर को गढ़वा जिला में खेला जाएगा।जिसमे लातेहार का पहला मुकाबला दुमका जिला से होगा। लातेहार जिला फुटबाल टीम इस प्रकार है। उपेन्द्र उराँव अर्जुन नायक नवल उराँव हीरा उराँव चंदन कुमार प्रेम गंझू ईश्वर गंझू किशोर राम अंकज उराँव(कीपर) राकेश उराँव(कीपर) संचित कुमार सहेन्द्र उराँव संजीव टेटे अजय भुइयाँ रंजीत उराँव सर्वेश उराँव हरिलाल उराँव बीरबल उराँव शामिल है जबकि टीम के मैनेजर अनिल उराँव को बनाया गया है।

स्वर्ण जयंती मनाना ईश्वर का एक बड़ा वरदान है : बिशप थेवोदोर

- गोठगांव चर्च के 50 साल पूरे होने पर स्वर्ण जयंती जुबली मनाया गया।
- लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह ने भी पल्ली पहुंच कर लोगों को पारिस के 50 वर्ष पुरे होने पर दी बधाई।

आजाद सिपाही संवाददाता

महुआडांड़। रविवार को गोठगांव चर्च में पारिस के 50 साल पूरे होने पर स्वर्ण जयंती जुबली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वर्ण जयंती जुबली समारोह में भाग लेने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में धर्मप्रांत के प्रेरितिक प्रशासक बिशप थेवोदोर मस्केरेन्हास और विधायक रामचंद्र सिंह भी पहुँचे। इस अवसर पर धर्मप्रांत के प्रेरितिक प्रशासक बिशप थेवोदोर मस्केरेन्हास द्वारा पवित्र मिस्सा पूजा संपन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि 50 साल पहले इस पारिस की स्थापना हुई थी। पल्ली बना और परिवार बनकर आज हम सभी एक नये 50 वे साल में प्रवेश कर रहे हैं। आज हम ईश्वर को धन्यवाद दे रहे हैं। गोठगांव पल्ली के विश्वासियों को मिस्सा के लिए दूर-दूर जाना पड़ता था। मिस्सा के लिए लोग दूर-दूर से आया करते थे। आज हम मेहनत करके आगे बढ़े और किस तरह से हमारे माता-पिता, भाई-बहन, दादा-दादी, नाना-नानी ने कष्ट सहकर हमारे जीवन में विश्वास का बीज बोया।

विधायक रामचंद्र सिंह ने पारिस के 50 वर्ष पुरे होने पर सभी को शुभकामनाए देते हुए कहा कि इसी तरह से आपलोग पारिस को संचालित करने का कार्य करें तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक, राजनीतिक सभी में लोगों की मदद इसी तरह से करते रहे।

इस जयंती जुबली के अवसर पर पल्ली के महिला-पुरुष, युवक-युवतियों के द्वारा काफी आकर्षक संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर पल्ली पुरोहित फा. मौरीस टोप्पो, फा. इमिल एक्का, फा. फ्रांसिस मुक्तलाल, फा. बारथोलोमी टोप्पो, फा. सुशील लकड़ा, फा. सिलबेरियुस केरकेट्टा, फा. सिबरूस बारवा, फा. संतोष एक्का आदि पल्ली पुरोहित और सिस्टर तथा काफी संख्या मे ईसाई धर्मावलंबी उपस्थित थे।

कामता पंचायत के हिसरी गांव में नल जल योजना का हाल

टंकी और पाइप से पानी लीकेज, कनेक्शन भी अधूरा

आजाद सिपाही संवाददाता

चंदवा। पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने ग्रामीणों की शिकायत पर कामता पंचायत के हिसरी ग्राम का हिसरी, अखरा टोला, पाहन टोली, कुयाम टोला, सुयापतरा टोला का दौरा किया, हर घर नल जल योजना के कार्यों की जायजा लिया, ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना अधूरे पड़े हुए हैं, हर घर नल जल योजना के तहत पानी पहुंचाने के लिए टोलों में बोरिग करायी गयी है।

टावर खड़ा कर टंकी लगा दी गयी, पाईप बिछाया गया है। संवेदकों की मनमानी के कारण योजना अभी तक अपूर्ण है, दो महीना पहले हर घर तक नल जल योजना का बिछाए गये पाइप में जगह जगह लिकेज होने पर बाहर का दुषित पानी पाईप में घुसकर घरों में पहुंचेगा जिसको पीने से लोग गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो सकते हैं। पाहन टोला की टंकी लिकेज है यहां दिन भर टंकी से पानी लिकेज होकर थोड़ा थोड़ा बेकार बह रहा है, पानी से टंकी भर ही नहीं रहा है इसके कारण घरों तक पानी सप्लाई नहीं हो पा रही है। सकेंन्द्र गंझु, कार्तिक उरांव, भोंदो उरांव, अलेक्स टोपनो, सारुन नायक, सुधन उरांव, महेश उरांव, जोखन उरांव, पाहन टोली में राजेंद्र लोहार, लालु गंझु, सुनील गंझु, बंधन भुइंया को अबतक कनेक्शन नहीं दिया गया है। टंकी पाईप मे लिकेज होने और कनेक्शन अधुरे रहने से ग्रामीण काफी परेशान हैं। हर घर नल जल योजना के तहत हुए अधूरे कार्यों को पूरा कराने के लिए पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने इस संबंध में पेयजल और स्वच्छता विभाग के सहायक अभियंता सुनील कुमार को फोन पर जानकारी देते हुए अधुरे कार्य को पूरा कराने का आग्रह किया है। इसपर सहायक अभियंता ने कार्य जल्द पुरा करने का आश्वासन दिया है।

भाजपा ने वीरों को सम्मान दिया : लखन

आजाद सिपाही संवाददाता

कैरो। भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल अध्यक्ष लखन उरांव के अध्यक्षता में रविवार को देवी मंडप प्रांगण में भाजपाइयों की बैठक हुई। बैठक के पश्चात मेरा माटी मेरा देश के अंतर्गत प्रखंड मुख्यालय में हर घर से माटी संग्रह किया गया। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में माटी संग्रह करने के लिए पंचायत प्रभारी नियुक्त किए गये जिसमें, पंचायत कैरो से विशेश्वर प्रसाद दिन, नाजिर आलम खान, हनहट राजेंद्र महतो, श्रवण मुंडा, नरौली से बजरंग उरांव, राम बुझावन गुप्ता, गजनी से विशेश्वर प्रसाद दिन कैलाश महतो, गुड़ी से राजेंद्र महतो कैलाश महतो। इस मौके पर लखन उरांव ने कहा, आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में, आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) जन नेतृत्व की पहल के रूप में मनाया जा रहा है। सरकार ने इसी उत्सव की निरंतरता में मेरी माटी मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया है। भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम का समापन हुआ। पीएम मोदी ने मेरी माटी-मेरा देश अभियान का सुझाव देते हुए कहा था कि इसकी टैगलाइन मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन है। कार्यक्रम मे अजजा प्रदेश सदस्य बजरंग उरांव जिला सदस्य बिशेसवार प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश महतो पूर्व मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष रामबुझावन गुप्ता मंडल महामंत्री राधेश्याम लोहारा संजोजक्क इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ रंगारंग आगाज

- इस तरह के आयोजन से छुपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आती है, आगे भी हो ऐसा आयोजन : रामचंद्र सिंह, विधायक, मनिका

आजाद सिपाही संवाददाता

महुआडांड। स्थानीय खेल स्टेडियम महुआडांड में शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूनामेंट का रंगारंग आगाज हुआ। टूनामेंट का उद्घाटन लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह ने फीता काटकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच आवासीय विद्यालय महुआडांड बनाम माईटी टीम महुआडांड के बीच खेला गया। जिसमें माईटी की टीम 1-0 से विजयी रही। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि महुआडांड प्रखंड के लोगों में खेल प्रतिभा छिपी हुई है, लेकिन पिछ्ले काफी समय से इस क्षेत्र में इस तरह की खेल प्रतियोगिता का आयोजन नही किया जा रहा है। इसे देखते हुए स्थानीय जन प्रतिनिधि और खेल प्रेमियों के सहयोग से शहीद स्मारक नॉकआउट फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। जो कि सराहनीय पहल है। इस तरह का आयोजन लोगो के बीच छुपी प्रतिभा निखारने का एक माध्यम है। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीपीओ राजेश कुजूर, सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इफ्तेखार अहमद, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उपप्रमुख अभय मिंज, पंचायतीराज के प्रदेश के जोनल कॉडिनेटर अजीत पाल कुजूर, फादर दिलिप तिर्की, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रिडोल्फ खलखो, रामनरेश ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर सोहेल, सुभाष प्रसाद, अयोध्या राम आदि मौजूद थे।

खेलो झारखंड के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। कल 11 सितंबर राजकीय कृत उच्च प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ में खेलो झारखंड के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय 11-13 सितंबर तक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ उपाध्यक्ष जिला परिषद के द्वारा समय 11बजे किया जायेगा। मौके पर कई अन्य जन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। मालूम हो कि विद्यालय स्तर का खेल हो चुका है जिसमें चयनित प्रतिभागी या टीम प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल आने पर जिला स्तर के लिए प्रतिभागियों को भेजा जायेगा।

शिक्षण संस्थान में छात्र-छात्राएं पूरी लगन के साथ अध्ययन करते हैं : मजीद आलम

कैरो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र नगजुआ, गरडीह, चरिमा आदि गांव में शिक्षा का अलख जगा रहे साइन पब्लिक स्कूल नगजुआ के निदेशक माजीद आलम और प्रिंसिपल फादर फुलजेन सारस को प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोशियन के बैनर तले रांची के आर्यभट सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए मुख्य अतिथि विधान सभा अध्यक्ष रबिंद्रनाथ महतो के कर कमलों द्वारा प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मैं क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने का हर संभव प्रयास करूंगा। उनके इस कामयाबी पर अमीन अंसारी, अंथोनी, परवेज आलम, जयंती मिंज, पिंकी सांगा, उपासना लकड़ा, सिमा कुमारी, किरण कुमारी आदि ने बधाई दी है।

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य लाभ और फिट जीवन शैली को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुटमू स्थित झारखंड औषधालय में जेएच हर्बो शाईन कंपनी के सीएमडी डॉ एस अहमद के निर्देशन और मैनेजर मो. इश्तियाक अहमद केमार्गदर्शन में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य लाभसे संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जेएच हर्बो शाईन कम्पनी के सीएमडी डॉ एस अहमद ने कहा आज पूरी दुनिया के लोग कैसे स्वस्थय रहे, सुंदर दिखे और फिट महसूस करें। इसके लिए प्राकृतिक विकल्प की तलाश कर रहे हैं लोगों में तेजी से अंग्रेजी दवाओं के साइड इफेक्ट की जानकारी हो रही है। यहाँ जेएच हर्बो शाइन के एक्सपर्ट से जानकारी प्राप्त कर अपने आसपास में उपलब्ध जड़ी- बूटियों को अपना कर स्वस्थय, सुंदर और फिट रह सकते हैं। लोग आज तेजी से आयुर्वेद हर्बो शाइन को चुनाव कर रहे है। यदि प्रोडक्ट को पहले यूज करते तो हेल्दी लाइफ का एंजॉय करते है अगर बीमारी हो तो प्रोडक्ट बीमारी से लड़ने के लिए तैयार करता है। आज हर्बो शाइन लोगों के स्वस्थ्य को लेकर पहचान बना रही है।

दुर्गा पूजा समिति झखरा के अध्यक्ष बने राजेश, सचिव विनोद

सेन्हा (आजाद सिपाही)। श्री दुर्गा पूजा समिति झखरा की वर्ष 2023 के लिए अध्यक्ष राजेश प्रसाद जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में समिति निवर्तमान सचिव विनोद कुमार ठाकुर के द्वारा पुरानी समिति को भंग कर नई समिति के गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक विकाश जायसवाल, संरक्षक महावीर प्रसाद जायसवाल, अध्यक्ष राजेश प्रसाद जायसवाल, उपाध्यक्ष सीताराम बैठा, सचिव विनोद कुमार ठाकुर(पप्पू), उप सचिव संदीप कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष रवि उराँव, मीडिया प्रभारी नितेश जायसवाल, विधिव्यवस्था में ज्योतिष जायसवाल, गन्दूर उराँव, अरूण जायसवाल, तुलषि मुंडा, प्रकाश बैठा, गौरा राम महली, देवानंद उराँव, अजय यादव और समस्त नवयुवक संघ चुने गये।

अवैध लोहा के साथ तीन गिरफ्तार



चंदवा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चकला गांव से रविवार की सुबह चंदवा पुलिस ने तीन लोगों को साईकिल में लदे अवैध लोहा के साथ पकड़ा। उनके पास से करीब एक क्विंटल लोहा, मोटर रोटर और तीन साइकिल के साथ प्रमोद कुमार गझू पिता कमलेश गंझु ग्राम मुरगाव, हरी गंझू पिता फिरंगी गंझु, संजय गंझू पिता मिठू गंझू ग्राम सौपारम (सभी थाना बालूमाथ जिला लातेहार) को चंदवा पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस संबंध में चंदवा थाना कांड 178/23 दि0 10.09.23 धारा 379/411भादवि दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्तों को लातेहार मंडल कारा भेज दिया गया।

महत्वपूर्ण न्यूज

भाजपाइयों ने मेरी माटी मेरा देश अभियान तहत अमृत कलश यात्रा की शुरुआत की

सिसई (आजाद सिपाही)। भाजपाईयों द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत देश के अमर शहीद, राष्ट्र गौरव व एकता का प्रतीक अमृत कलश यात्रा की शुरुआत रविवार को प्रखंड के बरगांव स्थित वीर शहीद लोहरा उरांव के पैतृक आवास से मिट्टी संग्रह कर किया गया। इस दौरान पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव ने कहा की दिल्ली के राजपथ में देश के वीर शहीदों के घरों की पवित्र मिट्टी लेकर अमृत वाटिका का स्थापना की जायेगी। इसी के तहत प्रखंड में अमृत कलश यात्रा की शुरुआत बरगांव के वीर शहीद लोहरा उरांव के पैतृक आवास से मिट्टी कलश में लेकर की गयी है। प्रखंड के कई वीर सपूतों के पैतृक गांव जाकर अमृत वाटिका की स्थापना के लिए पवित्र मिट्टी का संग्रहण किया जायेगा। इस मौके पर प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी अमन यादव, वरिष्ठ कार्यकर्ता लालमोहन साहु, निरंजन, नन्दकिशोर, रविन्द्र, सुखलाल, वसंत, सुरेश गोप सहित कई भाजपाई शामिल थे।

कार हुई दुर्घटनाग्रस्त, कोई हताहत नहीं

चैनपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कातिंग गांव के समीप रविवार को एक कार गाड़ी संख्या जे एच ओ 1 ई जेड 8502 दुर्घटना ग्रस्त हो गयी जिसमें सवार वाहन चालक बाल बाल बच गया घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कार चालक बेंदोरा से टोंगो चर्च में लोगों को छोड़कर वापस बेंदोरा की ओर आ रहा था तभी कातिंग गांव के समीप बकरी को बचाने के क्रम में कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गयी जिसके बाद स्थानीय लोगों ने किसी प्रकार गाड़ी को बाहर निकाला वहीं कार बेंदोरा निवासी प्रदीप बाड़ा का बताया जा रहा है।

जनजातीय ग्रामीण ओलंपिक प्रतिभा चयन का शुभारंभ

बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्थित एसएस हाई स्कूल स्टेडियम मैदान में अंडर 15 जनजातीय ग्रामीण ओलंपिक प्रतिभा चयन का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पटना में पदस्थापित सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत मुखय रूप में उपस्थित हुए। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय ग्रामीण ओलंपिक यहां के बच्चों के लिए एक प्लेटफार्म है। इस कार्यक्रम के माध्यम से गांव में छुपी हुई प्रतिभा को एक मंच देने का काम जनजाति ग्रामीण ओलंपिक के माध्यम से किया जा रहा है। बिशुनपुर जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। मगर संसाधनों की कमी की वजह से यहां के बच्चों को अच्छा प्लेटफार्म नहीं मिल पाता है। जिस कारण बच्चों की प्रतिभा गांव घर तक की सीमित रह जाती है।आज बिशुनपुर प्रखंड की बेटी अष्टम उरांव संसाधनों की कमी होने के बावजूद यहां से निकलकर भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कैप्टन है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। साथ ही अन्य बच्चों को अष्टम दीदी से प्रेरणा लेकर खेल के प्रति और बेहतर करने की जरूरत है। इस छोटे से प्रयास से पूरे झारखंड से अंडर 15 बालक बालिका की कुल 182 टीम भाग ले रही है। इधर जनजाति ग्रामीण ओलंपिक के अध्यक्ष जनार्दन टाना भगत ने कहा कि ग्रामीण बच्चों में खेल के प्रति काफी रुझान है। लेकिन संसाधन नहीं रहने के कारण यह बच्चे खेल नहीं पाते है। ग्रामीण ओलंपिक के माध्यम से बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से बनारी सुधीर, डॉक्टर राकेश, अरविंद, अमित, बिंदेश्वर, महावीर सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

ऑनलाइन भूमि सुधार मे हो रही त्रुटियों को लेकर आदिवासी मूलवासी की बैठक

कामडारा (आजाद सिपाही)। भारतमाला सड़क परियोजना के विरोध मे और ऑनलाइन भूमि सुधार मे हो रही त्रुटियों को लेकर शनिवार को सामुदायिक किसान भवन कामडारा मे आदिवासी मूलवासी किसान मजदूर बचाव संघर्ष समिति के बैनर तले एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें कामडारा एवं बसिया प्रखंड के प्रभावित क्षेत्र के रैयत व ग्रामीण शामिल हुये थे। उन्होंने बैठक मे एक स्वर पर कहा कि भारतमाला सड़क परियोजना को सरकार यथाशीघ्र रद्द करें। चूंकि भारतमाला सड़क के निर्माण होने से क्षेत्र के गरीब किसान भूमिहीन हो जायेंगे। उन्हें अपनी जीविकोपार्जन के लिये काफी दिक्कत होगी।बैठक मे ग्रामीणों ने कहा कि यदि सरकार उक्त परियोजना को शीघ्र रद्द नहीं करेगी तो अब जलडेगा, बसिया, कामडारा और कर्रा प्रखंड के ग्रामीणों के साथ मिलकर जोरदार आंदोलन चलाया जायेगा। इसके अलावे बैठक मे ग्रामीणों ने ऑनलाइन भूमि सुधार मे हो रही त्रुटियों और कामडारा व बसिया अंचल से संबंधित लंबित अन्य कार्यों का शीघ्र निष्पादन कराने को लेकर चर्चा किया। बैठक मे ग्रामीणों ने निर्णय लिया की अधिकारियों के द्वारा ऑनलाइन त्रुटियों को लेकर सुधार कार्यों पर शिथिलता बरती जायेगी तो प्रखंड कार्यालय के समक्ष संगठन के द्वारा अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा। वहीं अगली बैठक आगामी 7 अक्टूबर को पुन: रखने का निर्णय लिया गया।

सेवानिवृत्त बीइओ को सादे समारोह में दी विदाई

चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर बीईओ अल्मा सलोनी जोजो के सेवानिवृत होने पर साथी कर्मचारी और शिक्षकों ने भाव पूर्ण विदाई दी। विदाई समारोह पर स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके बाद शिक्षकों ने उनके कार्यकाल का वर्णन करते हुए प्रशासनिक कार्य शैली के चर्चा करते हुए उसकी प्रशंसा की गयी। बीआरपी ने कहा कि चैनपुर शिक्षक समुदाय आपके स्नेह को सदैव याद रखेगा।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ घाघरा की बैठक

घाघरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित विपिन बिहारी सिंह के आवास में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ घाघरा की बैठक प्रखंड अध्यक्ष अरुजय सिंह की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। इस दौरान उमेंद्र सिंह ने समाज के लिए सामुदायिक भवन बनाने हेतु पताताई स्थित अपना जमीन समाज को दान में दिया है। बैठक में पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह ने कहा हम सभी को मिलकर समाज के लोगों को एकजुट करते हुए हर संभव मदद करनी है। किसी भी तरह से किसी के साथ कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसे सभी मिलकर समाधान करने की दिशा में पहल करनी है ऐसा करने से ही समाज आगे बढ़ेगा।

'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के लिए ली गयी बिरसा उरांव के घर से मिट्टी

बूथ संख्या 157 में कारगिल शहीद बिरसा उरांव के घर से पवित्र मिट्टी का संग्रहण किया।

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मेरी माटी- मेरा देश कार्यक्रम के तहत गुमला जिला के करौंदी पंचायत स्थित बूथ संख्या 157 में कारगिल शहीद बिरसा उरांव के घर से पवित्र मिट्टी का संग्रहण किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा गुमला ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह ने की। यह कार्यक्रम भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा निर्देशित पूरे भारतवर्ष में चल रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा उपस्थित थीं। उन्होंने कहा देश के लिए शहीद नौजवानों के सम्मान में और भारत देश में स्थित सांस्कृतिक विरासत की गौरवशाली इतिहास को एक साथ सहेजने के लिय पवित्र मिट्टी से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका बना रहे हैं। जो हर भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। मौके पर जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, जिला संगठन प्रभारी बब्बन गुप्ता, भूपन साहु, निर्मल गोयल दामोदर कसेरा, राधेश्याम कुशवाहा, संजय वर्मा, अरविंद , रविंद्र बालकेश्वर सिंह हरिहर कुमार, श्याम गुप्ता, कंचन, मनोज, सुरेश मिश्रा आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खुखड़ी चुन रहे वृद्ध को भालू ने किया घायल

गुमला सदर अस्पताल में नहीं था कोई डॉक्टर, बिफरे जिप सदस्य

अनुमंडल अस्पताल कंपाउंडरों के भरोसे

आजाद सिपाही संवाददाता

चैनपुर। खुखड़ी बिछ रहे 60 वर्षीय वृद्ध विक्टर टोप्पो पर रविवार अगले सुबह लगभग 5:00 बजे रैन टोली ठिठीओ टंगरा जंगल के पास दो जंगली भालुओं ने जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं रेंटोली गांव के कुछ लोग अपने खेत की ओर आ रहे थे तभी विक्टर को लहू लहान देखा तो उनसे जाकर पूरे मामले की जानकारी ली और आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर नहीं होने के कारण कंपाउंडरों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल विक्टर टोप्पो ने बताया कि वह अपने गांव जुद्धानी से रैन टोली समधियान जा रहा था जिस समय जंगल के पास वह खुखड़ी बिछने लगा तभी अचानक दो जंगली भालुओं ने उसे पर हमला कर दिया। किसी प्रकार वहां से भागकर छिप कर वह अपनी जान बचाया। घटना की जानकारी मिलते ही जीप सदस्य मेरी लकड़ा चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और पूरे मामले की सुद ली। अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अनुमंडल मुख्यालय के अस्पताल में डॉक्टर नहीं होना काफी दुर्भाग्य की बात है। चैनपुर अनुमंडल है यहां चैनपुर और जारी से लोग इलाज के लिए आते हैं। उन्होंने तत्काल फोन पर गुमला सिविल सर्जन डॉक्टर राजू कच्छप से बात कर पूरे मामले की जानकारी दी साथ ही चैनपुर में डॉक्टर की मांग की है जिस पर सिविल सर्जन राजू कच्छप ने कहा कि जल्द से जल्द चैनपुर में डॉक्टर की व्यवस्था की जायेगी।

राजकीय मध्य विद्यालय में चोरों ने एक साल में दूसरी बार की चोरी, थाना में मामला दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। शहर के इस्लामपुर आजाद बस्ती के सीमांत स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में शनिवार को देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना को लेकर विद्यालय के प्रभारी एचएम नीरू कुमारी ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने कहा है कि शनिवार को विद्यालय अवधि समाप्ति के उपरांत विद्यालय बंद करके सभी स्टाफ वापस घर चले गये थे। फिर दूसरे दिन 10 सितंबर को लगभग 12:00 बजे विद्यालय की संयोजिका निर्मला देवी ने फोन कर घटना की जानकारी दी। साथ ही बताया कि विद्यालय के कार्यालय का ताला तोड़कर चोरी की घटना हुई है। फिर सूचना पाकर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोहम्मद इम्तियाज व अपने सहकर्मियों को खबर करते हुए विद्यालय पहुँचकर देखा तो पाया कि विद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला लगा हुआ है। स्थानीय लोगों से इस संबंध में पूछने पर जानकारी मिली कि पास के कुछ बच्चों का फुटबॉल विद्यालय परिसर में चला गया था। जिसे निकालने के लिए बच्चे परिसर के अंदर गए थे। इसी दौरान बच्चों द्वारा बताया गया कि विद्यालय के कंप्यूटर का यू.पी.एस. विद्यालय परिसर के अंदर फेंका हुआ था। तब थाना से आए बीट प्रभारी मोहम्मद मुजम्मिल की मौजूदगी में विद्यालय के मुख्य द्वार का ताला खोलकर प्रवेश किया गया। फिर अंदर जाकर पता चला कि विद्यालय के कार्यालय का ताला तोड़ा और दरवाजा खुला हुआ है। तथा कार्यालय से एक साउंड सिस्टम (ट्रॉली बॉक्स युक्त) ए पीतल की घंटी गायब है। इसके अलावा अन्य सामग्रियों का भी मिलान किया जा रहा है।

बाबूलाल मरांडी की आगामी संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने घटगांव का किया दौरा

गुमला (आजाद सिपाही)। आगामी संकल्प यात्रा के निमित्त गुमला ग्रामीण मंडल के तत्वाधान में भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक घटगांव में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह ने किया। मुख्य रूप से बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री मिशिर कुजूर ने कहा कि आगामी 19 सितंबर को बस डिपो दुंदुरिया में संकल्प यात्रा के निमित्त बाबूलाल मरांडी का गुमला आगमन हो रहा है। ग्रामीणों को बताया गया कि राज्य में भय, भूख, भ्रष्टाचार बढ़ गया है और हेमंत सोरेन राज्य को लूटने में लगे हुए हैं। उनके मंत्री लोग भी हमारे झारखंड राज्य को लूट रहे हैं। इसलिए अब समय आ गया है कि ऐसे भ्रष्टाचारी सरकार को सबक सिखाना है और उन्हें झारखंड राज्य की गद्दी से हटाना है। इसी के निमित्त राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संकल्प लिया है की इस सरकार को जल्द हटाया जाएगा इसीलिए उन्होंने पूरे झारखंड राज्य में संकल्प यात्रा के माध्यम से आम जनों से मिल रहे हैं। कार्यक्रम में अधिक से अधिक इस पंचायत के लोग शामिल हो।और बाबूलाल जी के हाथों को मजबूत करना है। गुमला ग्रामीण मण्डल के कार्यकर्ताओं ने आस पास के लठाटोली, सकरपुर गम्हरिया, हुरहुरिया, गड़टोली, जाना, जिडंगा, टंगरटोली, चुगलु, जोराडांड़ आदि गांवों का दौरा किया। इस अवसर पर, सोनमणि उरांव, राजेन्द्र दास, मंडल कोषाध्यक्ष कंचन सिंह केशवर दास, पुष्पा कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

खेल सद्भावना को बढ़ाता है: चैतू उरांव

बीएमजी अंबाटोली की टीम 2-0 से रही विजयी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिला के जाना गांव में तीन दिवसीय खस्सी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। फाइनल मैच बी,एन,जी अम्बाटोली क्लब बनाम जय चला निगाह आसरा क्लब के बीच खेला गया। जिसमें बी.एम.जी अम्बाटोली की टीम 2-0 से बिजय हुई। बिकास क्लब जाना के द्वारा तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट के समापन के मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष चैतु उरांव, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य तेतरू उरांव, जिला कांग्रेस सचिव हंदु भगत, तरुण गोप उपस्थित हुए, समापन समारोह के मुख्य अतिथि चैतु उरांव ने कहा कि इस सुदूर ग्रामीण इलाके में इतना बड़ा टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना अपने आप में एक उपलब्धि है मैं यहां के युवा साथियों को धन्यवाद देना चाहूंगा इस टूर्नामेंट से आपसी सद्भावना बढ़ाने का काम किया है इसे क्षेत्र में एक शांति सद्भाव और समन्वय बनाने का काम कर रहे हैं इसकी मै सराहना करता हूं साथियों एक टूर्नामेंट नहीं है हम सभी को एक दूसरे के अनुभव को अच्छे तरह से अच्छाई को बांटने का कर रहे हैं और उसको अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है जिस तरह से एक खेल में 11-11 प्लेयर खेलते हैं और जो आपसी तालमेल से अवसर का लाभ लेते हुए गोल कर पाता है वही विजय होता है इसी तरह से हमारा समाज में अवसर का लाभ लेते हैं और अपने आप को सम्मानजनक रूप से समाज में काम करते हुए आगे बढ़ते हैं उन्हीं का जीवन सफल होता है। साथियों वर्तमान समय में खेल का अभूतपूर्व महत्व है। इससे हमारा स्वास्थ्य अच्छे होते हैं जिससे मानसिक और आध्यात्मिक संतुष्टि मिलती है आज खेल भी एक जीविकोपार्जन का साधन बन गया है इससे हम अपने भविष्य का निर्माण भी कर सकते हैं हम देख पाते हैं कि कई ऐसे लोग इसको करियर के रूप में स्थापित होकर अपने जीवन को सफल और सफल बनाय हम पढ़ाई के साथ साथ है खेल पर भी हमें आवश्यक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आप खेल को खेल की भावना से खेलें एक टीम विजई होता है तो दूसरी टीम खेल दिखाकर लोगों के दिल को जितने का काम करें। मौके पर अध्यक्ष वीरेंद्र, सचिव राकेश तिग्गा, बिनदे, सहोद्री, महेंजर, भैईया राम उरॉव, कृष्णा और काफी संख्या में खेल प्रेमी ग्रामीण उपस्थित थे।

श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति के निर्मल अध्यक्ष, रमेश बने सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। श्री बड़ा दुर्गा मंदिर पूजा समिति की आम बैठक समिति के अध्यक्ष निर्मल गोयल की अध्यक्षता में हुई। बैठक के प्रारंभ में पूजा समिति के कोषाध्यक्ष द्वारिका मिश्र सुमन द्वारा गतवर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। जिसे उपस्थित लोगों द्वारा ध्वनिमत से अनुमोदित किया गया। बैठक में शारदीय नवरात्र और दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाये जाने का निर्णय लेते हुए नये सत्र के लिए निम्नरुपेण पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष निर्मल कुमार गोयल, उपाध्यक्ष भूपन साहु एवं ओम प्रकाश, सचिव रमेश, अवधेश गोप और रुपेश, भगत, कोषाध्यक्ष मिथुन, सह कोषाध्यक्ष द्वारिका मिश्र सुमन इसके साथ कार्यकारिणी सदस्य के रुप में राम निवास प्रसाद, किशोर रजक, अशोक शर्मा, सुधीर पाठक,अमित सिंह, ओमप्रकाश साह, सूरज सिंह, राजीव रंजन, अभिषेक कुमार, कौशलेन्द्र जमुआर, गोपाल वर्मा, संतोष यादव, दीपक केसरी, प्रदीप कसेरा, विक्की खड़िया, अमन कुमार, आलोक सिंह, नितेश सिंह, राकेश खडिया, धर्मेंद्र लोहरा, चिराग नन्द, राज वर्मा, श्रैयांश यादव, कृष सिंह, आयुष सिंह, राहुल, वृज गोप, विक्की, अभय, दीपक सिन्हा, हर्षित, चंदन, वृज किशोर पाठक, हिमेश, राहुल, मयंक केसरी और मूर्तिकार देव प्रजापति का चयन किया गया।

उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत एनडीए के लिए खतरे की घंटी है : विजय सिंह

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह सहित दल के कई वरिष्ठ नेताओं ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी की हुई जीत के लिए बधाई दी है। दल के संयोजक विजय सिंह ने कहा है कि डुमरी व देशभर के उपचुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत एनडीए के लिए खतरे की घंटी है । 2024 में होनेवाली आगामी लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार की लूट झूठ का शासन को देश की जनता ने सत्ता से हटाकर जुमलेबाज व झांसेबाज मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने की तैयारी कर ली है जिसका संकेत झारखंड के डुमरी विधानसभा से लेकर यूपी के घोसी विधानसभा उपचुनाव के नतीजे से दिखलाई पड़ता है। सिंह ने झारखंड के डुमरी विधानसभा उपचुनाव सहित देश भर में हुए उपचुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की हुई जीत के लिए झारखंड नवनिर्माण दल केंद्रीय समिति की ओर से बधाई दी है। बधाई देने वालों में घुघा उरांव, प्रकाश उरांव, आदित्य सिंह, धर्मपाल उरांव, शंकर उरांव, गोपेश्वर गोप, अजीत विश्वकर्मा, शिवप्रसाद, रामप्यार, शिवप्रसाद, ललन साहु, भूषण सिंह, फब्बानुस सारस, मंगरा उरांव व पूरन सिंह मुख्य रूप से शामिल हैं।

चैंपियन ऑफ झारखंड कंपिटीशन में लहराया गुमला का परचम, स्पोर्ट्स अकादमी ने किया स्वागत

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड बेबी एंटरटेनमेंट रांची के तत्वाधान में आयोजित चैंपियन ऑफ झारखंड कंपटीशन झारखंड मिस जूनियर के खिताब में प्रथम स्थान प्रज्ञा राज ने प्राप्त किया, जो केंद्रीय विद्यालय गुमला की छात्रा है वहीं दूसरे स्थान पर करण कुमार रहे। ये सरस्वती विद्या मंदिर गुमला के छात्र हैं। उन्होंने जिला का नाम रोशन किया। इन्हें टावर चौक गुमला में दोनों भाई बहन को माला और मिठाई पहना कर स्वागत किया गया और इस खुशी के मौके पर स्पोर्ट एकेडमी के सचिव सैयद जुन्नु रैन ने कहा कि यह गुमला के लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि झारखंड स्तरीय प्रतियोगिता में गुमला के बच्चों ने प्रथम और द्वितीय स्थान लाकर गुमला के परचम को बुलंद किया साथ ही उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभागियों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। इस मौके पर इनकी माता सीमा रानी और उनके पिता मिथिलेश कुमार राय के अलावा दीपिका टेटे, डोली कुमारी, निषाद, महेशा राम निधि कुजुर,माइश रैन आदि लोगों ने शुभकामनाएं दी।

गड्ढे में फिसलकर डूबने से विकलांग की हुई मौत

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के बरिसा आनंद नगर टोंगरीटोली स्थित खदान से पुलिस ने रविवार को अहले सुबह बरिसा आनंद नगर निवासी 25 वर्षीय कमल लोहरा का शव बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक के भाई गंदूर लोहरा व माना लोहरा ने संयुक्त रूप से बताया कि मृतक अपाहिज था। साथ ही वह भीख मांगकर अपना जीवन यापन करता था। वह प्रतिदिन की भांति शनिवार को देर शाम सात बजे खदान स्थित गढ्ढे में हाथ पैर धोने के लिए गया था।

भाजपा मंडल ने मिट्टी लेकर अभियान का शुरुआत की

पालकोट (आजाद सिपाही)। प्रखण्ड अन्तर्गत रविवार को राष्ट्रीय अभियान मेरा माटी मेरा देश के तहत भाजपा पालकोट मंडल के तत्वाधान में बंगरू पंचायत के हनुमान मंदिर से मिट्टी लेकर अभियान का शुरुआत कर पास के मुहल्लों, पालकोट के बूढ़ा महादेव मंदिर और आसपास के घरों से मिट्टी संग्रह का कार्यक्रम किया गया जिसमे मंडल अध्यक्ष गोपाल प्रसाद केशरी युवा मोर्चा मंडल, अमर सोनी प्रदेश ओबीसी महामंत्री शिव एसटी मोर्चा जिला मंत्री राहुल बड़ाइक युवा मोर्चा मंत्री अनीत मंडल मंत्री शिशीर बेयन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

जशपुर रोड प्रशाखा में उपभोक्ताओं के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी, शिकायत रजिस्टर और बिजली मिस्त्री रहेंगे मौजूद

गुमला (आजाद सिपाही)। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता ने जशपुर रोड में एक प्रशाखा आरंभ किया है। जहां एक मिस्त्री रात्रि 09 बजे तक प्रशाखा कार्यालय में ड्यूटी पर रहने का आदेश पारित किया गया है। साथ ही प्रशाखा में एक रजिस्टर भी रहेगा, जिसपर उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है। साथ ही उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एक हेल्पलाइन नम्बर 9546146939 जारी किया जो सोमवार से काम करने लगेगा। यह व्यवस्था चैंबर ऑफ कॉमर्स की पहल पर की गई है। बता दे कि चैंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में विगत दिनों बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात कर जशपुर रोड में एक प्रशाखा की व्यवस्था करने की बात राखी गई थी। जिसमें एक मिस्त्री और एक रजिस्टर रखने कि मांग की थी । चेम्बर अध्यक्ष कसेरा ने पूरे चेम्बर की तरफ से कार्यपालक अभियंता और बिजली विभाग को इस त्वरित कार्यवाही के लिए धन्यवाद दिया है।

संदेश : मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तरह भाजपा ने किया मिट्टी संग्रह

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा : विष्णु दयाल राम

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। भाजपा के मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर मंडल के कंकारि ग्राम में रविवार को मिट्टी संग्रह अभियान चलाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैनपुर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडे एवं संचालन महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने किया। इस दौरान एक सभा की गई, जिसके बाद घर-घर जाकर कलश में चुटकी भर मिट्टी एवं चावल संग्रह किया गया। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के निमित ग्रामीण स्तर पर जा कर गांव-गांव के प्रत्येक घर से चुटकी भर मिट्टी कलश में एकत्रित कर रहे है। यह यात्रा गांव से शुरू हो कर दिल्ली तक जाएगी। यह पावन यात्रा एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव से 140 करोड़ देशवासियों को जोड़ने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि कलश में आई माटी और पौधों के साथ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के समीप अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। आज केंद्र में भाजपा की सरकार सबका साथ सबका विकास के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। सांसद ने कहा कि आज गांव की समस्या का गांव में ही समाधान हो रहा है। लोगों को आवास मिल रहा है। हमारी सरकार में निरंतर सड़कों का जाल बिछ रहा है। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रफुल्ल सिंह, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह ने भी अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान सांसद एवं ग्रामीणों के द्वारा पौधारोपण भी किया। मौके पर जिला मंत्री धीरेंद्र दूबे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, संसद के निजी सचिव अलख दूबे, ईश्वरी पांडे, शिव कुमार मिश्रा, मनीष कुमार, धीरज जायसवाल आदि मौजूद थे।

मिट्टी संग्रह कार्यक्रम में शामिल सांसद विष्णु दयाल राम व अन्य भाजपाई।

केंद्र व राज्य सरकारें लूट रही सेविकाओं का हक, करेंगे आंदोलनः शिववंश मिश्रा

विश्रामपुर आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका संघ की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर मध्य विद्यालय के परिसर में रविवार को आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रूपा देवी और संचालन प्रो फरीद खान ने किया। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। आगामी चार अक्टूबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रस्तावित धरना की सफलता को लेकर रणनीति बनाई गई। इस दौरान पोषाहार के मामले में सेविकाओं को बदनाम करने का मामला भी उठाया गया। सेविकाओं ने कहा कि स्प्लायर और दुकानदार की मिलीभगत से पोषाहार की कालाबाजारी हो रही है, जबकि बदनाम सेविकाओं को किया जा रहा है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित आंगनबाड़ी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के प्रमंडलीय संयोजक शिववंश मिश्रा ने कहा कि सेविकाओं से आंगनबाड़ी केंद्र संचालन के अलावा कई अन्य कार्य भी कराया जा रहा है। लेकिन मानदेय के नाम पर न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दी जा रही है। राज्य से लेकर केंद्र सरकार तक सेविका-सहायिका का दोहन कर रहे है। उन्होंने कहा कि सेविका-सहायिका का हक लूटा जा रहा है। जिसे हासिल करने के लिए आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। किसी भी कीमत पर सेविकाओं को उनका हक दिलवाया जायेगा। बैठक में विमला देवी, इंदुबाला देवी, मीना देवी, मुन्नी देवी, सुजाता देवी, रीना देवी, कामेश्वर केशरी, श्रवण सिंह, हरिवंश मिश्रा, मनदीप राम, सुनैना देवी, नूरजहां बीबी, उर्मिला कुंवर, बबिता देवी, संगीता देवी आदि मौजूद थी।

बैठक में उपस्थित आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाएं।

झामुमो नेता ने किया लेविस होम मार्ट का उद्घाटन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के छतरपुर रोड स्थित अहमद मार्केट में रविवार को शहर के सबसे बड़े इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों के प्रतिष्ठान का उद्घाटन झामुमो नेता सह समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान और गुलशेर अहमद ने किया। जपला लेविस होम मार्ट के प्रोपराइटर इलियास अहमद ने कहा कि हुसैनाबाद में यह पहला प्रतिष्ठान है, जिसमें इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रॉनिक्स के आधुनिक सभी समान उपलब्ध हैं। इस मौके पर हाजी मो अब्बास अंसारी, ग्यासुद्दीन अहमद, निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, शम्मू हुसैन, जाकिर अली उर्फ राज अली, इम्तियाज आलम आदि मौजूद थे।

मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं ने संग्रह किया मिट्टी-चावल

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। क्षेत्र के उरद्वार व नगर मंडल में रविवार को मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत एक मुट्ठी चावल एवं मिट्टी संग्रह किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, वरीय नेता रामप्रवेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, रंजीत पासवान, उरद्वार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। भाजपा नेता बबलू सिंह ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर मुट्ठी भर मिट्टी और अक्षत चावल संग्रह किया जा रहा है। भारत के स्वतंत्रता एकता अखंडता में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नायकों के लिए यह वाटिका आजादी का अमृत महोत्सव का स्मारक होगा। इसके अलावा गांव में मौजूद तालाबों के संरक्षण के लिए उनके किनारे पर देश और कर्तव्य के लिए बलिदान देने वाले वीरो को श्रद्धांजलि देने के लिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होगा, जहां देशभर की पंचायत से लाई गई मिट्टी से अमृत वाटिका बनाई जाएगी। इस मौके पर भाजपा नेता रणविजय सिंह, सुबोध कश्यप व संतोष गुप्ता आदि थे।

सेमिनार आयोजित कर इलेक्ट्रिशियन, पलंबर व राज मिस्त्रियों को दी जानकारी

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। इलेक्ट्रिशियन, पेंटर, पलंबर व राज मिस्त्रियों का एक दिवसीय शिविर विश्रामपुर के ब्लॉक रोड स्थित पल्लवी हार्ड वेयर परिसर में संपन्न हुआ। जिसका उद्घाटन नगर प्रबंधक सुभाष हेम्ब्रम, प्रभात कुमार, जेई मुकेश कुमार व समाजसेवी विजय कुमार रवि ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में इलेक्ट्रिशियन, पेंटर, पलंबर व राज मिस्त्रियों को इलेक्ट्रॉनिक, पेंटिंग, पलंबर और भवन निर्माण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। वहीं, बेहतर कार्य करने वाले 40 मिस्त्रियों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक केशरी ने किया। इस मौके पर आनंद चंद्रवंशी, रमेश कुमार, सुमित कुमार, चुन्नू चंद्रवंशी, चंदेश्वर चंद्रवंशी, दीपक चंद्रवंशी, राकेश चंद्रवंशी, राज कुमार सोनी, अली अंसारी, जहिर अंसारी, अनिल राम, देवेंद्र कुमार, सोनू कुमार, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

सफाईकर्मियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत संचालित अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में रविवार को सफाई कर्मियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसका आयोजन मेदिनीनगर निगम प्रशासन एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सदर की ओर से संयुक्त रूप से किया। समाचार लिखे जाने तक शिविर में कुल 70 लोगों का रजिस्ट्रेशन पूर्ण हो गया था। मेदिनीनगर सदर के सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ अमित कुमार मिश्रा, डॉ कविता कुमारी के साथ अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने शिविर में अपनी सेवा दी। डॉक्टरों ने सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की। बरसात के मौसम में सर्दी, खांसी, बुखार, मलेरिया, डेंगू आदि संक्रामक रोग से बचाव के लिए शिविर का आयोजन किया गया। वहीं, मेदिनीनगर निगम सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम के संबंध में उप नगर आयुक्त परितोष प्रियदर्शी ने कहा कि इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा। कहा कि उनका लक्ष्य मेदिनीनगर निगम के सभी सफाई कर्मियों और कर्मचारियों का इस बारिश के मौसम में स्वास्थ्य स्क्रीनिंग कर लेना है, ताकि ना सिर्फ समय रहते उनकी बीमारियों की पहचान हो सके, बल्कि उनका एक हेल्थ डाटा भी निगम के पास सुरक्षित रखा जा सके। इस मौके पर सिटी मैनेजर उपेंद्र कुमार, डॉक्टर शैल प्रिया, लड्डू कुमार और मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

पलामू के महायज्ञ को देखेगा भारत : गुरु पांडेय

- सनातन की पहली बैठक संपन्न
- भगवत कथा में युवा वर्ग को पहुंचने का किया गया आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के मेदिनीनगर स्थित हाउसिंग कॉलोनी में श्रीमद्भगवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ में प्रसिद्ध प्रवचनकर्ता धर्मरत्न श्री देवकी नंदन ठाकुर जी महाराज का आगमन होगा। इस महायज्ञ की सफलता को लेकर रविवार को सनातनी धर्मावलंबियों की बैठक हुई। जिसमें महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी और संचालन प्रदेश सचिव आशुतोष पांडेय लकी ने किया। बैठक का शुभारंभ धर्मनिष्ठ, सनातनी, धर्मरक्षक अर्जुन पाण्डेय (गुरु पाण्डेय) ने लडडू गोपाल की पूजा करते हुए भागवत कथा की आरती के साथ किया। बैठक में महायज्ञ को सफल बनाने का संकल्प लेते हुए इसे ऐतिहासिक बनाने की बात कही। कहा गया कि पूरे आयोजन में विधि वयवस्था, साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान संतों की सेवा एवं महिलाओं की भागीदारी को लेकर सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में दीनानाथ तिवारी, दीपू सिंघानिया, डॉ अरुण शुक्ला, डॉ राजीव नयन, विजयानंद पाठक, दुर्गा जौहरी, मनोज सिंह, लवली गुप्ता, सोनू सिंह नामधारी, अविनाश देव, अविनाश वर्मा, रोहित तिवारी, मंगल सिंह, टिवंकल गुप्ता, सनातन धर्म सभा की केंद्रीय टीम अजीत तिवारी, राजीव रंजन, विवेका त्रिपाठी, गोल्डी शुक्ला, विवेकानंद त्रिपाठी, प्रवीण मिश्रा,रोहित तिवारी, रजनीकांत मिश्रा, संतोष शुक्ला, आशुतोष पाण्डेय, दीपू सिंघानिया, विभाकर पाण्डेय, मनु प्रसाद तिवारी, कृष्ण कांत चौबे, शैलेश तिवारी, सुनील तिवारी, मीना गुप्ता, दिलीप त्रिपाठी, राजशेखर द्विवेदी, राजमणी त्रिपाठी, बीएम पाण्डेय, नवीन तिवारी, छोटन उपाध्याय, सोनू मिश्रा, अनिल दूबे, रमेश शुक्ला, विकास दूबे, चंदन तिवारी, आशीष भारद्वाज, राकेश पाण्डेय, संजय मिश्रा, शैलेश तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, मनीष तिवारी, विक्रांत त्रिपाठी, दिलीप तिवारी, मुन्ना दूबे, बिक्कू शुक्ला, लल्लू पाण्डेय, बबलू पाण्डेय, संजय पाण्डेय, बृजेश शुक्ला आदि उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स

अमेरिका की 19 साल की कोको गॉफ ने यूएस ओपन के महिला सिंगल्स का खिताब जीतलिया है। उन्होंने फाइनल में बेलारूस की अरीना सबालेंका को 2-6, 6-3, 6-2 से शिकस्त दी। इसके सात लगातार 12वां मैच भी जीत लिया। न्यूयार्क के आर्थर एशे स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त गॉफ ने दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका को आसानी से हरा दिया।

यूएस ओपन : बेलारूस की सबालेंका को दी शिकस्त, लगातार 12वां मैच जीता

19 साल की कोको गॉफ ने जीता यूएस ओपन का खिताब

एजेंसी

न्यूयार्क। अमेरिका की 19 साल की कोको गॉफ ने यूएस ओपन के महिला सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में बेलारूस की अरीना सबालेंका को 2-6, 6-3, 6-2 से शिकस्त दी। उन्होंने लगातार 12वां मैच भी जीता। न्यूयॉर्क के आर्थर एशे स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त गॉफ को दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका को हराने में जरा भी कठिनाई नहीं हुई। गॉफी की वजह से सबालेंका को मेडिकल टाइम आउट तक लेना पड़ा। कठिन चुनौती के बावजूद गॉफ अपना पहला ग्रैंड स्लैम जीतने में कामयाब रहीं। इस जीत के साथ उन्होंने इतिहास भी रच दिया है। 1999 के बाद वह यूएस ओपन जीतने वालीं पहली टीनेजर खिलाड़ी हैं। 1999 में सेरेना विलियम्स ने ऐसा किया था। सबालेंका का इस मैच से पहले तक इस साल मेजर टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 23-2 का था, यानी वह इस साल सभी ग्रैंड स्लैम को मिलाकर 23 मैच जीती थीं और दो में हार का सामना करना पड़ा था। इतना ही नहीं सबालेंका ने इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब भी जीता था। अगले हफ्ते सबालेंका नंबर-दो से नंबर एक बन जाएंगी। वहीं, गॉफ की भी रैंकिंग में सुधार होगा और वह नंबर छह से नंबर तीन स्थान पर पहुंच जाएंगी।

आर्थर एशे स्टेडियम में 28,143 दर्शकों की मौजूदगी में खेले गए मुकाबले की शुरूआत गॉफ के लिए अच्छी नहीं रही। पहला सेट उन्होंने 2-6 से गंवा दिया। तब दर्शक सबालेंका को चीयर करते दिखे। हालांकि, दूसरे सेट से गेम पलट गया। गॉफ ने जैसे ही 6-3 से दूसरा सेट अपने नाम किया, वह होम क्राउड के लिए पसंदीदा बनती गईं। तीसरे सेट में एक वक्त गॉफ 4-0 से आगे चल रही थीं। इसके बाद सबालेंका को फैंस की तरफ इशारा कर उन्हें चीयर करने की अपील भी करते देखा गया। सबालेंका ने मेडिकल टाइम आउट लिया, ताकि वह अपने बाएं पैर को मसाज दे सकें। इस दौरान गॉफ को रिलैक्स करने का भी समय मिला। मैच दोबारा शुरू हुआ और स्कोल 4-2 हो गया। इसके बाद गॉफ ने लगातार दो गेम जीते और 6-2 से तीसरा सेट जीतकर मैच अपने नाम किया।

तीसरा सेट जीतते ही गॉफ खुशी से कोर्ट पर ही लेट गईं। उन्हें यकीन नहीं हुआ। इसके बाद वह भावुक हो गईं और रो पड़ीं। फिर वह स्टैंड्स की तरफ गईं और अपने परिवार को गले लगा लिया। गॉफ की मां, जो खुद रो रहीं थीं, उन्हें गॉफ को यह कहते हुए सुना गया- तुमने कर दिखाया है। ट्रॉफी लेते वक्त गॉफ ने कहा- यह भारी नहीं है। इसके अलावा उन्हें तीन मिलियन यूएस डॉलर का चेक मिला।

अब रिजर्व डे में खेला जायेगा भारत-पाकिस्तान मैच

बारिश के कारण 24.1 ओवर का ही खेल हो पाया, भारत ने बनाये 2 विकेट पर 147 रन

एजेंसी

कोलंबो। एशिया कप के सुपर-4 स्टेज में भारत-पाकिस्तान मुकाबला बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण रविवार को पूरा नहीं हो सका। अब मुकाबला रिजर्व डे यानी सोमवार अपराह्न तीन बजे से खेला जाएगा। मैच दोबारा वहीं से शुरू होगा जहां आज रोका गया। टीम इंडिया खेल रोके जाने तक 24.1 ओवर में दो विकेट खोकर 147 रन बना चुकी थी। यहीं से आगे मैच खेला जाएगा।

चार घंटे तक मैदान सुखाने का होता रहा प्रयास

भारतीय पारी में 24.1 ओवर के बाद बारिश आ गई और तेज बारिश आ गई। करीब डेढ़ घंटे तक चली तेज बारिश के कारण 30 यार्ड सर्कल और आउट फील्ड के दो स्पॉट ज्यादा गीले हो गए। अंपायर्स ने मैदान का कई बार निरीक्षण किया, जबकि ग्राउंड स्टाफ करीब चार घंटे तक उन स्पॉट को सुखने का प्रयास करता रहा। पहले स्टाफ ने डिस्पोजल से मैदान सुखाया, फिर पंखे की हवा से उन स्पॉट को सुखने का प्रयास किया गया। अंपायर्स रात 8.30 बचे चौथी बार निरीक्षण कर रहे थे, तभी बारिश लौट आई और मैच रिजर्व डे पर कराने का फैसला हुआ। वहीं, मैच रुकने से पहले टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए 24.1 ओवर में दो विकेट पर 147 रन बना लिए हैं। विराट कोहली 8 और केएल राहुल 17 रन पर नाबाद हैं। शुभमन गिल 58 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें शाहीन शाह अफरीदी ने शादाब खान के हाथों कैच कराया। इससे पहले, कप्तान रोहित शर्मा (56 रन) को शादाब खान ने फहीम अशरफ के हाथों कैच कराया।

नाराजगी: कहा-30 दिनों के भीतर प्रबंधन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया को आंदोलन को होंगे बाध्य

नगर वासियों की सुरक्षा के लिए प्रबंधन जर्जर आवासों की मरम्मत कराये : बिरंची नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। बोकारो इस्पात प्रबंधन अपनी कुंभकर्णी निंद्रा से जागे और बोकारो वासियों की सुरक्षा के लिए जर्जर आवासों का मरम्मतिकरण जल्द शुरू कराये। उक्त बातें बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कही। वे रविवार को अपने आवासीय कार्यालय पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सुबह सेक्टर 12/ई के आवास संख्या 1017 से 1024 की पानी टंकी और सीढियां ध्वस्त होने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि आवासों की स्थिति जर्जर हो चुकी है। इसके संबंध में

बोकारो स्थित आवासीय कार्यालय में पत्रकारों से बातों करते विधायकबिरंची नारायण।

वे वर्ष 2020 से लेकर अबतक अनेकों बार प्रबंधन के साथ हुई वार्ता में इन समस्याओं को रख चुके हैं पर प्रबंधन पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। विधायक ने कहा कि बोकारो इस्पात इस्पात संयंत्र का काम मात्र लोहा और इस्पात बनान नहीं है। उसे यहां की नागरिक सुख-सुविधाओं का भी ध्यान रखना होगा। प्रबंधन तुरंत जर्जर ब्लॉकों को चिन्हित कर युद्धस्तर पर इनका मरम्मत शुरू करे। यदि जरूरत पड़े तो आवासधारियों को किसी दूसरे सुरक्षित आवास में शिफ्ट भी कराए। उन्होंने कहा कि लगभग 37 हजार आवास हैं जिसमें प्लांट कर्मियों के पास 11 हजार, लीज पर लगभग 4000, लाइसेंस पर लगभग 4000 आवास नॉन बी एसएल को 10 हजार लाइसेंस पर और लगभग 5000 आवास ऐसे हैं जो या तो खाली पड़े हैं या अवैध कब्जे में है। अपराधिक तत्वों और कुछ बीएसएल कर्मियों और अफसर की मिलीभगत से यह पूरा गोरख धंधा फल फूल रहा है। प्रबंधन तत्काल इस पर रोक लगाएं। बीएसएल प्रबंधन बार-बार यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेता है कि लाइसेंस और लीज धारकों के आवास का बाह्य अनुरक्षण उसकी प्राथमिकता में नहीं है। पर प्रबंधन द्वारा उनसे मेंटेनेंस का शुल्क लिया जाता है। लीज व लाइसेंस धारक बोकारो इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत हुए हैं उनके प्रति प्रबंधन का यह रवैया अमानवीय है। प्रबंधन की ओर से केवल सेक्टर 12 के आवासों के बाह्य अनुरक्षण के लिए लगभग 40 करोड़ का बजट आवंटित कर कहा गया कि विशेष रूप से यहां मरम्मत का काम किया जाएगा। पर अबतक कुछ भी नहीं हुआ। जिस कारण प्रतिदिन छोटी-बड़ी दुर्घटना हो रही है। विधायक ने कहा कि वे हाथ पर हाथ धरे बैठें नहीं रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि 30 दिनों के भीतर प्रबंधन कोई ठोस कदम नहीं उठाती तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। विधायक ने इस संबंध में बोकारो डीसी को भी पत्र लिखकर जानकारी देते हुए इस विषय पर विशेष संज्ञान लेते हुए बोकारो इस्पात प्रबंधन को समूचित कार्रवाई का निर्देश देने का आग्रह किया है। वो सोमवार को इस मुद्दे पर डीसी से भी मिलेंगे। इस मौके पर संजय त्यागी, केके बोराल, विकाश कुमार, महेंद्र राय आदि मौजूद थे।

बेबी देवी की जीत के जश्न में हवाई फायरिंग करते दिखे झामुमो कार्यकर्ता, वीडियो वायरल

आजाद सिपाही संवाददाता

फुसरो/बेरमो। डुमरी विधानसभा उपचुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन की उम्मीदवार बेबी देवी की जीत की खुशी में झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा हवाई फायरिंग किए जाने का एक वीडिया इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में झामुमो कार्यकर्ता मदन महतो और अन्य कार्यकर्ता नजर आ रहे है। जो बेबी देवी की जीत की खुशी में हवाई फायरिंग करते नजर आ रहे है। हालाकि इस संदर्भ में मदन महतो से बात करने पर उन्होंने बताया कि जिस बंदूक से फायरिंग की गई थी वह फायर गन था। कहा कि वीडियो में जो धुआं नजर आ रहा है वो पटाखे का है। विपक्ष चुनाव में हारने के बाद बौखला कर

वीडियो वायरल कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम न्यायपालिका और कानून का सम्मान करते है। पुलिस की जांच में हर प्रकार का मेरा सहयोग रहेगा। इसमें झामुमो नेता मदन महतो व रिंकू खान आदि है।

सभी को करना चाहिए रक्तदान : थाना प्रभारी

कतरास (आजाद सिपाही)। दधीचि रक्त अधिकोष के संस्थापक एवं बाघमारा के प्रसिद्ध दंत चिकित्सक दिवंगत डॉ सौरव की याद में पुलिस जन सहयोग समिति बरोरा की ओर से रविवार को थाना परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बरोरा थाना प्रभारी नंदू पाल और मुखिया विनोद कुमार ने रक्तदान किया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। वहां उपस्थित कई लोगों ने रक्तदान करवाया। वहीं, मुखिया विनोद कुमार ने भी क्षेत्र के दर्जनों लोगों से अपील कर रक्तदान करवाया। कहा कि उनकी ओर से दिए गए रक्त किसी का जीवन बचाने के काम आ सकता है। इसलिए इस नेक कार्य को सभी लोगों को करना अनिवार्य है। इस मौके पर थाना प्रभारी नंदू पाल, पुजसस के सचिव मिथिलेश कुमार, जेके झा, गौतम मंडल, डॉ मुकेश कुमार राय, बिनोद महतो, देवानंद साव, विनय पांडेय, विट्ठल सिंह, संजय मुखिया, संजय चौहान, राजेश मिश्रा, निर्मल यादव, मंगल हेम्ब्रम, गोल्डी सिंह, शशि यादव, सुभाष वर्णवाल, देवानंद राजभर, संतोष चौहान, अविनाश सागर आदि मौजूद थे।

झरिया में विकास कार्यों में बरती जा रही घोर लापरवाही : रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार। झरिया विधानसभा क्षेत्र में किस तरह का विकास हो रहा है यह किसी से छिपा नहीं है। पाइपलाइन बिछाने से लेकर सड़क निर्माण कार्य में घोर लापरवाही बरती जा रही है। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कही। वे रविवार को धर्मशाला रोड में पत्रकारों से बातें कर रही थीं। उन्होंने बताया कि नगर निगम की देखरेख में जेएमसीए कंपनी द्वारा पाइप लाइन बिछाने के दौरान पूरी सड़क को गड्ढो में तब्दील कर दिया गया है। पाइपलाइन बिछाने के बाद भी कर्मचारियों ने गड्ढो की सही तरह से भराई नहीं की जिसका नतीजा प्रतिदिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। स्कूटी व इस तरह की छोटे पहिया वाले वाहन गड्ढों में फंस कर पलट जा रही हैं। स्थानीय लोगों ने अपनी परेशानियों की जानकारी उन्हें (रागिनी सिंह) को दी, तो वे टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित कार्यस्थल पहुंची एवं कार्यस्थल का निरीक्षण किया। स्थानीय महिलाओं ने रागिनी सिंह को बताया कि पिछले दो हफ्तों से रोड की खुदाई कर छोड़ दी गई है पहले से जो पानी मिल रहा था वह भी क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण नहीं मिल पा रहा है। वहीं, जगह-जगह सड़क खुदाई कर देने से लोगों के आने-जाने में भी परेशानी हो रही है। यहां तक की आपातकाल की स्थिति में एम्बुलेंस ले जाने तक की भी जगह नहीं है। वहीं, रागिनी सिंह ने निरीक्षण के बाद धनबाद के डीसी वरुण रंजन से फोन पर बात कर मामले की जानकारी दी और उनसे जल्द से जल्द इस विषय में कार्यवाही करने की मांग की। जिस पर डीसी ने रागिनी सिंह को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह जल्द से जल्द इस मामले में कार्यवाही कर कार्य पूरा कराने का प्रयास करेंगे। उधर, रागिनी सिंह ने पत्रकारों से बातें करते हुए कहा कि जेएमसीए कंपनी नियम के विरुद्ध कार्य कर रही है। तय मानक पर काम नहीं हो रहा है। लोगों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। मामला डीसी के संज्ञान में दिया गया हैं। उन्होंने जल्द कार्यवाही कर मामले के निष्पादन की बात कही है।

केंद्र की जन विरोधी नीतियों के प्रतिवाद में आंदोलन तेज करने की जरूरत : विधायक

गांधी सेवा सदगन में हुई भाकपा-माले कार्यकर्ताओं की बैठक, सैकड़ों लोगों ने थामा भाकपा-माले का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता

चिरकुंडा। भाकपा-माले के कार्यकर्ता समागम का आयोजन रविवार को धनबाद स्थित गांधी सेवा सदन में हुई। जिसमें वामपंथी विचारधारा वाले सैंकड़ों लोगों ने माले का दामन थामा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाकपा-माले के विधायक कॉमरेड विनोद सिंह, केन्द्रीय कमेटी के सदस्य कॉमरेड जनार्दन प्रसाद, आरवाईए के झारखंड अध्यक्ष कॉमरेड संदीप जयसवाल के अलावा वरिष्ठ नेता उपेन्द्र सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। जबकि अध्यक्ष मंडल में कृष्णा सिंह, नागेंद्र कुमार, नकुलदेव सिंह, दिलीप राम और जवाहर

हेम्ब्रम थे। नागेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों व पार्टी में शामिल होने वाले सैंकड़ों नौजवानो का स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक विनोद सिंह ने कहा कि आज की बदली हुई राजनीतिक परिस्थिति में पार्टी के साथ शामिल होने वाले सभी साथियों का हम स्वागत करते हैं। केंद्र में किसान-मजदूर विरोधी, छात्र-नौजवान व रोजगार विरोधी भाजपा की सरकार है। इसके खिलाफ में देश में आइएनडीआइए गठबंधन बनी है, जिसमें वामपंथी दलो, खासकर भाकपा-माले की भूमिका अहम रही है। ऐसे समय में वाम आंदोलन तेज करने की जरूरत है। जिसमें नवजवानों की भूगतान अहम होगी। जो साथी आज वामपंथ को मजबूत करने के लिए माले से जुडे है उनसे काफी उम्मीदें है।

उधर, माले में शामिल हुए युवाओं को विधायक कॉमरेड विनोद सिंह व केंद्रीय कमेटी सदस्य कॉमरेड जनार्दन प्रसाद ने पार्टी का झंडा थमाकर व फुल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही पार्टी की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आरवाईए के राज्य अध्यक्ष संदीप जयसवाल आदि ने अपनी बात रखी। वहीं, भाकपा-माले में शामिल होने वालों में सोमनाथ चक्रवर्ती, धीरज शर्मा, संदीप कौशल, अभिषेक अलख, सोनू शर्मा, अभिजीत चंद्रा, अफरोज अंसारी, आंनद ठाकुर, पंकज ठाकुर, काजल मंडल, बादशाह चटर्जी, टीटू राय, बादशाह धीबर, संतोष सिंह, आरिफ अंसारी, उमेश प्रमाणिक, अर्जुन कुमार बाल्मीकि, लाला शंभु सिंह, रूपेश कुमार चौधरी, मोनू कुमार, दिनेश कुमार, शक्ति सिंह, विशाल कुमार, गुलशन कुमार, सूजल कुमार, करण कुमार, प्रिंस कुमार आदि शामिल हुए।

जाम में चार घंटे फंसे रहे लोग

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। करकेंद-कतरास मुख्य मार्ग के पंजाबी मोड़ के पास रविवार का दिन होने के बावजूद करीब चार घंटे तक आम लोग जाम में फंसे रहने को मजबूर हुए। पुलिस

को इसकी सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे और जाम को समाप्त करवाया। यह सड़क जाम की हालात यहां प्रतिदिन बन रही है। करीब 10 दिन से इस मार्ग पर गुजरने वाले राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। यह जाम की स्तिथि बांसजोड़ा में वजन कांटा में लगने वाले ट्रकों की लंबी कतारों के कारण हो रही है। रविवार होने के कारण कांटा घर बंद था। वजन कराने व कोयला लोड करने वाले हाइवा डीबी सड़क पर गाड़िया खड़ी कर रही है। आधी से ज्यादा सड़क पर हाइवा चालकों का अवैध कब्जा हो जा रहा है। जिस कारण वहां से गुजरने वाली वाहनों के लिए जगह नहीं बच रही है। थाना प्रभारी राजन राम ने कहा कि रात में भी काफी जाम रह जाता है। रात में पुलिस देर तक सड़क को क्लियर कराने में खपा दिया कर रहा है। जाम हटाने को पुलिस बल भेजा गया।

बाल विवाह रोकने को लेकर पोंडा में कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

कसमार। बाल विवाह को रोकने को लेकर गर्ल्स नॉट ब्राइड्स संस्था, सहयोगिनी संस्था एवं आशा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कसमार प्रखंड के सोनपुरा पंचायत भवन में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सहयोगिनी संस्था की सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध एवं सामाजिक अभिशाप है। जिसे हर हाल में मिटाना है। ऐसे सामाजिक अपराध को रोकना हम सभी सामाजिक हितधारकों की

जिम्मेवारी है। कम उम्र में शादी हो जाने से लड़कियों का जीवन दुभर हो जाता है। समय पूर्व गर्भधारण के कारण जच्चा-बच्चा दोनों के जीवन को खतरा होने की संभावनाएं ज्यादा बढ़ जाती है। सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं को मिलकर चोरी छिपे हो रहे बाल विवाह को रोकना होगा। इस दौरान सहयोगिनी संस्था की कोषाध्यक्ष सूर्यमुनि देवी ने बताया कि जो भी बाल विवाह में शामिल होते हैं, सभी को दो साल की जेल एवं एक लाख रुपये जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह को रोकना हम सभी का सामाजिक दायित्व एवं कर्तव्य है। बाल विवाह से लड़कियों को जीवन में कई तरह की परेशानी झेलनी पड़ सकती है। बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत चाइल्ड हेल्प लाइन में फोन करें। इससे बाल विवाह को तुरंत रोका जा सकता है। इस दौरान उपस्थित लोगों को बाल विवाह रोकने को लेकर शपथ ग्रहण भी करवाई गई। इस मौके पर बलदेव रजवार, रवि कुमार राय, अनीता देवी, मंजू देवी, लक्ष्मी देवी व जोगमाया देवी आदि मौजूद थे।

रेलवे पटरी के पास से युवक का शव बरामद

धनसार (आजा सिपाही)। धनबाद-हावड़ा रेल लाइन के भुदा स्थित पटरी पर रविवार की सुबह 38 वर्षीय एक युवक का शव बरामद हुआ। इसकी सूचना पाकर धनसार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। शव के पास मौजूद मोबाइल फोन की मदद से उसकी पहचान अजय कुमार साह के रूप में की गई। उधर, अजय की मौत की सूचना पाकर उसके स्वजन धनसार थाना पहुंचे और पोस्टमार्टम के दौरान शव की पहचान की। अजय जमुई जिले के चकाई लहानबान रोड का रहने वाला था। स्वजनों ने बताया कि वह अपने काम से कोलकाता से कोटा जा रहा था। बतातें चलें कि इस दिन सुबह कुछ लोग रेल पटरी पार कर रहे थे। तभी उनकी नजर हावड़ा-धनबाद मेन लाइन भुदा पोल संख्या 217 के समीप पड़े शव पर पड़ी। शरीर में गंभीर चोट के निशान व हाथ व पैर टूटा हुए थे। तभी किसी ने 100 नंबर पर डायल कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद धनसार पुलिस वहां पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। उसके पास से बरामद फोन से एक नंबर पर फोन किया गया तो झरिया स्थित उसके एक रिश्तेदार ने उठाया। इसके बाद उसके स्वजनों को खबर दी गई।

राज्य स्कूल शतरंज प्रतियोगिता में कौस्तुव दास बना चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) की ओर से आयोजित दो दिवसीय ऑल ओडिशा स्कूल शतरंज चैंपियनशिप का शनिवार को उद्घाटन हुआ। इस प्रतियोगिता में कौस्तव दास चैंपियन बने। भुवनेश्वर के केदारगौरी सेंट जेवियर्स हाई स्कूल के छात्र कौस्तव ने 9 में से 8.5 अंक हासिल किया, जिसके बाद उसे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। कौस्थव ने 9 मैच खेले, जिसमें से 8 जीते और एक मैच ड्रा रहा। उन्हें 10,000 रुपये के साथ एक ट्रॉफी पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी तरह, मदर्स पब्लिक स्कूल, भुवनेश्वर के तनमय तलिन बेहेरा ने 8 अंक हासिल कर दूसरा स्थान हासिल किया। ऑल ओडिशा शतरंज एसोसिएशन (एओसीए) द्वारा आयोजित और सोआ के सहयोग से अनुष्ठित विजेता खिलाड़ियों को एक लाख रुपये पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट में राज्य से 5 से 15 साल तक के 230 बच्चों ने हिस्सा लिया था। इस कार्यक्रम में ओडिशा सरकार के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, रेलवे और तटरक्षक दयाल गंगवार मुख्य अतिथि, जबकि सोआ के पूर्व कुलपति, प्रो डॉ अशोक कुमार महापात्र और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी मधुसूदन पाढ़ी पूर्व प्रशासनिक अधिकारी भी थे।

सलाह : डीएवी पब्लिक स्कूल में आत्महत्या रोकथाम दिवस का आयोजन

बचपन बचाने के लिए बच्चों की हर बदलती हरकत पर शिक्षक रखें नजर : बीएमएल दास

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। सेक्टर 6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में रविवार को आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया गया। जिसका उद्घाटन प्राचार्य बीएमएल दास ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चे जब किशोरावस्था से युवावस्था में प्रवेश करते हैं, तो कई तरह की मानसिक उथल-पुथल होती है। इस मानसिक स्थिति को नहीं समझ पाने के कारण कई तरह की परेशानियां खड़ी होती है, जो तनाव में बदलने के साथ ही गहरे अवसाद की ओर ले जाता है। ऐसी स्थिति में बदलते मन की उलझन के कारण युवा

आत्महत्या रोकथाम दिवस कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य व शिक्षक-शिक्षिकाएं।

आत्महत्या जैसा कदम उठाने को विवश हो जाते है। शिक्षकों को बच्चों की रोजाना की हरकतों पर नजर रखनी चाहिए। उसमें किसी तरह का बदलाव आने पर कारण जानने का प्रयास भी करना चाहिए। जब लगे कि मामला गंभीर हो रहा है, तो शिक्षक को तुरंत बच्चों की काउंसलिंग शुरू करनी चाहिए। इससे न केवल हम बचपन को बचा सकते है, बल्कि आत्महत्या की ओर बढ़ रहे कदम को भी रोक सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि न केवल स्कूल, बल्कि अपने आसपास रहने वाले सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख हिस्सा बने। यह हमारी सामाजिक के साथ-साथ नैतिक जिम्मेवारी भी है। इस मौके पर नागेंद्र प्रसाद, बाल शेखर झा, गौतम कुमार सिंह, प्रशांत कुमार, ज्योति बाला, जाह्नवी बनर्जी, सुनीता कुमारी, सोनिया, कुमार समरेश, आभा कुमारी, रूबी कुमारी, नेहा कुमारी, मनोज मिश्रा, श्याम भूषण श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

नेताजी बस टर्मिनल के निर्माण से पहले ही विवाद

भूवनेश्वर (आजाद सिपाही)। नेताजी बस टर्मिनल के उद्घाटन से पहले ही विवाद शुरू हो गया है। स्थानीय लोगों ने कटक नगर निगम आयोग पर बिना विज्ञापन के नियुक्ति करने का आरोप लगाया है। यहां तक कि जिस संस्था को भर्ती की जिम्मेदारी दी गई है वह राज्य से बाहर की संस्था है। इसलिए, स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि स्थानीय लोगों के रोजगार में महत्व नहीं मिल रहा है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों ने एकजुट होकर रविवार को बादामबाड़ी-खाननगर रोड पर रास्ता रोक कर आंदोलन शुरू कर दिया। प्रस्तावित बस टर्मिनल का ट्रायल 13 सितंबर तारीख को होगा, लेकिन इसका उद्घाटन 16 सितंबर को किया जाना है।

राष्ट्राध्यक्षों ने महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

राजघाट पर पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन का स्वागत किया।

राजघाट पर पीएम मोदी ने जी-20 के मेहमानों के साथ महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।



राजघाट पर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी का स्वागत करते हुए पीएम मोदी।

मोदी ने राजघाट पहुंची बांग्लादेश की प्रधानमंत्री को शेख हसीना का स्वागत किया।

पीएम मोदी ने राजघाट पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का स्वागत किया।

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। जी-20 देशों के राष्ट्राध्यक्ष रविवार सुबह महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने राजघाट पहुंचे। इस दौरान उनके साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। मोदी ने सभी को खादी से बने शॉल पहनाकर सम्मानित भी किया। पीएम मोदी के साथ अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, यूके के पीएम ऋषि सुनक, ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीस, कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और अन्य राष्ट्राध्यक्षों और सरकार और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों ने एक मिनट का मौन रखा और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी के साथ ली सेल्फी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कई देशों के नेता भारत आये हुए हैं। ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज ने शनिवार को पीएम मोदी द्वारा आयोजित जी-20 समिट को सफल करार दिया। उन्होंने कहा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापक अच्छी द्विपक्षीय चर्चा हुई। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने इन सब बातों का जिक्र किया। ऑस्ट्रेलियाई पीएम

एंथनी अल्बनीज ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी भी ली। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते को संपन्न करने के बारे में पीएम मोदी के साथ चर्चा करने की जानकारी दी। एंथनी अल्बनीज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक पोस्ट में लिखा कि आज नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित एक सफल जी-20 बैठक के बाद ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीइसीए) के संपन्न होने के बारे में एक अच्छी द्विपक्षीय चर्चा हुई।

जी-20 में 300 बैठकें, 15 मसौदे, यूक्रेन पर सहमति, विशेष टीम ने कर दिखाया कमाल

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। भारत में जी-20 सम्मेलन का आयोजन बेहद सफल रहा। इससे जुड़ी विभिन्न चीजों की वर्ल्ड लेवल पर तारीफ हो रही है। इसके साथ ही साथ रणनीतिक लिहाज से भी इस जी-20 सम्मेलन को काफी अहम माना गया है। खासतौर पर यूक्रेन पर आम सहमति बनाने के लिए काफी कोशिशें की गयीं।

जी-20 के शेरपा अमिताभ कांत ने दिल्ली घोषणा जारी होने के बाद बताया कि जी-20 बैठक में कई मुद्दों पर दुनिया के देशों में असहमति थी। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में सबको एकराय करने में कामयाबी हासिल हुई। इस सिलसिले में अमिताभ कांत ने अपने अधिकारियों की टीम का भी जिक्र किया, जिन्होंने इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

अभय ठाकुर:

विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर तैनात अभय ठाकुर 1992 बैच के आइएफएस अधिकारी हैं। कई देशों नाइजीरिया, बेनिन, केमरून, चाड आदि में राजदूत रह चुके हैं। वे जी-20 के साउस शेरपा भी हैं जो अमिताभ कांत के बाद वरिष्ठता में दूसरे नंबर पर कामकाज देखते हैं।

नागराज नायडू काकानूर :

इस टीम के सदस्यों में से एक हैं नागराज नायडू काकानूर। वह विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं और आजकल जी-20 का काम देख रहे हैं।

नागराज विदेश सेवा के 1998 बैच के अधिकारी हैं और अपने लंबे करियर के दौरान वह संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के स्थायी उप प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। वे आर्थिक कूटनीति के विशेषज्ञ माने जाते हैं तथा मंत्रालय की इससे संबंधित विभाग का नेतृत्व कर चुके हैं। नागराज की एक खासियत यह भी है कि वह चीनी भाषा में पारंगत हैं तथा 2000-2015 के बीच चार बार विभिन्न भूमिका में चीन में भारतीय मिशन में सेवाएं दे चुके हैं।

आशीष सिन्हा:

डिप्लोमैट्स की टीम में आशीष सिन्हा भी अहम सदस्य हैं। सिन्हा विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में तैनात हैं। वह 2005 बैच के विदेश सेवा के अधिकारी हैं। इससे पूर्व सिन्हा राजनयिक के रूप में अमेरिका में भारतीय मिशन में कार्य कर चुके हैं। अभी जी-20 से जुड़े हैं। सिन्हा की खासियत की बात करें तो जलवायु से जुड़े मामलों में उनकी समझ काफी अच्छी है।

इनाम गंभीर:

इनाम गंभीर विदेश मंत्रालय में बतौर संयुक्त सचिव जी-20 का कामकाज देख रही हैं। इससे पहले वह संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भी शांति एवं सुरक्षा सलाहकार के रूप में कार्य कर चुकी हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा में जिनेवा विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री हासिल की है। वह दिल्ली के हिंदू कॉलेज से भी साइंस में एमए भी हैं। वे लातिन अमेरिकी देशों मैक्सिको, अर्जेंटीना में भी भारतीय दूतावासों में सेवाएं दे चुकी हैं। वह स्पेनिस भाषा में एक्सपर्ट हैं।

अमिताभ कांत ने बतायी पूरी कहानी

जी-20 लीडर्स डिक्लेरेशन में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का उल्लेख करने से बचा गया और इसके बजाय सभी देशों से एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता एवं संप्रभुत्ता के सिद्धांतों का सम्मान करने का आह्वान किया गया। अमिताभ कांत ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इसके बारे में लिखा है। उन्होंने बताया कि पूरे जी-20 शिखर सम्मेलन का सबसे जटिल हिस्सा रूस-यूक्रेन पर आम सहमति बनाना था। यह 200 घंटे से अधिक समय तक लगातार बातचीत, 300 द्विपक्षीय बैठकों, 15 ड्राफ्ट्स के साथ किया गया। कांत ने कहा कि इस प्रयास में नायडू और गंभीर ने उनका काफी सहयोग किया। भारत इस विवादित मुद्दे पर जी20 देशों के बीच अभूतपूर्व आम सहमति बनाने में कामयाब रहा और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं जैसे कि ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया ने इसमें अग्रणी भूमिका निभायी।

VERMA PRESS वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi – B	₹ 140	Hindi – B	₹ 80
Hindi Vyakaran– II	₹ 120	Hindi Vyakaran– II	₹ 120
English Grammar– II	₹ 120	English Grammar– II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**